नई दिल्ली
गुरुवार, 16 मई 2024
वैशाख मास शुक्ल पक्ष, अष्टमी वर्ष : 28, अंक : 35
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 46
न्यून. 31

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

सीएम डॉ.यादव ने रेवाड़ी के बेरली की जनसभा में कहा



## अंग्रेज गए, कांग्रेस को छोड़ गए ये उसी के उल्टे रास्ते पर चलते हैं

भगवान राम भारत की भूमि पर अवतरित हुए, 5 हजार साल पहले भगवान श्री कृष्ण हुए, किंतु कांग्रेस इसे नहीं मानती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रेवाड़ी के बेरली स्थित कोसली की जनसभा में कहा कि अंग्रेज चले गए, लेकिन कांग्रेस को छोड़ गए। ये भी आज उसी उल्टे रास्ते पर चलते हैं। कांग्रेस ने सोमनाथ के मंदिर का विरोध किया इतिहास गवाह है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान राम भारत की भूमि पर अवतरित हुए, 5 हजार साल पहले भगवान श्री कृष्ण हुए। किंतु कांग्रेस इसे नहीं मानती। उन्होंने कहा कि एक ने मर्यादा के साथ जीवन जीना सिखाया, दूसरे ने मर्यादा को तोड़ने वालों को लाइन पर लाने का काम किया। कांग्रेस का अब यही ▶▶ शेष पेज 5 पर

### हरियाणा अर्थात 'हरि' का निवास

*डॉ. यादव ने कहा कि जिस जमीन पर खड़े होकर बात कर रहा हूं, उसका नाम बाकी राज्यों की तुलना में अलग हटकर है। हरियाणा अर्थात हरि का निवास। आप सभी सौभाग्यशाली हैं कि भगवान श्री कृष्ण की धरती पर अपने-अपने ढंग से जीवन-यापन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब मैं इसका इतिहास देख रहा था तो मुझे पता लगा कि देश के अंदर ऐसी कम जगह हैं। यहां के हर घर से कोई न कोई रणबांकुरा अपनी सीमा पर ड्यूटी कर रहा है। यहां के रणबांकुरे देश की देश की सीमा पर खड़े होकर अपनी छाती से दुश्मन की गोलियों का मुकाबला करने के लिए प्रतियोगिता करते हैं। यह खासियत हरियाणा की है। उन्होंने कहा कि सारे युद्धों में यहां के वीरबांकुरों ने लोगों के दांत खट्टे कर दिए। 1962 के युद्ध से लेकर पाकिस्तान को मारने तक, ऐसा कौन सा पदक है, जो यहां के बहादुरों की छाती पर शोभायमान नहीं हुए।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## रामचरित मानस बनी विश्व धरोहर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राम चरित मानस, पंचतंत्र और सहृदयलोक-लोकन को 'यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड एशिया-पैसिफिक रीजनल रजिस्टर' में शामिल किया गया है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र ने मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड कमेटी फॉर एशिया एंड द पैसिफिक की 10वीं बैठक के दौरान एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उलानबटार में हुई इस सभा में सदस्य देशों के 38 प्रतिनिधि, 40 पर्यवेक्षकों और नामांकित व्यक्तियों के साथ एकत्र हुए। तीन भारतीय नामांकनों की वकालत करते हुए, आईजीएनसीए ने यूनेस्को की मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड एशिया-पैसिफिक रीजनल रजिस्टर में उनका स्थान सुनिश्चित किया। यह समावेशन भारत के लिए एक गौरव का ▶▶ शेष पेज 5

### इन्हें मिली मान्यता

*'रामचरितमानस', 'पंचतंत्र' और 'सहृदयालोक-लोकन' ऐसी कालजयी रचनाएं हैं, जिन्होंने भारतीय साहित्य और संस्कृति को गहराई से प्रभावित किया है। देश के नैतिक ताने-बाने और कलात्मक अभिव्यक्तियों को आकार दिया है। इन साहित्यिक कृतियों ने समय और स्थान से परे जाकर भारत के भीतर और बाहर दोनों जगह पाठकों और कलाकारों पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उल्लेखनीय है कि 'सहृदयालोक-लोकन', 'पंचतंत्र' और 'रामचरितमानस' की रचना क्रमशः पं. आचार्य आनंदवर्धन, विष्णु शर्मा और गोस्वामी तुलसीदास ने की थी।*

## सीएए के तहत पहली बार मिली नागरिकता, फर्स्ट सेट में 14 लोगों को मिला सर्टिफिकेट

सीएए के तहत नागरिकता मिलने के बाद पाक में सताए गए हिंदुस्तानियों की पहली प्रतिक्रिया

# पाकिस्तान में बुर्का पहनकर निकलना पड़ता था...यह हमारा 'दोबारा' जन्म

नागरिकता संशोधन कानून 11 दिसंबर 2019 में संसद से पास हुआ था। इस कानून के पास होने के बाद देशभर में सीएए के खिलाफ व्यापक आंदोलन और विरोध प्रदर्शन हुए थे।

*नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के लागू होने के बाद पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों के लोगों से आवेदन प्राप्त हुए हैं।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नागरिकता संशोधन कानून के तहत बुधवार को फर्स्ट सेट में 14 लोगों का भारत की नागरिकता दी गई। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से इस बारे में जानकारी दी गई। भारत में अब तक शरणार्थी के तौर पर रहने वाले इन लोगों को भारत की नागरिकता के सर्टिफिकेट जारी किए गए।

भारत की नागरिकता का सर्टिफिकेट मिलने के बाद एक पूर्व शरणार्थी ने अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि हमें बहुत अच्छा लग रहा है। हम 2014 में आए थे, जब सीएए पास हुआ था तो खुशी हुई थी और अब ज्यादा खुशी हो रही है। शरणार्थी का तमगा हटने के बाद एक महिला ने कहा कि पाकिस्तान में ज्यादा दिक्कत थी। पाकिस्तान में हमें बुर्का पहनकर निकलना पड़ता था। भारत में अपनी मर्जी से बाहर निकल सकते हैं। उन्होंने सीएए के तहत भारत की नागरिकता पाने ▶▶ शेष पेज 5 पर

भाजपा ने इस बार के अपने घोषणा पत्र में सीएए का वादा किया था। करीब दो महीने पहले कानून लागू होने के बाद शरणार्थियों को नागरिकता देने का सिलसिला शुरू कर भाजपा ने बीच चुनाव में ही अपना वादा पूरा कर दिया है।



### गृह सचिव भल्ला ने नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपे

नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 की अधिसूचना जारी होने के बाद पहली बार नागरिकता प्रमाणपत्रों का वितरण किया गया। केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने नई दिल्ली में कुछ आवेदकों को नागरिकता प्रमाणपत्र सौंपे। इस मौके पर गृह सचिव ने आवेदकों को बधाई देते हुए नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला।

#### धार्मिक उत्पीड़न के कारण जो 31 दिसंबर 2014 तक भारत आए थे



भारत सरकार ने 11 मार्च, 2024 को नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 को अधिसूचित किया था। इन नियमों में आवेदन करने के तरीके, जिलास्तरीय समिति (डीएलसी) की ओर से आवेदन को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया और राज्यस्तरीय अधिकार प्राप्त समिति (ईसी) की तरफ से आवेदनों की जांच और नागरिकता प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। इन नियमों के लागू होने के बाद, पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों से संबंधित व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो धार्मिक उत्पीड़न या इसके डर के कारण 31 दिसंबर 2014 तक भारत आ गए थे।

### क्या है भारतीय नागरिकता पाने की प्रक्रिया?

प्राधिकृत अधिकारियों के रूप में वरिष्ठ डाक अधीक्षकों/डाक अधीक्षकों की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय समितियों (डीएलसी) ने दस्तावेजों के सफल सत्यापन के बाद आवेदकों को निष्ठा की शपथ दिलाई है। नियमानुसार आवेदनों की प्रोसेसिंग के बाद, डीएलसी ने आवेदनों को निदेशक (जनगणना संचालन) की अध्यक्षता वाली राज्यस्तरीय अधिकार प्राप्त समिति (ईसी) को भेज दिया है। आवेदनों की प्रोसेसिंग पूर्णतः ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जाती है। निदेशक (जनगणना संचालन), दिल्ली की अध्यक्षता में दिल्ली की अधिकार प्राप्त समिति ने उचित जांच के बाद 14 आवेदकों को नागरिकता देने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में, निदेशक (जनगणना संचालन) ने इन आवेदकों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस मौके पर सचिव, डाक, निदेशक (आसूचना) और भारत के रजिस्ट्रार जनरल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

## स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री फिको पर फायरिंग, गंभीर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्लोवाकिया के पीएम रॉबर्ट फिको पर जानलेवा हमला हुआ है। यह




हमला उस वक्त हुआ, जब वो कैबिनेट मीटिंग के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। हमलावर ने प्रधानमंत्री को मारने के लिए कई राउंड फायरिंग की। पीएम रॉबर्ट फिको को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि स्लोवाकिया के पीएम को गोली ठीक उसी तरह से मारी गई, जिस तरह से जापान के पूर्व पीएम शिंजो आबे को मारी गई थी। हमलावर एक था या उससे ज्यादा यह भी अभी साफ नहीं हो सका है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने एक शख्स को हिरासत में लिया है। यह फायरिंग करने वाला है या और कोई शख्स इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है।

## एफडी की ब्याज दरों में इजाफा, नई दरें लागू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय स्टेट बैंक ने विभिन्न अवधियों वाली 2 करोड़ रुपए तक की एफडी पर अपनी ब्याज दरों में इजाफा किया है। नई एफडी रेट्स 15 मई से लागू हो गई हैं। एसबीआई ने 46 दिन से 179 दिन, 180 दिन से 210 दिन और 211 दिन से 1 साल से कम अवधि वाली एफडी पर ब्याज दर में 0.25 से 0.75 फीसदी तक का इजाफा किया है। एसबीआई ने आखिरी बार 27 दिसंबर, 2023 को एफडी पर ब्याज दरें बढ़ाई थीं। एसबीआई अलग-अलग अवधियों की एफडी ऑफर करता है। बैंक 7 दिन से 45 दिन की एफडी पर 3.50 फीसदी ब्याज दे रहा है। 46 दिन से 179 दिन की एफडी ▶▶ शेष पेज 5 पर




## चार धाम यात्रा के रजिस्ट्रेशन दो दिन बंद



**देहरादून।** उत्तराखंड में इस समय चल रही चारधाम यात्रा को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। यात्रियों की भारी भीड़ की वजह से 15 मई को कोई पंजीयन नहीं हुए। 16 मई को ऑफ लाइन रजिस्ट्रेशन बंद रखा गया है। चारधाम यात्रा को लेकर ये रजिस्ट्रेशन हरिद्वार और ऋषिकेश में हो रहे थे। इस समय हजारों तीर्थयात्री पहले से ही हरिद्वार और ऋषिकेश में फंसे हुए हैं। एक अनुमान है कि इस साल चारधाम की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में 44 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसी कारण यह अव्यवस्था हुई है।

### अब सभी यात्रियों के पंजीकरण की होगी जांच

चारधाम यात्रा पर आने वाले सभी यात्रियों के पंजीकरण की अब जांच होगी। बाद की तिथि में पंजीकरण कराने वाले



वाहन अगर पहले यात्रा करते पकड़े गए तो परमिट रद्द होगा। गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने चारधाम यात्रा को लेकर बैठक की। यात्रा वाले जिलों के अलावा पौड़ी और टिहरी में होल्डिंग पॉइंट भी बनेंगे। सभी जगह यात्रियों को कुछ घंटे के लिए रोका जाएगा, ताकि यात्रा में जाम जैसे हालात न हों। पंजीकरण अनिवार्य किया है।



# आबकारी घोटाला: अदालत ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 30 मई तक बढ़ाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 30 मई तक बढ़ा दी। सीबीआई और ईडी के लिए विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने मामले में आरोप तय करने पर आगे की दलीलों के लिए भी 30 मई की तारीख तय की। न्यायाधीश ने कहा कि आरोपों पर दलीलों को आगे बढ़ाने का एक आवेदन हाईकोर्ट में लंबित है। सिसोदिया और हिरासत में बंद अन्य आरोपियों को जेल से ही वीडियो कॉन्फ्रेंस से अदालत के समक्ष पेश किया गया था। अदालत ने 30 अप्रैल को कथित घोटाले के संबंध में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में सिसोदिया की जमानत अर्जी खारिज कर दी थीं। अदालत ने सीबीआई और ईडी के साथ-साथ सिसोदिया के वकील की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था।

## ईडी के समन के खिलाफ केजरीवाल की याचिका को हाईकोर्ट ने 11 जुलाई के लिए सूचीबद्ध किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जारी समन को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका को बुधवार को 11 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली पीठ ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता को ईडी के उत्तर पर प्रत्युत्तर देने के लिए चार और सप्ताह का समय दिया। केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए सुप्रीम कोर्ट ने एक जून तक अंतरिम जमानत दी है। ईडी के वकील ने पहले कहा था कि केजरीवाल को अंतरिम संरक्षण नहीं प्रदान करने के हाईकोर्ट के आदेश के पश्चात धनशोधन मामले में 21 मार्च को एजेंसी द्वारा उनकी गिरफ्तारी के बाद समन के खिलाफ याचिका बेकार हो जाती है। ईडी के वकील ने बुधवार को कहा कि याचिकाकर्ता को वह मंच चुनना चाहिए जहां वह अपने मुद्दे उठाएंगे। अदालत ने कहा



कि हाईकोर्ट की एकल पीठ ने 'आप' नेता की गिरफ्तारी के खिलाफ उनकी याचिका खारिज करते हुए पहले ही उनकी शिकायतों को देखा है और फैसले के खिलाफ अपील शीर्ष अदालत में लंबित है। पीठ में न्यायमूर्ति मनोज जैन भी शामिल थे। हालांकि, केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम चौधरी ने कहा कि धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों को पढ़ने के संदर्भ में याचिका में उठाए गए प्रश्नों पर एकल न्यायाधीश ने फैसला नहीं किया है। उन्होंने अदालत से प्रत्युत्तर (रिजॉइन्डर) के लिए और समय मांगा। इससे पहले अदालत ने 22 अप्रैल को केजरीवाल को जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया था। आप के राष्ट्रीय संयोजक ने उन्हें ईडी द्वारा नौवां समन जारी किये जाने के मद्देनजर हाईकोर्ट का रुख किया था। उस समन में, उनसे 21 मार्च को ईडी के समक्ष पेश होने को कहा गया था। उसी दिन शाम में उन्हें ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था। वह अभी तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। संघीय एजेंसी का आरोप है कि मामले में अन्य आरोपी आबकारी नीति तैयार करने के लिए केजरीवाल के संपर्क में थे जिसे अब रद्द किया जा चुका है। यह भी आरोप है कि इस नीति के परिणामस्वरूप आरोपियों को फायदा हुआ और इसके बदले में उन्होंने आम आदमी पार्टी को रिश्वत दी थी।

### रिंग रोड पर राजौरी गार्डन में हादसा

# लग्जरी कार ने बाइक को पीछे से मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



राजौरी गार्डन इलाके में बुधवार सुबह एक बाइक को एंडेवर कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। बाइक आगे खड़ी बीएमडब्ल्यू कार में जा घुसी। हादसे में बाइक सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक का नाम किशन लाल (65) बताया गया है। वह तिगड़ी खानपुर क्षेत्र का रहने वाला है।

पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह करीब दस बजे इस हादसे की सूचना मिली थी। हादसा मेट्रो पिलर नंबर 181 रिंग रोड के पास राजौरी गार्डन इलाके में हुआ। एंडेवर कार ने बाइक को टक्कर मारने के बाद बीएमडब्लयू कार को भी हिट कर दिया था। इस वजह से बीएमडब्लयू कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना में बाइक सवार बुजुर्ग गंभीर रुप से घायल हो गए थे, जिन्हें फौरन अचेत हालत में डीडीयू अस्पताल ले जाया गया।

डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए मॉर्चरी में रखवाया गया। पुलिस का कहना है फोर्ड कार में दो लोग सवार थे। उन्हें पकड़ लिया गया है। इनके नाम गौरव सोनी (27) निवासी नांगलोई और कुनाल कात्याल (34) है। कार गौरव चला रहा था। वह मॉडल टाउन क्षेत्र में कैफे चलाता है। इस घटना को लेकर राजौरी गार्डन थाने में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## शकरपुरः पेपर गोदाम में लगी आग, एक युवक की मौत

**नई दिल्ली।** शकरपुर इलाके के एक पेपर गोदाम में मंगलवार देर रात भीषण आग लग गई। इस घटना में एक शख्स की जलकर दर्दनाक मौत हो गई। वह घटना के समय गोदाम में सो रहा था। दमकल की आठ गाड़ियों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना को लेकर गोदाम मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक रात करीब एक बजे एस 618, स्कूल ब्लॉक शकरपुर में आग की सूचना मिली। मौके पर दमकल विभाग

- दमकल की आठ गाड़ियों ने पाया आग पर काबू, गोदाम मालिक के खिलाफ केस दर्ज

की आठ गाड़ियां पहुंची। दमकल कर्मियों ने करीब छह घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। 100 गज के प्लॉट में ग्रांउड फ्लोर के अलावा पहली मंजिल पर दो कमरे बने थे। यह प्रॉपर्टी गणेश नगर निवासी मुन्ना कुमार (45) की बताई गई है। मुन्ना कुमार यहां भूमि ट्रेडिंग कंपनी के नाम से पेपर गोदाम चलाता था। सतेन्द्र पासवान (45) नाम व्यक्ति गोदाम में काम करता था। वह इसी गोदाम में सो जाता था। आशंका है कि घटना के समय उसे बाहर निकलने का मौका नहीं मिल सका। उसकी जली हालत में लाश सीढ़ियों के पास मिली। मृतक सतेन्द्र मूलरुप से नालंदा बिहार का रहने वाला था। पुलिस ने बीएसईएस अधिकारियों के अलावा क्राइम व फॉरेंसिक टीम से भी मौके की जांच करवायी है। आग का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

# वादी कानूनी विकल्पों का प्रयोग कर सकता है पर अवमाननापूर्ण आरोप नहीं लगा सकता : हाईकोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि एक वादी अपने कानूनी विकल्पों का प्रयोग कर सकता है, लेकिन उसे अवमाननापूर्ण आरोप लगाने और अदालत के अधिकार को कमजोर करने की स्वतंत्रता नहीं है।

कोर्ट ने इस महीने की शुरुआत में हाइब्रिड सुनवाई (हाइब्रिड माध्यम में भौतिक पेशी और डिजटल माध्यम दोनों के जरिये सुनवाई से जुड़ने की व्यवस्था होती है) आयोजित करने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे डिजिटल मंच के 'चैट बॉक्स' में एक वकील की स्पष्ट रूप से अवमाननापूर्ण टिप्पणियों पर आपत्ति जताते हुए यह बात कही। कोर्ट ने वकील को कारण बताओ नोटिस जारी किया। वकील कोर्ट द्वारा कथित तौर पर उनके व्यक्तिगत मामले की सुनवाई नहीं करने से व्यथित थे। कोर्ट ने उनसे यह बताने के लिए कहा कि क्यों न अवमानना के लिए नोटिस जारी किया जाए और उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू की जाए। न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने कहा कि वकील से मर्यादा बनाए रखने की उम्मीद की गई थी, लेकिन उन्होंने कोई पश्चाताप व्यक्त नहीं किया है और अपनी टिप्पणियों पर कायम रहे, जो सार्वजनिक धारणा में कोर्ट के अधिकार को कमजोर करने की कोशिश करती हैं। न्यायाधीश ने कहा कि टिप्पणियां कोर्ट को बदनाम करने के इरादे से सार्वजनिक क्षेत्र में रखी गई थीं, स्पष्ट रूप से अपमानजनक हैं और न्यायिक कार्यवाही के उचित विमर्श में हस्तक्षेप करती हैं, इसलिए अदालत की अवमानना अधिनियम की धारा 14 के तहत आपराधिक अवमानना के दायरे में आती हैं।

## करोल बाग मार्केट मे सात घंटे के लिए माल ढुलाई वाले वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली यातायात पुलिस ने बुधवार सात घंटे से अधिक समय के लिए करोल बाग में सभी तरह के माल ढुलाई वाले वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली हाईकोर्ट के निर्देश के बाद यह फैसला लिया गया। पुलिस विभाग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी। पुलिस ने लिखा कि माननीय दिल्ली हाईकोर्ट के निर्देशानुसार करोल बाग में दोपहर साढ़े 12 बजे से रात आठ बजे तक माल ढुलाई वाले सभी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। करोल बाग मार्केट वैवाहिक परिधानों, जूते-चप्पलों, इलेक्ट्रॉनिक सामान और सस्ते स्मार्टफोन के लिए मशहूर है।

# शूटआउट के बाद क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ा बदमाश

### किशोरावस्था में हत्या को दे चुका था अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने गाजीपुर इलाके में शूटआउट के बाद एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। अवनीश उर्फ मनीष हर्ष विहार थाने में एक फायरिंग केस में वांटेड था। इसके पास से एक पिस्टल, चार कारतूस और स्कूटी जब्त हुई है। स्कूटी कृष्णा नगर इलाके से चुरायी गई थी। पुलिस के मुताबिक 30 अप्रैल को हर्ष विहार में फायरिंग की घटना हुई थी। उसमें लड़कों के एक समूह ने एक युवक पर तीन से चार राउंड फायरिंग की थी। हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस को देर रात पता चला कि इस वारदात में शामिल एक आरोपी पेपर मार्किट गाजियाबाद में किसी से मिलने के लिए आएगा। पुलिस ने ट्रैप लगाया। गाजीपुर थाने की तरफ से आते एक स्कूटी सवार को रूकने का इशारा किया गया। मुखबिर ने उसकी पहचान मनीष के तौर पर की। आरोपी पुलिस को देखते ही पिस्टल निकाल फायरिंग करने लगा। गोली एक पुलिसकर्मी की बुलेट प्रूफ जैकेट पर भी लगी। जवाब में पुलिस ने भी एक राउंड



फायर किया और उसे काबू कर लिया। 22 साल का आरोपी सबोली एक्सटेंशन दिल्ली का ही रहने वाला है। पुलिस ने इसके पकड़े जाने से हत्या की कोशिश और चोरी का मुकदमा सुलझाने का दावा किया है। दोनों केस हर्ष विहार और कृष्णा नगर थाने में दर्ज थे। राहुल त्यागी गैंग से इसका लिंक पाया गया है। 2022 में यह हर्ष विहार थाने के एक मर्डर केस में भी शामिल रह चुका है। उस समय मनीष नाबालिग था।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1)EICHR_VECV PRO_3019 REG. NO. HR63E4297-YOM-2020
2) TATA MOTORS TATA_INTRA REG. NO. DL1LAL4800-YOM-2023
3)TATA MOTORS TACEGOLD REG. NO. DL1LAG4405-YOM-2022
4) TATA MOTORS TATAACE REG. NO. DL1LAH6525-YOM-2022
5) TATA MOTORS TACEGOLD REG. NO. UP15FT8740 -YOM-2022
6) TATAMOTORS TACEGOLD REG. NO. DL1LAH5443 -YOM-2022
7) SCANIA FBT_SCANIA REG. NO. UK04PA1183-YOM-2015
8) TATA MOTORS LPT1109T REG. NO. HR38AG2108-YOM-2023
9) MACON_MACONMIX SERIAL. NO. 20400031900026 YOM - 2020

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : RAMAN AHUJA
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377988238
EMAIL –raman.ahuja@kotak.com

# क्रिप्टो में निवेश के नाम पर 23.50 लाख रुपये की ठगी, जालसाज 'दाउद' गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

न्यू उस्मानपुर इलाके में क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर 23.50 लाख रुपये की ठगी के मामले में एक जालसाज को अरेस्ट किया गया है। आरोपी संभल यूपी निवासी मोहम्मद दाउद (29) को जाफराबाद के मौजपुर से पकड़ा गया है। ठगी की रकम 11 अलग अलग बैंक अकाउंट में ट्रांसफर की गई थी। इनमें एक अकाउंट आरोपी खुद ऑपरेट कर रहा था। जालसाज के अकाउंट में एक ही दिन में 1.44 करोड़ रुपए का ट्रांजेक्शन होने का भी पता चला है। अकाउंट में 8.55 लाख रुपए फ्रीज करवाये हैं। आरोपी से 17 सिमकार्ड, 11 डेबिट कार्ड, चार पासबुक, 15 चैकबुक, पैनकार्ड और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। डीसीपी जॉय टिर्की ने बताया कि पायल पांडेय नाम की एक महिला ने



क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर ठगी को लेकर साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्हें इंस्टाग्राम पर एक लिंक देख क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने की सोची थी। इसके बाद वह जालसाज के झांसे में आ गई। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि ठगी की रकम 11 बैंक अकाउंट में ट्रांसफर हुई थी। इनमें एक बैंक अकाउंट में 9.64 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए थे। यह मेरठ का एक निजी बैंक था। अकाउंट जमीर अहमद के नाम पर था लेकिन उसे ऑपरेट आरोपी कर रहा था। आरोपी का पता चल जाने पर पुलिस ने उसे मौजपुर क्षेत्र से पकड़ लिया। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ कि रकम को कई खातों में घुमाकर क्रिप्टो करेंसी खरीदकर चीन या दुबई में ट्रांसफर की जा रही थी। ठगी का मास्टरमाइंड विदेश में हैं जो अपने गुर्गो को कमीशन देकर इस तरह की जालसाजी व ठगी भारत में करवा रहे हैं।


## सरकारी नौकरी दिलाने के बहाने ठगी करने वाला दंपति गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सरकारी नौकरी दिलाने के बहाने ठगी करने वाले दंपति को उत्तरी जिला स्पेशल स्टाफ ने गिरफ्तार किया है। दोनों लक्ष्मी नगर के एक मामले में वांटेड थे। कोर्ट भी इन्हें भगौड़ा घोषित कर चुकी थी। आरोपियों के नाम गोविंदपुरम गाजियाबाद निवासी विकास त्यागी (35) व अमिता त्यागी (33) बताये गये हैं। डीसीपी मनोज कुमार मीणा के अनुसार स्पेशल स्टाफ को दंपति के बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद दोनों को उनके किराए के फ्लैट पर पकड़ा गया। इनके खिलाफ 2022 में लक्ष्मी नगर थाने में चीटिंग का केस दर्ज हुआ था। कड़कडडूमा कोर्ट ने गत वर्ष इन्हें भगौड़ा घोषित किया था। विकास त्यागी नंदी ग्राम थाना गाजियाबाद में भी एक चीटिंग केस में शामिल रह चुका है।

## ओएलएक्स पर ठगी करने वाला ओडिशा से धरा

**नई दिल्ली।** दक्षिण जिले की साइबर पुलिस ने एक जालसाज को ओडिशा से अरेस्ट किया है। इस पर ओएलएक्स पर फर्जी अकाउंट बनाकर सस्ते दामों पर सामान उपलब्ध करवाने की आड़ में ठगी का आरोप है। गिरफ्त में आये आरोपी का नाम सिद्धार्थ पाणिग्रही उर्फ सागर है। इसके पास से पांच मोबाइल फोन भी जब्त किये गए हैं। डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार एक पीड़ित ने साइबर पुलिस स्टेशन में दो लाख की ठगी की शिकायत दी थी। बताया कि उसे 25 एसी खरीदने थे, जिसके लिए उसका संपर्क ओएलएक्स पर एक शख्स से हुआ। एसी खरीदने की डील दोनों के बीच पक्की हो गई। पीड़ति ने आरोपी के कहे अनुसार 27 अप्रैल को एक बैंक खाते में चार बार में दो लाख रुपए का भुगतान एडवांस के तौर पर कर दिया। इसके बाद उक्त शख्स ने शिकायतकर्ता का फोन उठाना बंद कर दिया। मामले में हुई शिकायत पर पुलिस ने छह मई को मुकदमा दर्ज किया। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी के मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लिया। जिन अकाउंट में रुपए भेजे गए थे, उस बैंक से जानकारी हासिल की गई। पुलिस को पता चला कि आरोपी ओडिशा से ही इस ठगी के धंधे को ऑपरेट कर रहा है। इसके बाद पुलिस की एक टीम ओडिशा भेजी गई और लोकेशन ट्रेस कर आरोपी को नया गढ़ इलाके से दबोच लिया। 26 साल का यह आरोपी आठ मामलों में शामिल रहा है। वह ओएलएक्स पर फर्जी अकाउंट बनाकर अलग अलग चीजें सस्ते दामों पर उपलब्ध करवाने का झांसा देता था।

**गुमशुदा की तलाश**



भावेश जोशी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़का जिसका नाम **भावेश जोशी पुत्र शम्भू, पता** मकान नं. 18/39, जी–2, ब्लॉक संगम विहार, नई दिल्ली, जो थाना क्षेत्र संगम विहार, नई दिल्ली से दिनांक 02.08.2023 समय 11.00 बजे से गुमशुदा है। इस संदर्भ में **डीडी 152ए, दिनांक 02.08.2023 के तहत** थाना संगम विहार, नई दिल्ली में दर्ज है।

गुमशुदा लड़का का ब्यौरा इस प्रकार है :

**नाम :** भावेश जोशी, **पिता का नाम :** शम्भू, **उम्र :** 20 साल, **कद :** 5 फीट 10 इंच, **रंग :** गौरा, **चेहरा :** गोल, **शरीरः** सामान्य, **पहनावा :** सफेद रंग का धारीदार शर्ट और काले रंग का जीन्स और पैरों में ब्लू रंग का स्पोर्ट जूता पहने हुए है।

अगर किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाइट : http://cbi.nic.in
ई–मेल : ciccbi@cbi.nic.in
फैक्स : 011-230111334
फोन : 011-23014046, 30115229, 23015218, एक्स.: 210
DP/5652/SD/2024

**थानाध्यक्ष**
**थाना : संगम विहार, नई दिल्ली**
**फोन: 011-26044546**
**8750870833**

### दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने पुलिस आयुक्त को लिखा पत्र

# चुनाव के बाद योजनाओं के लिए मतदाताओं का पंजीकरण करने पर कार्रवाई करें दिल्ली पुलिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने दिल्ली पुलिस से चुनाव के बाद योजनाओं का फायदा देने के लिए मतदाताओं के पंजीकरण में शामिल राजनीतिक दलों और उनके कार्यकर्ताओं के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने 11 मई को दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को लिखे पत्र में उनसे इस तरह की गैरकानूनी गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए क्षेत्र के अधिकारियों और जिला पुलिस को




और अधिक सतर्क एवं संवेदनशील बनाने को कहा। पत्र में कहा गया है कि निर्वाचन कार्यालय को 'कुछ' राजनीतिक दलों द्वारा सर्वेक्षण की आड़ में चुनाव के बाद योजनाओं का फायदा देने के लिए 'मतदाताओं का पंजीकरण' करने की शिकायतें मिली हैं। इसमें कहा गया है कि ऐसे दल अपनी संभावित योजनाओं का लाभ पाने के लिए मतदाताओं से हाथ से या डिजिटल रूप से फॉर्म भरने के लिए कह रहे हैं। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय द्वारा पुलिस आयुक्त को लिखे पत्र में कहा गया है कि कुछ राजनीतिक दलों और उनके कार्यकर्ताओं के खिलाफ विभिन्न योजनाओं के लिए व्यक्तियों को पंजीकृत करने और पर्चे के रूप में गारंटी कार्ड वितरित करने के साथ-साथ मतदाताओं का नाम, उम्र पता, मोबाइल नंबर, बूथ नंबर, निर्वाचन क्षेत्र का नाम जैसे विवरण मांगने की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। पत्र में कहा गया कि इस तरह के उल्लंघनों के खिलाफ निर्वाचन अधिकारियों (आरओ) द्वारा कार्रवाई की जा रही है। आपसे (पुलिस आयुक्त) भी अनुरोध है कि आप अधिकारियों, जिला पुलिस को उनके संबंधित अधिकार क्षेत्र में ऐसी गैरकानूनी गतिविधियों पर नियंत्रण लगाने के लिए सक्रिय और अधिक सतर्क रहने का निर्देश दें। निर्वाचन अधिकारी ने यह भी सुझाव दिया कि पुलिस जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 127ए और 123(1) और भारतीय दंड संहिता की धारा 171 (बी) के तहत कार्रवाई कर सकती है।

## मतदाता जागरुकता के लिए 'सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स' की मदद

निर्वाचन आयोग 25 मई को राजधानी में मतदान के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स' की मदद ले रहा है। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) पी कृष्णमूर्ति ने बताया कि आयोग 'सिस्टेमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन' (एसवीईईपी) कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर रहा है। इस बार एक अनोखी पहल में, विभिन्न जिलों में इस काम के लिए 'सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स' को शामिल किया गया है। कृष्णमूर्ति ने एक साक्षात्कार में बताया कि हमारे कुछ जिलों में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रैपर्स, यात्रा गाइड, खान-पान विशेषज्ञों जैसे सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स तथा युवाओं की मदद हम ले रहे है।

**डेल्टन केबल्स लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय : डेल्टन हाउस, 4801, भरत राम रोड, 24, दरियागंज, नई दिल्ली–110002
Website : www.deltoncables.com, E-mail: cs@deltoncables.com, CIN: L31300DL1964PLC004255

31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण (रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 31.03.2024 (अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.03.2023 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2024 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 13,178.32 | 8,050.18 | 40,085.97 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 350.69 | 98.52 | 1,178.99 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 833.33 | 98.60 | 1,777.42 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 631.17 | (432.85) | 1,465.65 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 624.03 | (429.06) | 1,461.50 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/– प्रत्येक) | 864.00 | 864.00 | 864.00 |
| 7 | अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10 प्रत्येक) | | | |
| | (ए) बेसिक (रु.) | 7.31 | (5.01) | 16.96 |
| | (बी) डायल्युटेड (रु.) | 7.31 | (5.01) | 16.96 |

टिप्पणी :
1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग आब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये अंकेक्षित तैमाहिक/वार्षिक परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक/वार्षिक परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट्स (www.bseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट (www.deltoncables.com) पर उपलब्ध हैं।
2. उपरोक्त परिणाम कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत विनिर्दिष्ट अनुसार कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों 2015 के तहत अधिसूचित अनुसार भारतीय लेखा मानकों (Ind AS) के सिद्धांत और प्रक्रियाओं के अनुसार तैयार किये गये हैं।
3. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 15 मई 2024 को आयोजित उनकी सम्बन्धित बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गए।

कृते व बोर्ड की ओर से
हस्ता/–
विवेक गुप्ता
(प्रबंध निदेशक)
(डीआईएन : 00035916)

स्थान : फरीदाबाद
दिनांक : 15 मई 2024

## खबर संक्षेप

### राहुल उतरेंगे अग्रवाल के समर्थन में, चांदनी चौक में रैली कर मांगेंगे वोट

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी लोकसभा चुनाव में चांदनी चौक सीट से पार्टी उम्मीदवार जयप्रकाश अग्रवाल के समर्थन में 18 मई को चांदनी चौक में प्रस्तावित रैली में शामिल होंगे। राहुल की इस रैली को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की तरफ से तैयारियां शुरू हो गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार इस रैली में गठबंधन सहयोगी दल आप पार्टी के मुखिया व सीएम अरविंद केजरीवाल के शामिल होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। राहुल इस जनसभा के द्वारा दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को जिताने का आह्वान करेंगे। कांग्रेस के अनुसार राहुल की चांदनी चौक की रैली इन लोकसभा की पहली चुनावी रैली हो सकती है। खबर है कि रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी शामिल हो सकते है। इसके अलावा कांग्रेस के कई स्टार प्रचारक जेपी अग्रवाल के लिए वोट मांगने चांदनी चौक में मौजूद होंगे। प्रदेश कांग्रेस के एक बड़े नेता ने प्रियंका गांधी के रैली में आने पर कहा कि अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। प्रियंका कांग्रेस की स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल है, लेकिन अभी उनके आने को लेकर कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिली है।

### राजकुमार आनंद ने मंत्री पद से सीएम केजरीवाल को दोबारा भेजा इस्तीफा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में पूर्व समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को फिर से अपना इस्तीफा भेजा है। उन्होंने दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मिलकर यह भी आरोप लगाया है कि पहले उन्होंने जेल में उनके इस्तीफे पर हस्ताक्षर नहीं किया। शुक्रवार से अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर हैं, लेकिन वह उनके इस्तीफे पर हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं। राजकुमार आनंद आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली सरकार में समाज कल्याण मंत्री थे। उन्होंने 10 अप्रैल को अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी में भ्रष्टाचार का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा देकर पार्टी छोड़ दी थी।

### दिल्ली में 43 डिग्री पार पहुंचा तापमान

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बुधवार को अधिकतम पारा 43 डिग्री पार पहुंच गया, दिनभर सूरज के कड़े तेवरों ने राजधानीवासियों को परेशान किया। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार अब जल्द ही अधिकतम तापमान 45 डिग्री तक और झुलसाने वाली लू बनेगी परेशान का सबब। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार बुधवार को नजफगढ़ क्षेत्र में सबसे ज्यादा अधिकतम पारा 43.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि समग्र दिल्ली का औसत तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस रहा जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 2 डिग्री ज्यादा है। वहीं दूसरी तरफ न्यूनतम पारा 22.9 डिग्री सेल्सियस रहा जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 3 डिग्री कम है, यानी कुछ राहत कही जा सकती है।

### शकरपुर इलाके में दूषित पानी की आपूर्ति से लोग परेशान

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके के डब्ल्यू ए ब्लॉक में दूषित पानी की आपूर्ति से लोग परेशान हैं। दरअसल यह समस्या लंबे समय से चलती आ रही है। कई बार स्थानीय निवासियों ने इस मामले की शिकायत की गई, मगर आज तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह समस्या पिछले 4 साल से चलती आ रही है। कई बार इस समस्या को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया गया। मगर हर बार समस्या का समाधान करने की बात कहकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। कई बार पानी गंदे नाले जैसा आता है। जिसकी वजह से बीमारियों का भी खतरा बढ़ रहा है। लोगों का कहना है कि जल्द से जल्द समस्या का समाधान कराया जाए।

### मालीवाल के सम्मान के लिए हम सब हैं सड़कों पर : सचदेवा

# स्वाति के साथ हुए अभद्र दुर्व्यवहार के खिलाफ भाजपा ने सीएम आवास पर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की किसी भी बहन के साथ अगर दुर्व्यवहार होता है तो भाजपा सड़कों पर होती है और आज हम सब स्वाति मालीवाल के सम्मान के लिए सड़कों पर है। जबकि आम आदमी पार्टी के मुखिया और मुख्यमंत्री चुप बैठे हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने महिला मोर्चा द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर आम आदमी पार्टी की महिला सांसद के साथ हुए अभद्र दुर्व्यवहार के खिलाफ प्रचंड विरोध प्रदर्शन के दौरान उक्त संबोधन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली के राज्यसभा सांसद संजय सिंह 36 घंटे बाद आकर कहते है कि मुख्यमंत्री आवास में दुर्व्यवहार हुआ है। जब उसी पार्टी के सांसद संजय सिंह यह स्वीकार कर रहे हैं कि मुख्यमंत्री आवास पर स्वाति मालीवाल के साथ अभद्रता हुई है तो फिर किस बात का इंतजार और क्या सफाई देनी है। इस दौरान भाजपा ने महिला विरोधी अरविंद केजरीवाल से अपने पद से तुरंत इस्तीफा देने की मांग की। इस मौके पर दिल्ली भाजपा सह प्रभारी डॉक्टर अलका गुर्जर, सभी मोर्चों के प्रभारी सुमित भसीन, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष ऋचा पांडेय मिश्रा, मोर्चा महामंत्री सरिता तोमर एवं वैशाली पोद्दार सहित सैकड़ों की संख्या महिला मोर्चा की अध्यक्षा उपस्थित थी। प्रदर्शन के दौरान ऋचा पांडेय मिश्रा, वैशाली पोद्दार, परवीना शर्मा, शोभा शुक्ला, सीमा सहगल, रेखा सिंह और अन्य महिलाओं को पुलिस डिटेन कर सिविल लाइन ले गईं जहां चेतावनी के बाद छोड़ दिया।





#### 'स्वाति पर बनाया जा रहा है दबाव'

सचदेवा ने कहा कि एक मुख्यमंत्री की ड्यूटी बनती है कि वह दिल्ली की महिला के लिए आवाज उठाए लेकिन आज वह अपने राज्यसभा सदस्य के लिए आवाज उठाने की जगह उल्टा उनके द्वारा जिस महिला राज्यसभा सदस्य के साथ अभद्रता हुई है उस पर दबाव बनाया जा रहा है।

#### मालीवाल मामले पर चुप बैठी हैं आप : अलका

डॉ. अलका गुर्जर ने कहा कि दिल्ली में एक ऐसी सरकार बैठी है जिसके मुख्यमंत्री आवास पर बार बार महिला के साथ अभद्रता होती है। स्वाति मालीवाल राज्यसभा सांसद सदस्य हैं, हमारी विचारधारा अलग है लेकिन एक महिला के लिए भाजपा के अंदर हमेशा सम्मान है। आम आदमी पार्टी के अंदर एक महिला मंत्री हैं जो हर छोटे मुद्दे पर अलाप करने आ जाती है लेकिन आज वह चुप बैठी है और उन्हें एक शब्द नहीं मिल रहा ताकि वह स्वाति मालीवाल के लिए बोल सके। वहीं, ऋचा पांडेय मिश्रा ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री निवास के अंदर एक ऐसी महिला के साथ अभद्रता होती है, जो कोई आम महिला नहीं बल्कि उसी पार्टी की राज्यसभा सदस्य है। अगर एक राज्यसभा सदस्य मुख्यमंत्री के घर में सुरक्षित नहीं है तो दिल्ली की आम महिलाओं को अरविंद केजरीवाल क्या सुरक्षा देंगे।

## आप सांसद संजय सिंह ने मालीवाल से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) की तरफ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक विभव कुमार द्वारा राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ दुर्व्यवहार किए जाने की बात स्वीकार करने के एक दिन बाद बुधवार को पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने मालीवाल से मुलाकात की। सूत्रों ने बताया कि मालीवाल से मुलाकात के दौरान संजय सिंह के साथ दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की सदस्य वंदना सिंह भी थीं। उन्होंने बताया कि उनकी मुलाकात मालीवाल के आवास पर हुई। गौरतलब है कि मंगलवार को दिल्ली पुलिस ने राज्यसभा सदस्य एवं डीसीडब्ल्यू की पूर्व प्रमुख मालीवाल से कॉल कर और संदेश भेजकर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उनकी ओर से कोई जवाब नहीं आया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मालीवाल सोमवार को सिविल लाइन्स पुलिस थाने पहुंची थीं और आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक ने मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर उनके साथ मारपीट की। उन्होंने अभी तक इस मामले में औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई है। संजय सिंह ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया और कहा कि मालीवाल के साथ हुई घटना बेहद निंदनीय है। पुलिस मंगलवार को मिंटो रोड स्थित मालीवाल के आवास पर भी गई थी।

## मैंने स्कूल और मोहल्ला क्लीनिक बनाए इसलिए मुझे जेल में डाला : केजरीवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ सीएम ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में किया रोड शो

मैंने आपके बच्चों के लिए शानदार स्कूल और आपके इलाज के लिए मोहल्ला क्लीनिक बनाए, 24 घंटे बिजली फ्री कर दी। बस इसी कसूर के लिए इन्होंने मुझे जेल में डाला। यह बात बुधवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में रोड शो के दौरान कही। केजरीवाल ने बुधवार को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के लिए दिल्ली में ताबड़तोड़ रोड शो किया। केजरीवाल ने सबसे पहले चांदनी चौक से कांग्रेस के प्रत्याशी जेपी अग्रवाल और फिर नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली से कांग्रेस प्रत्याशी उदित राज के समर्थन में रोड शो किया। मॉडल टॉउन और जहांगीरपुरी में हुए रोड शो के दौरान केजरीवाल ने कहा कि चार जून को मोदी सरकार जा रही है। मेरा जेल जाना या न जाना आपके हाथ में है। अगर आपने इंडिया गठबंधन को वोट दिया तो मुझे जेल नहीं जाना होगा। जो लोग केजरीवाल से प्यार करते हैं, वह इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को जिताएं। इस दौरान नॉर्थ-ईस्ट से कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया कुमार समेत अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे।

मॉडल टाउन में रोड शो के दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं आप लोगों के बीच में सीधा जेल से आ रहा हूं। इन लोगों ने मुझे जेल में डाल दिया। जेल में मुझे आप लोगों की बहुत याद आई। मैं आप लोगों से बहुत प्यार करता हूं। मुझे पता है कि आप भी मुझसे बहुत प्यार करते हैं। इन लोगों ने मुझे इसलिए जेल में डाला क्योंकि मैंने पूरी दिल्ली के लोगों का इलाज मुफ्त किया और दवाइयां फ्री कर दी।

## भाजपा प्रत्याशियों ने किया जनसंपर्क, मतदान की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए जैसे जैसे दिन बीत रहे हैं वैसे ही भाजपा प्रत्याशियों का जनसंपर्क अभियान आगे बढ़ रहा है। बुधवार को भाजपा के स्टार प्रचारकों और प्रत्याशियों ने अपने अपने संसदीय क्षेत्र में जनसंपर्क किया और अपने पक्ष में मतदान करने की अपली की। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मलका गंज में उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा से सांसद प्रत्याशी मनोज तिवारी के समर्थन और नेशनल क्लब, चांदनी चौक लोकसभा से सांसद प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के समर्थन में जनसभा की। दक्षिणी दिल्ली से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी के समर्थन में भाजपा लीगल सेल, दिल्ली प्रदेश के संयोजक के. के. त्यागी की ओर से 'अधिवक्ता सम्मेलन' का आयोजन किया। आयोजन में उपस्थित अधिवक्ता समाज के सैकड़ों प्रतिनिधियों और बुद्धिजीवियों ने प्रधानमंत्री के द्वारा देश हित में लिए गए ऐतिहासिक फैसलों की जमकर तारीफ की और उनके पक्ष में मतदान करने की बात कही।

मनोज तिवारी ने दक्षिणी दिल्ली लोकसभा से प्रत्याशी राम सिंह बिधूड़ी के लिए जनसभा कर वोट मांगा। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि मोदी के प्रति जनता का उत्साह देखने लायक है और 25 मई को दिल्ली की जनता ने कमल का बटन दबाकर प्रचंड बहुमत से नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है। पश्चिमी दिल्ली भाजपा प्रत्याशी कमलजीत सहरावत ने नजफगढ़ में एक रोड शो के दौरान जनता को संबोधित किया और वहां उपस्थित महिलाओं, व्यापारियों एवं किसानों से बात कर उन्हें मोदी सरकार द्वारा किए गए कार्यों के बारे में विस्तृत रूप से बताया। कमलजीत सहरावत ने निवासियों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और क्षेत्र के विकास के लिए अपने दृष्टिकोण को साझा किया।

■ मनोज तिवारी ने दक्षिणी दिल्ली लोकसभा से प्रत्याशी राम सिंह बिधूड़ी के लिए जनसभा कर मांगा वोट

### दिल्ली की सुरक्षा अब होगी कांग्रेस की जिम्मेदारी : हारुन युसूफ

नई दिल्ली। राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री और कांग्रेस की मीडिया कैम्पेन स्ट्रेटेजी कमेटी के चेयरमैन हारुन यूसूफ ने कहा कि हाथ बदलेगा हालात, दिल्ली की सुरक्षा अब कांग्रेस की जिम्मेदारी होगी। यूसूफ ने बुधवार को राजीव भवन में प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि दिल्ली क्राइम कैपिटल अब रेप कैपिटल बन गई है। अब 4 जून को इंडिया गठबंधन की लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करने के बाद बिगड़ती कानून व्यवस्था और सुरक्षा की जिम्मेदारी कांग्रेस की होगी। पूर्व मंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा की सरकार देश सहित राजधानी दिल्ली की सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर नियंत्रण रखने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रतिदिन 3 बलात्कार, 3-4 हत्या और लगभग 15 अपहरण की घटनाऐं हो रही है और कोर्ट कैंपस तक में गैंगवार की घटनाऐं हुई है। दिसंबर 2023 में जारी आंकड़ो के अनुसार दिल्ली में वर्ष 2022 में 2.99 लाख अपराधिक मामले दर्ज हुए है जो 5 मेट्रो शहरों की तुलना में सबसे अधिक है। जबकि 2020-2022 के महिलाओं और बुजुर्गों के प्रति अपराधों में 45 प्रतिशत, बच्चों के साथ अपराधों में 41 प्रतिशत, अपहरण में 39 प्रतिशत, मर्डर में 9 प्रतिशत और साइबर क्राइम में 313 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हारुन ने कहा कि दिल्ली में बढ़ते अपराधों पर दिल्ली पुलिस का कोई नियंत्रण नही है। क्योंकि राजधानी में पुलिस व्यवस्था वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था में अधिक व्यस्त होती है। बावजूद दिल्ली पुलिस में 13 हजार 500 पद रिक्त पड़े है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार का गृह मंत्रालय राजधानी की सुरक्षा को संवेदनशीलता से लेकर पुलिस में भर्ती तुरंत करे।

### भाजपा में कई गणमान्य लोग हुए शामिल

नई दिल्ली। दिल्ली के अंदर जिस प्रकार भाजपा लगातार आगे बढ़ रही है लोकसभा चुनाव में तो हम सातों सीटें जीतने जा रहे हैं लेकिन लोकसभा चुनाव की तैयारियों के साथ-साथ भाजपा 2025 चुनाव की जीत की नींव भी रख रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल ने बुधवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में अन्य दलों से भाजपा में शामिल होने संबंधी एक कार्यक्रम के आयोजन के अवसर पर यह उक्त दावा करते हुए यह बातें कही। उन्होंने कहा कि देश हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है चाहे समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को शौचालय देने की बात हो या फिर चांद तक पहुंचने का इतिहास हो। वहीं, सचदेवा ने सभी गणमान्यों का भाजपा में सबका स्वागत करते हुए कहा कि पिछले 10 सालों में देश की एक नई तस्वीर निकलकर सबके सामने आई है और विश्व ने एक नए हिंदुस्तान को देखा है और देश का कायाकल्प करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। जबकि निगम स्थायी समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता जय किशन शर्मा ने कहा कि कांग्रेस अगर सत्ता में भी होती तो कोर्ट के फैसले के बावजूद श्री राम मंदिर का निर्माण नहीं करवाती।

## चुनाव जीतने के लिए अपने बूथ को जीतना सबसे अहम : पायलट




नई दिल्ली। राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा है कि उत्तर पूर्वी दिल्ली से लोकसभा से हमारे कन्हैया कुमार मजबूत उम्मीदवार है। चुनाव जीतने के लिए कार्यकर्ता को सुबह से रात तक चुनाव प्रबंधन और प्रचार के लिए अलर्ट रहना होगा और सभी नेताओं को एक-एक बूथ पर अपनी जिम्मेदारी लेनी होगी। उन्होंने कहा कि हमें चुनाव जीतने के लिए अपने बूथ को जीतना सबसे अहम होगा। पायलट ने कहा कि मैं मौजूद सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं का आव्हान करता हुं कि पूरे लोकसभा क्षेत्र के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर बूथ के प्रत्येक मतदाता से सम्पर्क साधे और हमारे उम्मीदवार कन्हैया कुमार के लिए वोट मांगे। पायलट बुधवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर इंडिया गठबंधन व कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार के समर्थन में यमुना विहार में आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर पायलट के अलावा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव, कन्हैया कुमार, पूर्व पीसीसी अध्यक्ष एंव चुनाव प्रबंधन और समन्वय समिति के चेयरमैन सुभाष चोपड़ा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौ अनिल कुमार और दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. नरेन्द्र नाथ सहित अनेक नेता मौजूद थे। इस अवसर पर देवेंद यादव ने कहा इंडिया गठबंधन के सभी कार्यकर्ता व नेताओं को संगठित होकर एकजुटता के साथ सातों सीटों पर कड़ी मेहनत करनी होगी। तभी हम देश के गरीब, मजबूर, मजदूर, वंचितों, पिछड़ों के अधिकारों और हकों के न्याय की लड़ाई जीतकर भाजपा की तानाशाही सरकार की विदाई कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को जनसम्पर्क करके मतदाता को घर से निकालकर बूथ तक ले जाना होगा। उन्होंने कहा कि मतदाता को कांग्रेस की विचारधारा के साथ-साथ न्याय संकल्प में 5 न्याय और 25 गारंटी से मिलने वाले लाभों की जानकारी देकर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष में वोट डालने के लिए प्रेरित करना होगा। कन्हैया कुमार ने कहा कि मैं उत्तर पूर्वी दिल्ली के पूरे लोकसभा क्षेत्र के हर कार्यकर्ता और नेता के सम्पर्क में हूँ, हर संभव कोशिश कर रहा हूं कि लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करके क्षेत्र का विकास किश्या जा सके।

### दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग में घोटाले को लेकर बड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने शिक्षा विभाग में एस/एसटी/ओबीसी के बच्चों के करोड़ों रुपए का घोटाला करने वाले अधिकारियों पर बड़ी कार्रवाई का मामला सामने आया है। जिसकी पुष्टि निगम के जनसंपर्क विभाग ने भी की है। शिक्षक न्याय मंच नगर निगम ने बुधवार को दावा करते हुए बताया कि उनकी शिकायत के आधार पर निगमायुक्त ज्ञानेश भारती ने सेंट्रल और साउथ जोन में करीब 25 करोड़ से ज्यादा के घोटाले में मंगलवार को चार कर्मियों को टर्मिनेट किया गया है जिसमें 2 स्कूल निरीक्षक, 1 प्रिंसिपल और 1 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल है। इसके अलावा 4 एडीई को स्कूल इंस्पेक्टर ग्रेड पर डिमोशन कर दिया गया है जिसमें 1 कर्मचारी रिटायर हो चुका है और बाकी 3 कर्मचारी वर्तमान में कार्यरत हैं। अपना पक्ष रखने के लिए इन्हें दस दिन का समय भी दिया गया है। वहीं, निगम प्रशासन का कहना है कि यह पूरी कार्रवाई 2019 में एक गुमनाम शिकायत पर की गई है ना कि शिक्षक न्याय मंच की शिकायत पर।

### युवाओं को भविष्य में नौकरी चाहने वालों की अपेक्षा नौकरी देने वाले बनना है : कुलपति

नई दिल्ली। युवाओं को भविष्य में नौकरी चाहने वालों की अपेक्षा नौकरी देने वाले बनना है। उन्हें ऐसा बनाने के लिए शिक्षकों में नवीन मूल्यांकन प्रथाओं को विकसित करना आवश्यक है। दिल्ली विश्वविद्यालय के उधमोध्या फाउंडेशन के दूसरे एफडीपी कार्यक्रम के आयोजन पर दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। यह आयोजन महात्मा हंसराज महाविद्यालय टीचर ट्रेनिंग सेंटर के सहयोग से मंगलवार को विश्वविद्यालय के महर्षि कनाद भवन में आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने किया। कुलपति ने कहा कि युवाओं को महत्वाकांक्षी लीडर बनने के लिए 4-सी यानी करेज (साहस), कम्युनिकेशन (संचार), कंपेशन (करुणा) और कमिटमेंट (प्रतिबद्धता) की प्रासंगिकता और इनके महत्व को समझना चाहिए। इस अवसर पर दक्षिणी परिसर के निदेशक प्रो. प्रकाश सिंह, उधमोध्या फाउंडेशन के संयुक्त डॉ. अभिषेक टंडन और हंसराज कॉलेज की प्रिंसिपल प्रोफेसर रमा सहित अनेकों शिक्षक भी उपस्थित रहे।

### डीडीए कर रहा है नन्हे मुन्ने बच्चों को आमंत्रित, छुट्टियों में बच्चों का कौशल बढ़ाने का मौका

नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) गर्मियों की इन छुट्टियों में बच्चों की खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नन्हे मुन्ने बच्चों को स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आमंत्रित कर रहा है। डीडीए के एक अधिकारी ने बताया कि इन गर्मियों की छुट्टियों में आप अपने बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के लिए प्राधिकरण के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में लेकर आए। यहां बेहतरीन, सुलभ व सुरक्षित वातावरण में बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास बढ़ाने का लाभ उठाए। अधिकारी ने बताया कि प्राधिकरण का कहना है कि ज्वाइन द फन एट डीडीए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स नियर यू। इसके तहत आने वाली गर्मियों की छुट्टियों में आपके लिए डीडीए के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स एक बेहतरीन जगह होगी अपने बच्चों का कौशल बढ़ाने के लिए। अपने नन्हे-मुन्नों को मनोरंजक गतिविधियों में शामिल करने और नए कौशल सीखने के लिए उन्हें प्रोत्साहित जरूर करें।

## खबर संक्षेप

### कैब चालक ने पुलिस वैन में मारी टक्कर


**गुरुग्राम।** डीएलएफ फेज-1 एरिया में खुशबू चौक पर गश्त करने के दौरान तेज रफ्तार कैब चालक ने पुलिस वैन में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।




हादसे में पुलिस वैन में सवार तीन पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। जबकि वैन काफी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस को दी शिकायत में पीएसआई गौरव ने कहा कि वह रात में सिपाही सतीश और होमगार्ड धर्मेंद्र के साथ गश्त कर रहे थे। खुशबू चौक पर पहुंचे तो पीछे से आई तेज रफ्तार कैब चालक ने पुलिस वैन में टक्कर मार दी।

### कार के डैश बोर्ड से एक लाख निकाले

**गुरुग्राम ।** सेक्टर-5 थाना एरिया में चोरों ने एक कार के डैश बोर्ड से एक लाख रुपए निकाल लिए।



वारदात के दौरान चालक कार में ही सो रहा था और कार के शीशे खुले हुए थे। चालक की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में एमपी के सिद्धी निवासी विवेक त्रिपाठी ने कहा कि वह गुरुग्राम के गांव सुखराली में किराए पर रहता है। वह ओला-उबर कंपनी की कैब चलाता है। उसने अपनी कार को बीती रात सेक्टर-5 एरिया में खाली जगह पर खड़ा किया था।

### 30 पेटी अवैध देशी शराब बरामद,आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा 65 प्रभारी तरुण की टीम ने शराब तस्करी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।



आरोपी का नाम सुनील है जो पलवल के औरंगाबाद का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को स्विफ्ट गाड़ी में अवैध शराब ले जाते हुए फतेहपुर गांव के पास काबू किया था। उसके कब्जे से अवैध देशी शराब मार्का मस्ताना बरामद की गई। गाड़ी और अवैध शराब को पुलिस कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ सदर बल्लभगढ़ थाने में अवैध शराब अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया।

### लोहे की प्लेट चोरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा 65 प्रभारी तरुण की टीम ने चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



आरोपियों में सूरज, अमन तथा सुनील का नाम शामिल हैं जो मेवला महाराजपुर गांव के रहने वाले हैं। 14 मई को सूरजकुंड थाने में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपियों ने मेवला महाराजपुर सरकारी स्कूल के पास से फुटओवर ब्रिज बनाने के लिए प्रगति कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा रखी गई 65 हजार रुपए की लोहे की 70 किलो वजनी 7 प्लेट चोरी की थी।

---

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चला रहे विशेष

# डमी ईवीएम के लोकार्पण के साथ हस्ताक्षर अभियान का किया शुभारंभ, मतदान को 70 प्रतिशत ले जाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

**खास बातें**

- मतदाताओं को वोट डालने की जानकारी व प्रशिक्षण मिलेगा
- 85 वर्ष से अधिक आयु के तथा दिव्यांग मतदाता घर से कर सकेंगे मतदान
- फरीदाबाद में 16 व 18 मई को मतदान की तैयारी पूरी

मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने लघु सचिवालय में डमी इवीएम का लोकार्पण करते हुए हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। उनके आह्वान पर लोगों ने बढ़-चढ़कर हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लेते हुए लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान करने की शपथ ली। लघु सचिवालय में दूर से ही नजर आने वाली बड़े आकार की डमी ईवीएम की स्थापना की गई जिसमें वीवीपैट सहित कंट्रोल यूनिट और बैलेट यूनिट शामिल रही। साथ ही ईवीएम का बटन दबाने का इशारा करता बड़े आकार का हाथ भी शामिल रहा। विक्रम सिंह ने स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत यह आयोजन किया गया है, ताकि मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा सके। उन्होंने कहा कि बहुत से युवा मतदाता ऐसे हो सकते हैं जिन्होंने पहले ईवीएम नहीं देखी होगी। ऐसे युवा मतदाताओं के लिए डमी इवीएम बेहद लाभकारी सिद्ध होगी, जिससे उन्हें वोट डालने की जानकारी व प्रशिक्षण मिलेगा।



**अपने मताधिकार का प्रयोग करें**

विक्रम सिंह ने कहा कि 25 मई को हरियाणा में लोकसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। उन्होंने मतदाताओं का आह्वान किया कि वे इस मौके पर अपने घरों में न बैठे रहें, अपितु घरों से निकलकर मतदान केंद्रों में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। उन्होंने बताया कि इस बार चुनाव आयोग ने 85 प्लस आयु तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा दी है, जिसके तहत फरीदाबाद में 16 व 18 मई को वोट डलवाए जाएंगे। इसकी तैयारी पूर्ण हो चुकी है।

**लू से बचने के लिए किए उपाय**

सिंह ने कहा कि मतदान दिवस के मौके पर गर्मी की अधिकता रहने की संभावना है, जिसके दृष्टिगत लू (हीट वेव) से बचाव के लिए भी मतदान केंद्रों पर प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने मतदाताओं का भी आह्वान किया कि वे सुबह जल्दी आकर वोट डाल सकते हैं। क्यू मैनेजमेंट एप से मतदान केंद्रों पर लगी लाइन की जानकारी घर बैठे प्राप्त करें।

---

भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के पक्ष में लामबंद हुई भड़ानपुरी (पाली) की सरदारी

# जो काम 50 सालों तक कांग्रेस ने नहीं किए उसे मोदी सरकार ने 10 साल में कर दिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

**खास बातें**

- कांग्रेस के राज में हालात नहीं बदला
- पाली में नहीं रहेगी जल निकासी समस्या
- जिले की सभी नौ विधानसभाओं में समान विकास करवाया
- मुस्लिम समाज भाजपा के समर्थन में एकजुट

भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि जो काम 50 सालों तक कांग्रेस ने नहीं किया उसे 10 साल की मोदी सरकार ने कर दिखाया। एनआईटी क्षेत्र के रामतेल्या गांव पाली की भड़ानपुरी में ग्रामीणों द्वारा आयोजित विशाल जनसभा में उमड़े जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस के स्लोगन हाथ बदलेगा हालात पर बड़ा कटाक्ष करते हुए कहा कि जब 50 सालों तक देश में कांग्रेस का राज था, तब हालात नहीं बदले, अब ये लोग क्या हालात बदलेंगे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी जो हरियाणा सरकार में कई बार कैबिनेट मंत्री रहे, जिनके पास नगर निगम व बिजली विभाग था, वह अपने गांव नवादा और सैनिक कालोनी की सड़क तक नहीं बनवा पाए, उस सड़क को भी 15 करोड़ से भाजपा सरकार ने बनवाया है। बिजली मंत्री थे, तो बिजली आती कम थी, जाती ज्यादा थी। भला ऐसे लोग फरीदाबाद का क्या विकास करेंगे, यह लोग केवल स्लोगन बोल सकते हैं, जमीनी स्तर पर काम करना इनके बस की बात नहीं है।



**भाजपा जमीनी स्तर पर काम कर रही**

गुर्जर ने कहा कि केवल भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो जमीनी स्तर पर काम करके लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवा सकती है, इसलिए भाजपा के पक्ष में मतदान कर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का काम करें। पाली के बस अड्डे से गुर्जर को 51 घोड़ों के साथ जुलूस के रुप में जनसभा स्थल तक खुली जीप में लाया गया, जहां जेसीबी से पुष्प वर्षा की गई। इस दौरान पाली गांव की मौजिज सरदारी ने गुर्जर को सम्मान रुपी पगड़ी बांधी और ढोल नगाड़ों की थाप पर उन्हें खुला समर्थन देने का ऐलान किया।

**यह देश की एकता और फरीदाबाद के विकास का चुनाव**

पूर्व सहकारिता मंत्री एवं कद्दावर गुर्जर नेता करतार सिंह भड़ाना ने मंच से अपने भतीजे भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल के लिए झोली फैलाकर वोट मांगे और भड़ानपुरी के लोगों से अपील की कि यह चुनाव देश की एकता और फरीदाबाद के विकास का चुनाव है। उन्होंने भड़ाना द्वारा गांव में जलनिकासी की समस्या का समाधान करने की मांग पर कहा कि वह दुनिया की कोई भी बात टाल सकते है, लेकिन चाचा करतार की नहीं, वह विश्वास दिलाते हैं कि वह गांव की जलनिकासी की समस्या का जड़मूल से समाधान करवाएंगे। इससे पूर्व भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने अपने चुनावी अभियान की शुरुआत गांव पाखल से की। गांव फतेहपुर तगां में मुस्लिम समाज के लोगों ने एकजुट होकर शगुर्जर को अपना पूर्ण समर्थन देते हुए उन्हें विजयी बनाने का ऐलान किया। नेकपुर चौपाल, भाजपा नेता यशवीर डागर द्वारा संजय कालोनी कम्युनिटी सेंटर में, ठाकुर वेदन सिंह द्वारा सोहना रोड स्थित सरोज वाटिका में आयोजित चुनावी सभाओं को संबोधित किया और लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

**गुर्जर विकास पुरुष**

विधायक राजेश नागर, भाजपा नेता धर्मबीर भड़ाना, पूर्व विधायक नगेंद्र भड़ाना, पूर्व विधायक अतर सिंह ने अपने-अपने संबोधनों में कृष्णपाल गुर्जर को विकास पुरुष की संज्ञा लेते हुए कहा कि उन्होंने अपने सांसद कार्यकाल में जिले की सभी नौ विधानसभाओं में समान विकास करवाया है और इसी विकास की बदौलत वह तीसरी बार देश की सबसे बड़ी पंचायत में पहुंचने का गौरव हासिल करेंगे। उन्होंने गुर्जर को विश्वास दिलाया कि गांव पाली के साथ-साथ समूचे एनआईटी क्षेत्र से वह पिछली बार से भी ज्यादा मतों से विजयी होकर नया कीर्तिमान रचेंगे। इस मौके पर भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, आजाद भड़ाना, मनोज भड़ाना, बैजू ठाकुर, गिर्राज लोहिया, सतीश फागना, संदीप चपराना, राकेश धुन्ना, गिर्राज भड़ाना, मेहरचंद हरसाना, बीर सिंह नैन, सुरेंद्र अग्रवाल, बलवीर भड़ाना, सतबीर भड़ाना, दयानंद भड़ाना, प्रताप नागर, जगत भड़ाना, रामबीर चेयरमैन, संदीप भड़ाना आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

---

कांग्रेस प्रत्याशी ने चुनाव सभाओं में कहा

# भाजपा के भ्रष्टाचार को वोट की ताकत से भगाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व केबिनेट मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने बुधवार को अपने चुनाव अभियान की शुरूआत तिगांव विधानसभा क्षेत्र के गांव बडौली से की जहां उनका लोगों द्वारा पगड़ी बांधकर गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया गया। बडौली में आयोजित सभा का आयोजन जिला पार्षद बीरपाल गुर्जर, राकेश चंदीला व रणबीर चंदीला द्वारा किया गया।

सिंह ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले 10 सालों में फरीदाबाद को दिशाहीन किया है। जुमलेबाजी की इस सरकार ने जनता को लूटने का काम किया है। औद्योगिक नगरी के नाम से विश्व में मशहूर इस फरीदाबाद से आज जहां उद्योग पलायन कर रहे हैं युवाओं के समक्ष बेराजगारी का संकट खडा होता जा रहा है। सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़कर फेंकना जरूरी है, ताकि लोगों के जीवन में फिर से खुशहाली आ सके। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के पक्ष में हवा चल निकली है ठीक उसी प्रकार समूचे हरियाणा में बदलाव की आवाज बुलंद हो रही है। इसलिए आप एकजुट हो अपनी वोट की ताकत को पहचानते हुए वोट की चोट से ही इन जुमलेबाजों को हराने का कार्य करें।

**जगह-जगह फूलमालाओं से स्वागत**

सिंह ने गाजीपुर, कावंरका, पिंगोड, भतौला, फरीदपुर, फ्रेंडस कॉलोनी के ऊअलावा कृष्णा कॉलोनी निकट बाटा पुल, एनआईटी नंबर-5 व लोटस गार्डन पृथला में आयोजित चुनावी सभाओं में भी कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान उनका जगह-जगह फूलमालाओं से स्वागत कर अपने समर्थन का ऐलान कर विजयश्री का आर्शीवाद दिया। तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ललित नागर, चौधरी रणवीर चंदीला, दयाराम, जयपालए धर्मा चंदीला, समुन्द्र चंदीला, मदन चेयरमैन, गिरीश भारद्वाज, राजेश आर्य, पं. मनोज, संतराज, सुरेन्द्र जैसल, जयवीर दायमा, मास्टर कैलाश, अजय चंदीला, श्याम नेताजी, हरिचंद, शम्सु ठेकेदार, आभाष चंदीला, महेन्द्र चंदीला, कुलदीप, राममेहर चंदीला, विकास उर्फ विक्की, बिजेन्द्र ठेकेदार, शिराम, सतीश सरपंच, खैराती, वेदप्रकाश यादव, चन्द्र चंदीला, चौ. जीवन लाल, राजेन्द्र चपराना आदि हजारों की संख्या में इलाके के गणमान्य लोग मौजूद थे।

---

चुनाव के दौरान सुरक्षा संबंधी व समन्वय स्थापित करने के लिए

# पुलिस और आईटीबीपी की टुकड़ियों ने की डोमिनेशन और इन्फोर्समेंट एक्सरसाईज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर गुरुग्राम के ईस्ट व वेस्ट पुलिस जोनों के एरिया में गुरुग्राम पुलिस व आईटीबीपी सेना की टुकड़ियों द्वारा सुरक्षा संबंधी व समन्वय स्थापित करने के लिए डोमिनेशन और इन्फोर्समेंट एक्सरसाईज की गई।एसीपी उद्योग नवीन शर्मा व एसीपी सदर कपिल अहलावत की अगुवाई में किए गए इस एरिया डोमिनेशन और इन्फोर्समेंट एक्सरसाईज में संबंधित एरिया के सभी थाना प्रभारियों सहित गुरुग्राम पुलिस व आईटीबीपी के विभिन्न अधिकारियों/ कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इस एक्सरसाईज में पुलिस जोन ईस्ट में थाना सदर के क्षेत्र में राजीव चौक से शुरू होकर बख्तावर चौक से थाना सेक्टर-50 के क्षेत्र में, अंबेडकर चौक से थाना सेक्टर-53 के क्षेत्र में, वजीराबाद रेड लाईट, सेक्टर-56, घाटा टी-पॉइंट, डीएलएफ फेज-1, नीलकंठ हॉस्पिटल, डीएलएफ फेज-3, सिकंदरपुर मेट्रो स्टेशन, डीएलएफ सेक्टर-29, हुड्डा सिटी सेंटर मेट्रो, सुशांत लोक, कन्हैई रेड लाईट, सेक्टर-40, गांव कन्हैई के एरिया में डोमिनेशन और इन्फोर्समेंट एक्सरसाईज की गई।

---

अंडरपास बनाए जाने की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे ग्रामीण

# दिल्ली जयपुर हाइवे पर लगाया जाम, पुलिस ने बल प्रयोग किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

वर्षों पुरानी मांग न माने जाने से खफा राठीवास, दिनौकरी और भूडक़ा गांव के लोगों ने बुधवार को दिल्ली जयपुर हाइवे जाम कर दिया। सड़कों पर उतरे ग्रामीणों को हटाने के लिए पुलिस पहुंची तो ग्रामीणों व पुलिस के बीच काफी देर तक हाईवोल्टेज ड्रामा चला। सूचना मिलते ही मौके पर एनएचएआई के अधिकारी और एसडीएम पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास दिया। लेकिन ग्रामीण अपनी समस्या के समाधान के लिए अड़े रहे। जिसके बाद अधिकारियों ने अंडरपास न बनाए जाने तक राठीवास मोड़ पर कट खोलने का कार्य शुरू करा दिया। वहीं अधिकारियों ने राठीवास मोड़ के दोनों ओर सर्विस रोड बनाए जाने का काम भी शुरू करा दिया। जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए।



**ग्रामीण महिलाओं ने की हाथापाई**

राठीवास मोड़ पर पुलिस ने मामूली बल प्रयोग कर ग्रामीणों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण पुलिस को धक्का देते हुए हाइवे पर पहुंच गए और जाम लगा दिया। वहीं जाम लगाने से रोक रही पुलिस के साथ ग्रामीण भिड़ गए और कुछ देर तो महिलाओं ने हाथापाई भी की। पुलिस को मामूली बल प्रयोग कर ग्रामीणों को नियंत्रण करना पड़ा। करीब 10 मिनट तक जाम लगाने के बाद ग्रामीणों को पुलिस ने हाइवे से हटाया, लेकिन कुछ ही देर बाद एक बार फिर ग्रामीण सड़कों पर उतर आए और जाम लगा दिया।

---

न्यायालय श्रीमान सौरभ बारा तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग. 2 रायगढ (छ.ग.)

// ईश्तहार //

नि. वाद. क्रमांक-43 / 2018
पेशी तारीख - 28.05.2024
प्रोसेस क्रमांक-/2024

चंद्रहास — आवेदकगण

विरुद्ध

पुनमचंद वगै — -- अनावेदकगण

बनाम :- 1- किरण वर्मा आ. स्व. पूनमचंद सोनी सा. ओल्ड फरिदाबाद हरियाणा

आवेदकगण, ने जवाब अंतर्गत आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 05 नियम 20 (1क) व्य. प्र.स 51 व्य. प्र.स. नि. वाद क्रमांक - 43/2018 चंद्रहास विरूद्ध पुनमचंद वगै में निवेदन किया है उपरोक्त पक्षकार की उपस्थिती तलवाना अदा करने एवं नोटिस जारी किये जाने के बाद भी नही हो पा रही है अतः 1- किरण वर्मा आ स्व पूनमचंद सोनी सा0 ओल्ड फरिदाबाद हरियाणा को पेपर प्रकाशन के माध्यम से सूचना एवं उपस्थिती हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः इस नोटिस के जरिये 1- किरण वर्मा आ स्व पूनमचंद सोनी सा ओल्ड फरिदाबाद हरियाणा (जिसका इससे संबंध हो यो जानकारी हो जो अपना पक्ष रखना चाहते हो ) को सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के मार्फत से (जिसे प्रकरण के संबंध में सम्यक जानकारी प्राप्त हो) सुनवाई दिनांक- पेशी तारीख 28.05.2024 को प्रातः 11 00 बजे इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर जवाब सह दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में इस न्यायालय द्वारा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही किया जावेगा।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवा एवं निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यदि उक्त तिथि को पीठासीन अधिकारी के या पेशी दिनांक को अवकाश में होने या अवकाश होने की स्थिति में प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस में की जावेगी।

इस न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर द्वारा आज दिनांक 08.05.2024 को जारी किया गया।

(सौरभ बारा) तृतीय व्यवहार
न्यायाधीश वर्ग- 2 रायगढ छ.ग.

---

# जो कहा, वो किया, कभी झूठे वादे नहीं किएः राव इंद्रजीत

- पटौदी और बादशाहपुर विधानसभा के गांवों का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



भारतीय जनता पार्टी के गुड़गांव लोकसभा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने कहा है कि उन्होंने अपने कार्यकाल में पूरे इलाके का सामान विकास कराया है। फर्रूखनगर व मानेसर क्षेत्र को रेल से जोडऩे का काम किया है। आने वाले दिनों में ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर और रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) का लाभ भी मानेसर से पटौदी क्षेत्र के लोगों को मिलेगा। यह पूरा एरिया आने वाले दिनों में पैसेंजर ट्रेन सेवा से जुडऩे जा रहा है। राव बुधवार को गढ़ी हरसरू, साढऱाणा, चंदू-बुढ़ेड़ा, माकडोला, कालियावास, इकबालपुर, सुल्तानपुर, झांझरोला खेड़ा, मुबारिकपुर, फर्रूखनगर, खेंटावास, सैदपुर, मोहम्मदपुर, धनावास, पातली, हाजीपुर, जुडौला में जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। गांवों में पहुंचने पर गांवों की पंचायत और विभिन्न संगठनों की ओर से राव का जोरदार स्वागत किया।

---

10 राज्यों में ठगी की 32 घटनाओं का पुलिस ने किया खुलासा

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले तीन शातिर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना साइबर क्राइम ने बुधवार को शेयर ट्रेडिंग के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले तीन शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 5 मोबाइल, 4 चेकबुक अलग-अलग बैकों की, 2 चेक, 3 एटीएम कार्ड, 1 पेन कार्ड, 1 आधार कार्ड, 1 वोटर आईडी, 1 मोहर तथा 10 राज्यों की 32 घटनाओं का खुलासा व कुल 29.57 लाख बरामद किए हैं। ये ठग देश के विभिन्न हिस्सों में 32 घटनाओं को अंजाम देकर साढ़े छह करोड़ की ट्रांजेक्शन कर चुके हैं। इन ठगों का नेटवर्क विदेश में बैठे लोगों के साथ चलता था। एडीसीपी सच्चिदानन्द ने बताया कि कुशल पाल सिंह से कुल 70 लाख रुपए विभिन्न खातों में शेयर टेडिंग के नाम पर ट्रांसफर कराकर ठगी की गई।

**विदेश तक फैला है जाल**

6 करोड़ रुपए का ट्रांजेक्शन कर चुके

कब्जे से 29.57 लाख रुपए सहित 5 मोबाइल, 4 चेकबुक, 2 चेक, 3 एटीएम कार्ड बरामद



**कूटरचित शेयर ट्रेडिंग एप डाउनलोड करवाया**

कुशल पाल सिंह निवासी थाना नन्दग्राम गाजियाबाद को सोशल मीडिया पर शेयर ट्रेडिंग से सम्बन्धित वीडियों सर्फिंग करते समय साइबर ठगों ने उन्हें व्हाट्सएप ग्रुप 'राम इन्वेस्टमेंट अकादमी 146 व टेक स्टार वीआईपी टीम 33066 से जोड़ा। लिंक द्वारा 'टेक स्टार' और यूआइसीआईआर कूटरचित शेयर ट्रेडिंग एप डाउनलोड करवाया।

**फर्जी फर्म के नाम से अकाउंट खोला**

*गिरफ्तार ठगों ने 10 राज्यों में 32 घटनाओं को अंजाम दिया। आरोपी रवि शर्मा निवासी डी शास्त्री नगर कृष्णानगर थाना गोविन्दनगर जनपद मथुरा, सुशील शर्म निवासी, श्यामा काम्पलैक्स चम्पा अग्रवाल इण्टर कालेज के सामने, भरतपुर गेट थाना कोतवाली मथुरा, हाल पता मैपल होम्स, दून डिवाइन, नियर आईटी पार्क, भानु राघव उर्फ विक्की निवासी चन्द्रवणी थाना आईएसबीटी जनपद देहरादून है। इन लोगों द्वारा कठैत फाइनेन्शियल सर्विसेस देहरादून नामक फर्जी फर्म बनाकर करेन्ट अकाउन्ट पंजाब नेशनल बैंक की सहस्त्रधारा शाखा देहरादून में खुलवाकर वादी मुकदमा के पैसे धोखाधड़ी से हड़पे थे। इस अकाउन्ट में देश के कुल 32 कुल 6.5 करोड़ रुपए का ट्रांजैक्शन हुआ है।*

## खबर संक्षेप

### कल पूर्वांचल दौरे पर जाएंगे पीएम मोदी



**वाराणसी।** पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार सुबह सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ बरेका हेलीपैड से हेलीकॉप्टर से उड़ान भरकर आजमगढ़ जनसभा को संबोधित करने जाएंगे। वहां निजामाबाद तहसील के गंधुई गांव में उनकी सभा होगी। आजमगढ़ से पीएम जौनपुर के टीडी कॉलेज कैंपस में प्रस्तावित सभा को संबोधित करने पहुंचेंगे। गुरुवार को ही पीएम की भदोही में भी सभा है। जौनपुर से वह सीधे भदोही के ऊंज थाने के पास बन रहे सभास्थल जाएंगे। यहां से वह प्रयागराज के लिए रवाना होंगे।

### कार दुर्घटना में छह दोस्तों की दर्दनाक मौत



**गाजियाबाद।** हापुड़ जिले में नेशनल हाईवे 09 पर अल्लाहबख्शपुर टोल प्लाजा के पास सोमवार रात करीब 12 बजे टायर फटने से अनियंत्रित होकर कार डिवाइडर पार करते हुए दूसरी तरफ जा पहुंची और सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। कार सवार छह दोस्तों की दर्दनाक मौत हो गई। एक गंभीर रूप से घायल हो गया। कार सवार सभी लोग आपस में दोस्त थे। ये लोग लोनी से नैनीताल के पास कैंची स्थित बाबा नीम करौरी आश्रम जा रहे थे। मंगलवार सुबह मृतकों की पहचान लोनी के मोहल्ला न्यू विकासनगर के रूप में हुई।

### पवन सिंह की मां भी चुनावी मैदान में



**सासाराम।** काराकाट लोकसभा सीट के लिए आखिरी दिन भोजपुरी के पावर स्टार पवन सिंह की मां प्रतिमा देवी ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया है। पवन सिंह की मां बिना शोर-शराबे के कलेक्ट्रेट पहुंचीं। इसके बाद चुपचाप रवाना हो गईं। उनके साथ सिर्फ प्रस्तावक थे। इसके पहले नौ मई को पवन सिंह ने अपना नामांकन किया था। पवन सिंह के नामांकन रद्द होने की आशंका पर मां ने भी नामांकन किया है। 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि 16 मई तक नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि है।

लोकसभा के पांचवें और छठे चरण में मतदान बढ़ाने की कवायद

# चुनाव आयोग के निर्देश-मतदाताओं को करें जागरूक उत्साह के साथ वोटिंग के लिए भागीदारी सुनिश्चित करें

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने पांचवें चरण में आगामी 20 मई व 25 मई को छठे चरण की क्रमशः 14-14 लोकसभा सीटों पर होने वाले मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए समुचित प्रयास किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अपने कार्यालय स्थित सभाकक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पांचवें एवं छठे चरण की लोकसभा सीटों वाले जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों, स्वीप के नोडल अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए किये जा रहे प्रयासों एवं रणनीतियों के संबंध में चर्चा की। उन्होंने मतदाता जागरूकता संबंधी आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों में और गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्येक मतदाता का उत्साह के साथ भागीदारी हो, यह सुनिश्चित किया जाए। मतदाता के पास मतदाता पर्ची न होने पर भी मतदाता सूची में नाम देखते हुए मतदान कराया जाए।

**खास बातें**

- अपने वाहन से वोटिंग देने जा सकेंगे
- पोलिंग एजेंट को बाहर नहीं निकालेंगे
- ओआरएस व मेडिकल किट उपलब्ध कराएं
- आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा सक्रिय रखें





**मतदान केंद्र पर वोटर असिस्टेंस बूथ हो**

रिणवा ने निर्देश दिए कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर वोटर असिस्टेंस बूथ बनाने और इस पर बीएलओ की उपस्थिति तथा मतदाता सूची की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। वोटर असिस्टेंस बूथ की पहचान के लिए संकेतक भी लगाए जाएं। मतदाता पर्ची का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराया जाए। और प्रमाण स्वरूप मतदाता पर्ची प्राप्तकर्ता का नाम व मोबाइल नंबर भी लें। मतदान के लिए परिवार को ले जाने के लिए किसी व्यक्ति द्वारा अपने वाहन का प्रयोग करने पर उसे बूथ पर निर्धारित स्थान तक जाने से न रोका जाए।

**धूप से बचाव का प्रबंधन करें**

रिणवा ने निर्देश दिए कि मतदान केंद्रों पर धूप से बचाव के लिए छाया की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मतदाताओं को गर्मी से बचाने के लिए सुबह के समय अधिक से अधिक मतदान कराने के प्रयास किए जाएं। लू से बचाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएं। प्रत्येक मतदान स्थल पर पैरामेडिक्स व आशा कार्यकर्ताओं के साथ पर्याप्त ओआरएस एवं मेडिकल किट उपलब्ध कराई जाए।

***प्रवेशद्वार पर ही संकेतक बनाएं***

*रिणवा ने निर्देश दिए कि मतदाताओं को मतदान करने के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े, इसके लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर पोलिंग बूथ की जानकारी के लिए साइनेज के साथ आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। प्रत्येक मतदान केंद्र के प्रवेशद्वार पर ही पोलिंग बूथ की जानकारी, शीतल पेयजल की सुविधा, शौचालय आदि के लिए संकेतक बनाए जाएं। किसी भी पोलिंग एजेंट को पुलिस द्वारा मतदान केंद्र के बाहर नहीं किया जाएगा।*

उरई और महोबा की चुनाव रैली में विपक्ष पर बरसे सीएम योगी आदित्यनाथ

# पिछली सरकारों ने बुंदेलखंड को अपराधियों के हवाले किया, अब युवाओं का पलायन नहीं

सीएम योगी आदित्यनाथ ने उरई और महोबा की चुनाव रैली में कांग्रेस और सपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अब युवाओं को बुंदेलखंड से पलायन नहीं करना पड़ेगा, यह करिश्मा पीएम मोदी का है।

एजेंसी ▶▶ उरई/महोबा

सीएम योगी आदित्यनाथ बुधवार को उरई में भाजपा के प्रत्याशी भानू प्रताप वर्मा के समर्थन में राजकीय इंटर कॉलेज में चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस और सपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अब युवाओं को बुंदेलखंड से पलायन नहीं करना पड़ेगा, यह करिश्मा पीएम नरेंद्र मोदी का है।

उन्होंने कहा कि जब से केंद्र व प्रदेश में भाजपा सरकार आई है, बुंदेलखंड चारों तरफ से योजनाओं से जुड़ चुका है। लेकिन, पिछली सरकारों में अपराधियों के हवाले कर दिया गया था। अब युवाओं को बुंदेलखंड से पलायन नहीं करना पड़ेगा, यह करिश्मा पीएम मोदी का है। 10 वर्ष के अंदर पीएम मोदी ने पूरे देश का कायाकल्प कर दिया है। पिछली सरकार में लोग भूख से मर रहे थे, उन्हें इलाज नहीं मिल रहा था, लेकिन भाजपा में मोदी सरकार आते ही सबके साथ और सबके विकास पर काम किया गया है। एक तरफ राम मंदिर को बचाने वाले खड़े हैं, और दूसरी तरफ उनके विरोधी अब आपको सोचना है कि आपको किसको सुना है।

**खास बातें**

- 10 वर्ष में पीएम मोदी ने देश का कायाकल्प किया
- मोदी के नेतृत्व में लोगों को राशन और इलाज मिल रहा
- कांग्रेस पाकिस्तान का राग अलाप रही
- भारत का एटम बम फ्रिज में रखने के लिए नहीं



**रामभक्तों पर चलवाई थी गोली**

कांग्रेस के समय में आतंकी विस्फोट होते थे, लेकिन जैसे ही भाजपा सरकार आई सभी गतिविधियों को दूसरे देशों ने रोक दिया। क्योंकि हम हमले का मुंहतोड़ जवाब देते हैं। आपको याद रखना होगा कि जब रामभक्तों पर गोली चली थी, तब केंद्र में कांग्रेस की और प्रदेश में सपा की सरकार थी। सीएम ने कहा कि कांग्रेस पाकिस्तान का राग अलाप के भारत को कितना कलंकित करेगी। कांग्रेस के लोग कहते हैं कि पाकिस्तान के पास एटम बम है। हम उन्हें बताना चाहते हैं कि हमारा एटम बम फ्रिज में रखने के लिए नहीं है।

**बुंदेलखंड के उत्पादों को मिल रही पहचान**

सीएम योगी ने कहा कि बुंदेलखंड के एक-एक उत्पाद को पहचान मिल रही है। कालपी का कागज हो या जालौन का मटर। यह दुनिया में हर जगह छाता हुआ दिखाई दे रहा है। डिफेंस कॉरिडोर में बनने वाला हथियार भारत की सुरक्षा में अभेद्य दुर्ग बनकर खड़ा हुआ है।

**आपके संकल्प को पूरा करते रहेंगे**

सीएम योगी ने कहा कि जब हम केंद्र में राज्य में नहीं थे, लेकिन जैसे ही आप लोगों ने आशीर्वाद दिया, तो हम आपके संकल्प को पूरा करने में जुड़ गए। हम आपको विश्वास दिलाना चाहते हैं कि भाजपा प्रत्याशी को अपना आशीर्वाद दें, जिससे हम आपके संकल्प को पूरा कर सकें।

**पाकिस्तान का राग अलापने वाले, हिंदुस्तान**

सीएम योगी ने महोबा में हमीरपुर लोकसभा सीट के लिए चुनाव जनसभा में विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन्हें पाकिस्तान से प्यार है वह भारत पर बोझा क्यों बने हैं? योगी ने पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था की तुलना करते हुए कहा कि भारत में 80 करोड़ लोग मुफ्त राशन ले रहे हैं। वहां लोग आंदोलन कर रहे हैं। 1 किलो आटे के लिए मारपीट और छिना-छपटी हो रही है। उन्होंने कहा कि जितनी पाकिस्तान की आबादी है उससे अधिक पीएम नरेंद्र मोदी ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से उभार करके खुशहाल जीवन जीने के लिए आगे बढ़ाया है।

भाजपा पर हमलावर हुए तेजस्वी

# सरकार की गलत नीतियों से 25 करोड़ युवा हुए बेरोजगार



एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरपुर

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गलत नीतियों के कारण आज 25 करोड़ नौजवान 'गतायु' हो चुके हैं। यानी नौकरी करने के लिए उनकी उम्र खत्म हो गई। इसका साफ मतलब है कि वो बेरोजगार हो चुके हैं। उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। 25 करोड़ युवा मामूली संख्या नहीं है। तेजस्वी यादव ने कहा कि मोदी सरकार की उदासीनता का खामियाजा हमारे युवा भुगत रहे हैं। लगातार बढ़ती बेरोजगारी ने उनका भविष्य बर्बाद कर दिया है। देश के करीब 25 करोड़ युवाओं की उम्र केंद्र सरकार की रोजगार नीति की अनुपस्थिति की वजह से (नौकरी के लिए) अधिक हो गई है। मुजफ्फरपुर में कांग्रेस प्रत्याशी अजय निषाद के पक्ष के वोट मांगने गए तेजस्वी यादव ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने खुद नीति बनाई थी कि भाजपा में 75 साल की उम्र के बाद लोग मार्गदर्शक मंडली में लोग जाएंगे। मुझे विश्वास है कि पीएम मोदी अपनी बनाई नीतियों के अनुसार मार्गदर्शन मंडली में जाएंगे।

**भाजपा की विदाई में तीन हफ्ते शेष**

उन्होंने कहा कि मुझे डॉक्टर ने दर्द की वजह से आराम करने को कहा है। लेकिन, आराम करेंगे तो भाजपा वाले कोई खेला कर देंगे। कहा कि भाजपा की विदाई को तीन हफ्ते ही रह गए हैं। अभी आराम नहीं कर सकते हैं। मैंने आप लोग के लिए अपने स्वास्थ्य को भी दांव पर लगा दिया है ताकि देश में परिवर्तन हो और मोदी जी को हटा कर नई सरकार बनाने में मदद किया जा सके। तेजस्वी यादव ने कहा कि अग्निवीर योजना के जरिए सेना में गए युवाओं को 22 साल में सेवानिवृत कर दिया जा रहा है। अब जब 22 साल युवा सेवानिवृत हो रहा है। अब तब 22 साल के युवा को पीएम मोदी सेवानिवृत कर रहे तो खुद भी वह 75 साल के हो गए। पीएम मोदी जो देश और युवाओं का कल्याण नहीं सोच सकते उन्हें मार्गदर्शन मंडल में शामिल हो जाना चाहिए।

## पेज एक का शेष

### पाक में बुर्का...

की प्रक्रिया को लेकर कहा कि बहुत आसानी से आवेदन किया था। वहीं, भारत की नागरिकता मिलने पर एक अन्य शख्स ने बताया कि करीब 14 साल से दिल्ली के मजूनं के टीले पर रहते हैं। लग रहा है कि नया जन्म हुआ है। उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तान से आए थे। अब नागरिकता का अधिकार मिलने से पढ़ाई के साथ नौकरी भी कर सकते हैं। बहुत ही अच्छी फीलिंग हैं। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि हमारा दोबारा जन्म हुआ है।

### अंग्रेज चले गए...

हश्र होना है। मुख्यमंत्री बुधवार को दिल्ली, हरियाणा व उप्र के सघन चुनावी दौरे पर रहे। उन्होंने जनसभा में कहा कि वर्ष 1835 में लॉर्ड मैकाले ने जब शिक्षा नीति लागू की तब उस शिक्षा नीति में दुर्भाग्य से भगवान श्री कृष्ण और भगवान श्री राम के सारे अध्यायों को निकालकर शिक्षा नीति को देव विहीन कर दिया।

उन्होंने कहा कि पहले अमेरिका के राष्ट्रपति आते थे तो भेंट के रूप में ताजमहल की प्रतिकृति देते थे, पर आज मुझे खुशी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पवित्र गीता का ज्ञान उन्हें भेंट करते हैं। यह कह सकते हैं कि जो राम का नहीं, वो किसी काम का नहीं। उन्होंने कहा कि हरियाणा की धरती पर जब महाभारत का महायुद्ध हुआ। उस युद्ध की धमक से दुनिया दहल उठी थी। ऐसे कठिन समय में भी, जिसने शिक्षा ग्रहण की थी, उस समय में उनके मुख से 18 अध्याय की पवित्र गीता निकली।

### रामचरित मानस

परक्षण है, जिससे देश की समृद्ध साहित्यिक विरासत और सांस्कृतिक विरासत की पुष्टि होती है। यह वैश्विक सांस्कृतिक संरक्षण की दिशा में हो रहे प्रयासों में एक कदम आगे बढ़ने का प्रतीक है, जो हमारी साझा मानवता को आकार देने वाली विविध कथाओं और कलात्मक अभिव्यक्तियों को पहचानने और सुरक्षित रखने के महत्व पर प्रकाश डालता है। इन साहित्यिक उत्कृष्ट कृतियों का सम्मान करके, समाज न केवल उनके रचनाकारों की रचनात्मक प्रतिभा को श्रद्धांजलि देता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि उनका गहन ज्ञान और कालातीत शिक्षाएं भावी पीढ़ियों को प्रेरित करती रहें और उनकी जानकारियां बढ़ाती रहें।

प्रोफेसर रमेश चंद्र गौड़ ने किया प्रस्तुतः आईजीएनसीए में कला निधि प्रभाग के डीन (प्रशासन) और विभाग प्रमुख प्रोफेसर रमेश चंद्र गौड़ ने भारत से इन तीन प्रविष्टियों- राम चरित मानस, पंचतंत्र और सहृदयालोक-लोकन को सफलतापूर्वक प्रस्तुत किया। प्रो. गौर ने उलानबटार सम्मेलन में नामांकनों का प्रभावी ढंग से समर्थन किया। यह उपलब्धि भारत की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए आईजीएनसीए के समर्पण को प्रदर्शित करती है, साथ ही, वैश्विक सांस्कृतिक संरक्षण और भारत की साहित्यिक विरासत की उन्नति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। ऐसा पहली बार हुआ है जब आईजीएनसीए ने 2008 में अपनी स्थापना के बाद से क्षेत्रीय रजिस्टर में नामांकन जमा किया है। गहन विचार-विमर्श से गुजरने और रजिस्टर उपसमिति (आरएससी) से सिफारिशें प्राप्त करने और बाद में सदस्य देशों के प्रतिनिधियों द्वारा मतदान के बाद, सभी तीन नामांकनों को शामिल किया गया, जिससे 2008 में रजिस्टर की स्थापना से पहले की महत्वपूर्ण भारतीय प्रविष्टियों को चिह्नित किया गया।

### एफडी की ब्याज...

पर 5.50 फीसदी ब्याज दे रहा है। 180 दिन से 210 दिन की एफडी पर 6 फीसदी ब्याज दर ऑफर कर रहा है। 211 दिन से लेकर 1 साल से कम अवधि वाली एफडी पर 6.25 फीसदी ब्याज दर है। एक साल से लेकर 2 साल से कम अवधि वाली एफडी पर ब्याज दर 6.80 फीसदी है। सबसे ज्यादा ब्याज दर 2 साल से लेकर 3 साल से कम की एफडी पर 7 फीसदी है। बैंक 3 साल से लेकर 5 साल से कम अवधि वाली एफडी पर 6.75 फीसदी ब्याज दर ऑफर कर रहा है। वहीं, 5 साल से लेकर 10 साल तक की अवधि वाली एफडी पर ब्याज दर 6.50 फीसदी है।

सीनियर सिटीजंस को मिलता है ज्यादा ब्याजः देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक एसबीआई सीनियर सिटीजंस को एफडी पर 0.50 फीसदी अतिरिक्त ब्याज देता है। सीनियर सिटीजन एफडी पर एसबीआई की ब्याज दर 4 से 7.5 फीसदी है। सबसे ज्यादा ब्याज दर 2 साल से लेकर 3 साल से कम अवधि वाली एफडी पर 7.50 फीसदी ऑफर हो रही है। वहीं, 5 साल से लेकर 10 साल तक की अवधि वाली एफडी पर भी एसबीआई सीनियर सिटीजंस को 7.5 फीसदी ब्याज दर दे रहा है।

मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास को राहत

# सुप्रीम कोर्ट ने पिता के फातिहा में शामिल होने की दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



सुप्रीम कोर्ट ने मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को राहत देते हुए उसे अपने पिता के फातिहा में शामिल होने की मंजूरी दे दी है। मुख्तार अंसारी की मौत के बाद उसकी याद में 10 जून को फातिहा कार्यक्रम आयोजित होगा। कोर्ट ने अब्बास अंसारी को 11 और 12 जून को पुलिस हिरासत में अपने परिवार के साथ समय बिताने की भी मंजूरी दे दी है।

कोर्ट के आदेश के तहत अब्बास अंसारी को 9 जून की सुबह पुलिस हिरासत में कासगंज जेल से गाजीपुर ले जाया जाएगा। अब्बास अंसारी 10 जून को प्रार्थना सभा (फातिहा) में शामिल होगा और फिर उसे गाजीपुर जेल ले जाया जाएगा। 11 और 12 जून को एक तय समय तक अब्बास अंसारी अपने परिजनों से मिल सकेगा।

मायावती ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर साधा निशाना

# नौकरियों में आरक्षण का कोटा नहीं भरा, गरीबों की फिक्र नहीं

एजेंसी ▶▶ बांदा

बांदा जिले में अतर्रा के हिंदू इंटर कॉलेज में चुनावी जनसभा में बहुजन समाजवादी पाटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने केंद्र व प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों में आरक्षण का कोटा अभी तक नहीं भरा गया है। अखिलेश यादव भी दलित, अति पिछड़ों और आदिवासियों के खिलाफ हैं। मोदी पर कटाक्ष करते हुए कि वह सिर्फ पूंजीपतियों को ही मालामाल कर रहे हैं, गरीबों की उनको कोई फिक्र नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की तरह भाजपा ने जांच एंजेसियों का राजनीतिकरण कर दिया है।

अखिलेश यादव भी दलित, अति पिछड़ों और आदिवासियों के खिलाफ



**विरोधी दलों के घोषणा पत्र हवा-हवाई**

उन्होंने भाजपा और इंडिया गठबंधन के घोषणा पत्र को हवा-हवाई बताते हुए कहा कि बहुजन समाज पार्टी इसी वजह से घोषणा पत्र नहीं बनाती, पार्टी जो कहती है वह करती है। एक अकेले बसपा को छोड़ सभी दलों ने करोड़ों रुपये का चंदा पूंजीपतियों से वसूला है। ऐसा सुप्रीम कोर्ट की रिपोर्ट से स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि यदि बसपा की सरकार बनी, तो युवाओं को नौकरी मिलेगी और मुस्लिमों का उत्पीड़न तो रुकेगा ही।

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस की हड़प ली गई जमीन

अगली सुनवाई 16 मई को होगी

# राज्य सरकार पर नाराज हाई कोर्ट ने कहा- छह माह बाद भी स्थिति जस की तस, बिंदुवार जवाब पेश करें

एजेंसी ▶▶ रांची

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस एमवाई इकबाल की रांची स्थित जमीन को भू-माफिया द्वारा अवैध तरीके से हड़पने के मामले में झारखंड हाईकोर्ट द्वारा लिए गए स्वतः संज्ञान से दर्ज याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की खंडपीठ में सुनवाई हुई। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से दिए गए जवाब पर अदालत ने नाराजगी व्यक्त की। कोर्ट मित्र के द्वारा जवाब पर उठाए गए सवाल और जवाब में आई खामियों को दूर करते हुए विस्तृत और बिंदुवार जवाब पेश करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई की तारीख 16 मई निर्धारित की गई।

सरकार ने सही ढंग से काम नहीं किया

काम की रफ्तार धीमी, धरातल पर काम नहीं

बताएं कितने भू माफिया भगोड़े, कितनों के खिलाफ वारंट जारी किया




**आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं**

कोर्ट मित्र अतनु बनर्जी ने कहा कि राज्य सरकार को जिस तरीके से काम करना चाहिए था, उस तरीके से काम नहीं किया जा रहा है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई में तेजी आनी चाहिए, वह नहीं हो पा रही है। रूटीन में भी काम नहीं हो पा रहा है। काम की रफ्तार धीमी है, जिससे आरोपियों पर किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई धरातल पर नहीं दिखाई दे रही है। छह माह बीत चुके हैं, कुछ आगे नहीं बढ़ा है।

**कितने भू माफियों पर की कार्रवाई**

*पूर्व में अदालत ने सरकार को अपने जवाब में यह बताने को कहा है कि कितने भू माफियाओं पर कार्रवाई की गई है, कितने भगोड़े हैं। ऐसे अपराधी के खिलाफ पेपर प्रकाशन किया गया या नहीं। कितने अपराधी के खिलाफ वारंट जारी किया गया है। कितने अपराधी के खिलाफ इश्तेहार और कुर्की जब्ती जारी की गई है। बता दें कि पूर्व जस्टिस की रांची स्थित जमीन पर भू-माफियाओं की नजर पड़ गई थी। माफिया के द्वारा उनकी बाउंड्री को तोड़कर वहां गेट लगाया जा रहा था, जिसे बाद में भगाया गया। इस मामले में झारखंड हाईकोर्ट स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई कर रहा है।*

फिटनेस फंडा / करण मेहरा

# डेली वर्कआउट के लिए टाइम मैनेज करता हूं

इन दिनों सोनी एंटरटेनमेंट टीवी पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'मेहंदी वाला घर' में मनोज अग्रवाल के किरदार में एक्टर करण मेहरा नजर आ रहे हैं। अपनी फिटनेस को मेंटेन करने के लिए वे क्या कुछ एफर्ट्स करते हैं, जानिए उन्हीं की जुबानी।



करण मेहरा टीवी इंडस्ट्री के पॉपुलर एक्टर्स में शामिल हैं। वे अच्छे एक्टर होने के साथ अपनी फिटनेस को लेकर भी कॉन्शस रहते हैं। यहां **हरिभूमि** से अपना फिटनेस फंडा शेयर कर रहे हैं करण मेहरा।

### फिटनेस आइडियल

वैसे तो मेरा कोई फिटनेस आइडियल नहीं है। लेकिन फिल्म स्टार रितिक रोशन को मैं लाइक करता हूं क्योंकि वे बहुत फिटनेस फ्रीक हैं। उन्होंने अपनी बॉडी को अच्छा मेंटेन कर रखा है। उनकी बॉडी फिटनेस को आइडियल बॉडी कहा जा सकता है। उनसे मैं इंस्पायर होता हूं।

### डाइट प्लान

हेल्दी रहने के लिए मेरा कोई खास डाइट प्लान नहीं है। मैं हेल्दी फूड्स लेने में बिलीव करता हूं। दिन भर कुछ खाते रहने के बजाय मैं सिर्फ दो बार हेल्दी और न्यूट्रिशस फूड्स खाता हूं-लंच एंड डिनर। कुछ लोग अपने लिए स्पेशल टाइप के डाइट प्लांस बनाते और उसे फॉलो करते हैं, लेकिन मैंने ऐसा कभी नहीं किया।

### वर्कआउट रूटीन

मैं कोई पर्टिकुलर वर्कआउट नहीं करता हूं। मेरा मानना है कि जब आप किसी भी तरह की एक्सरसाइज या वर्कआउट डेली करते हैं तो यह बॉडी के लिए बहुत ही अच्छा होता है। वर्कआउट के लिए मैं डेली सुबह सात बजे तक जिम पहुंच जाता हूं। निश्चित समय तक एक्सरसाइज करने के साथ रूटीन वर्क के बाद नौ बजे तक शूटिंग के लिए सेट पर पहुंच जाता हूं।

### करता हूं टाइम मैनेजमेंट

यह सही है कि मेरा शेड्यूल बहुत बिजी रहता है, ऐसे में एक्सरसाइज के लिए टाइम निकालना टफ होता है, लेकिन ऐसा करना जरूरी है। इसलिए मुझे टाइम मैनेज करना ही पड़ता है। अगर शूटिंग के लिए सुबह नौ बजे की शिफ्ट हो तो सुबह सात बजे जिम जाकर वर्कआउट करता हूं। अगर शूटिंग की शिफ्ट किसी दिन सुबह सात बजे ही होती है तो मैं शाम को वर्कआउट के लिए जाता हूं। यानी किसी भी तरह से वर्कआउट के लिए मैं टाइम मैनेज करता हूं।

### रीडर्स को मैसेज

मेरा मानना है कि हर किसी को अपनी बॉडी और इसकी स्ट्रेंथ के बारे में पता होता है। इसलिए कोई एक ही फंडा सभी पर लागू नहीं हो सकता है। मैं तो यही सलाह दूंगा कि अपनी शारीरिक क्षमता और पसंद के हिसाब से वर्कआउट करें। वर्कआउट और डाइट के बीच बैलेंस बनाना जरूरी है। इससे हम हेल्दी और फिट रह सकते हैं।

### ऐसे रहता हूं मेंटली हेल्दी

हैप्पी लाइफ के लिए फिजिकल हेल्थ के साथ मेंटल हेल्थ पर ध्यान देना भी बहुत जरूरी है। मेंटली हेल्दी रहने के लिए मैं हमेशा खुश रहने की कोशिश करता हूं। आजकल की लाइफ में इतनी भाग-दौड़ और तनाव बढ़ता जा रहा है कि लोगों का खुश रहना बहुत मुश्किल हो गया है। जबकि मेंटली हेल्दी रहने के लिए खुश रहना सबसे जरूरी है। इसलिए मैं खुश रहने का प्रयास करता हूं। *

प्रस्तुतिः सेहत डेस्क

---

स्पेशलः वर्ल्ड हाइपरटेंशन-डे, 17 मई

आज के दौर में हाई बीपी को लोग कॉमन हेल्थ प्रॉब्लम मानने लगे हैं। लेकिन इसे लेकर लापरवाही बरतना सही नहीं है, क्योंकि इसकी वजह से आप कई अन्य खतरनाक बीमारियों से ग्रस्त हो सकते हैं। हम आपको यहां विस्तार से बता रहे हैं कि हाई ब्लड प्रेशर किस तरह की समस्याएं बढ़ाता है और किस तरह से आपको इससे बचना चाहिए?

# लाइफस्टाइल-डाइट सुधारकर कंट्रोल कर सकते हैं हाइपरटेंशन







डॉक्टर्स एडवाइस

आज वैश्विक स्तर पर हाई ब्लड प्रेशर की समस्या गंभीर रूप से कई लोगों को प्रभावित कर रही है। पहले के समय में यह समस्या उम्र बढ़ने के साथ होती थी लेकिन वर्तमान समय में बहुत से युवा भी इस समस्या की चपेट में आ रहे हैं। हाई ब्लड प्रेशर से होने वाले खतरों के बारे में लोग सतर्क रहें और बचाव के लिए जागरूक रहें, इसी उद्देश्य से हर साल 17 मई को वर्ल्ड हाइपरटेंशन-डे मनाया जाता है। इस बारे में जानना सभी के लिए जरूरी है।

### बढ़ता है कई बीमारियों का रिस्क

नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीनियर डायरेक्टर एंड प्रोग्राम हेड- कार्डियक साइंसेज, **डॉ. हेमंत मदान** के अनुसार, 'सामान्य रूप से एक स्वस्थ व्यक्ति का ब्लड प्रेशर 120/80 होता है। हाई ब्लड प्रेशर की स्थिति में व्यक्ति का ब्लड प्रेशर इस नॉर्मल वैल्यू के ऊपर पहुंच जाता है। ऐसे में शरीर की धमनियों में रक्त का दबाव अधिक बढ़ जाता है। अकसर दिनभर में रक्त चाप कई बार बढ़ता और कम होता रहता है, लेकिन अगर हाई ब्लड प्रेशर की स्थिति लंबे समय तक रहती है तो यह सेहत के लिए हानिकारक हो सकती है और इसके कई दुष्प्रभाव सामने आ सकते हैं। इस समस्या के कारण हार्ट डिजीजेज, हार्ट फेलियर और स्ट्रोक जैसी अनेक बीमारियां होने का खतरा रहता है।'

### हाई ब्लड प्रेशर के कारण

हाई ब्लड प्रेशर के कारणों के बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में इंटरवेंशनल, क्लिनिकल, क्रिटिकल कार्डियोलॉजी एंड इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी के सीनियर कंसल्टेंट **डॉ. अविनाश बंसल** बताते हैं, 'ज्यादातर हाई ब्लड प्रेशर के मामलों में कोई एक कारण जिम्मेदार नहीं होता है। अनियमित जीवनशैली, खराब खान-पान, आनुवांशिक कारण और प्रदूषण से जुड़े हुए कारण जब सामूहिक रूप से लंबे समय तक किसी व्यक्ति को प्रभावित करते हैं, तो हाई ब्लड प्रेशर की समस्या बढ़ने लगती है। शारीरिक गतिविधि की कमी, जंक फूड और प्रोसेस्ड फूड का अधिक सेवन, अनियमित लाइफस्टाइल, अधिक सिगरेट और शराब का सेवन व्यक्ति को हाइपरटेंशन का शिकार बना देता है। इसके अलावा तनाव भी मुख्य रूप से हाई ब्लड प्रेशर के लिए जिम्मेदार होता है क्योंकि अधिक तनाव के कारण ऐसे हार्मोंस निकलते हैं, जो रक्त वाहिकाओं पर दबाव डालते हैं और ब्लड प्रेशर बढ़ने लगता है। ऐसे में इन कारणों को समझ कर लाइफस्टाइल में आवश्यक परिवर्तन करना जरूरी है।'



### हाई ब्लड प्रेशर के प्रमुख लक्षण

हाई ब्लड प्रेशर के लक्षणों के बारे में नारायणा हॉस्पिटल और आरएन टैगोर हॉस्पिटल, दिल्ली के सीनियर कंसल्टेंट-कार्डियक सर्जरी **डॉ. ललित कपूर** डिटेल में बताते हैं, 'हाई ब्लड प्रेशर को एक तरह से साइलेंट किलर के नाम से भी जाना जाता है। अकसर ऐसा देखा गया है कि हाई ब्लड प्रेशर के मरीज में लक्षण या किसी भी तरह के संकेत जल्दी देखने को नहीं मिलते हैं, लेकिन इसके कुछ सामान्य लक्षण हैं, जिनका पता लगने के बाद आप ब्लड प्रेशर की जांच करा सकते हैं। इन लक्षणों में चक्कर आना, सांस लेने में मुश्किल होना, थकान, नाक से खून आना, अकसर सिर दर्द रहना, नजर में परिवर्तन आना, सीने में दर्द महसूस होना और यूरिन के साथ ब्लड आना जैसे लक्षण शामिल हैं। ऐसे लक्षणों के प्रति सतर्कता आवश्यक है। भूलकर भी ऐसे लक्षणों के प्रति लापरवाही ना बरतें और तुरंत डॉक्टर से संपर्क करके आवश्यक जांच कराएं।'

### हाई बीपी से बचाव के उपाय

हाई बीपी से बचाव के उपायों के बारे में धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली में डायरेक्टर-कार्डियोलॉजी **डॉ. समीर कुब्बा** बताते हैं, 'लंबे समय तक हाई ब्लड प्रेशर की स्थिति शरीर में कई गंभीर बीमारियां उत्पन्न कर सकती हैं, इसलिए बचाव के तौर पर आपको कुछ सावधानी बरतने की आवश्यकता है। सबसे पहले तो आप नमक का सेवन सीमित करें, शराब का सेवन और धूम्रपान बिल्कुल भी ना करें, अपने तनाव को कम करने के लिए व्यायाम और योग को प्राथमिकता दें, फास्ट फूड के सेवन से बचें, सिर्फ पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों का ही सेवन करें। चाय और कॉफी का सेवन भी कम करें। इसके अलावा नियमित रूप से अपने ब्लड प्रेशर की जांच कराते रहें और डॉक्टर के संपर्क में बने रहें।' *

### नॉर्मल बीपी और हाई बीपी में क्या होता है अंतर


अमेरिका की ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी में वेकस्नर मेडिकल सेंटर में कार्डियोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. जिम ल्यू कहते हैं, 'ब्लड प्रेशर वह फोर्स है, जिसका प्रयोग हमारा ब्लड आर्टिरीज वॉल्स में प्रवेश के लिए करता है। हमारा हार्ट ब्लड पंप करता है तो यह ऑक्सीजन से युक्त रक्त को हमारी आर्टिरीज में धकेलने के लिए बल का प्रयोग करता है। यहीं से यह हमारी विभिन्न कोशिकाओं और ऊतकों तक पहुंचता है। यह काम दिन भर होता रहता है और प्रति मिनट 60 से 100 बार तक होता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन और अमेरिकन कॉलेज आफ कार्डियोलॉजी ने सामान्य ब्लड प्रेशर 120/80 बताया है। यू एस सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन ने 130 /80 या इससे ज्यादा बीपी को हाई बीपी बताया है।

-अंजू जैन

### हाई बीपी को लेकर कई लोग करते हैं लापरवाही

**हाई ब्लड प्रेशर** के खतरे के बारे में लोग आज भी जागरूक नहीं हैं, जिस कारण अधिकांश लोग आज भी आसानी से इसकी चपेट में आ जाते हैं। आईसीएमआर के राष्ट्रीय रोग सूचना विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र द्वारा कराए गए एक नए अध्ययन में पता चलता है कि भारत में 18 से 54 साल के उम्र वाले 30 प्रतिशत लोगों ने कभी अपना ब्लड प्रेशर नहीं नपवाया है। यह अध्ययन हाल ही में इंटरनेशनल जर्नल ऑफ पब्लिक हेल्थ में प्रकाशित हुआ है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार, हाई ब्लड प्रेशर का मतलब है कि नसों में खून का फ्लो तेज होना। डॉक्टरों का कहना है कि हाई ब्लड प्रेशर दिल का दौरा, ब्रेन स्ट्रोक और लंबे समय में किडनी खराब होने जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। अध्ययन में यह भी पाया गया कि देश में प्री-हाइपरटेंशन यानी शुरुआती हाई ब्लड प्रेशर की दर भी विभिन्न जिलों में 34 प्रतिशत तक है। प्री-हाइपरटेंशन वह अवस्था है, जहां ब्लड प्रेशर सामान्य से थोड़ा अधिक होता है, लेकिन हाई ब्लड प्रेशर की श्रेणी में अभी नहीं आता। इस अध्ययन में शामिल डॉक्टरों का कहना है कि अध्ययन इस बात की ओर इशारा करता है कि भारत में लोगों को अपने सेहत के प्रति जागरुकता बढ़ाने की जरूरत है। नियमित रूप से ब्लड प्रेशर की जांच करवाना बहुत जरूरी है। खासकर 40 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए।

-अजेश कुमार



---

डिजीज

डॉ. अरु हांडा
सीनियर कंसल्टेंट-ईएनटी डिपार्टमेंट
मेदांता हॉस्पिटल, गुरुग्राम

अगर आपकी नाक अकसर बंद महसूस होती है और आपको सांस लेने में परेशानी होती है तो सचेत हो जाएं। यह साइनस का लक्षण हो सकता है। क्यों होता ऐसा और इससे कैसे करें बचाव, जानिए।

# ईजिली हो सकता है साइनस ट्रीटमेंट





जब नाक बंद होने के कारण रात को ठीक से नींद ना आए तो ऐसी शारीरिक दशा को साइनोसाइटिस या साइनस कहते हैं।

**क्या है साइनस :** सिर के स्कैल्प की हड्डियों में असंख्य बारीक छिद्र होते हैं, जिनके माध्यम से ब्रेन तक ऑक्सीजन पहुंचती है। सर्दी-जुकाम होने की स्थिति में इन छिद्रों में कफ भर जाता है, जिससे सांस लेने में तकलीफ के साथ सिर में बहुत भारीपन महसूस होता है। आमतौर पर सर्दी-जुकाम को ठीक होने में तीन से चार दिन लग जाते हैं, लेकिन कुछ लोगों को जुकाम बहुत कम होता है, एक या दो दिनों के बाद ही रनिंग नोज की समस्या दूर हो जाती है, इससे नाक से गंदगी बाहर नहीं निकल पाती। कुछ समय के बाद यही कफ साइनस का रूप धारण कर लेता है। इसीलिए सर्दी-जुकाम होते ही उसे दवा लेकर रोकने की कोशिश नहीं करनी चाहिए क्योंकि इससे साइनस हो सकता है।

**साइनस के प्रकार :** लक्षणों के आधार पर साइनस चार प्रकार का हो सकता है।

**एक्यूट :** इसमें नाक से पानी गिरना या अचानक नाक बंद हो जाना दोनों ही स्थितियां हो सकती हैं। कई बार यह समस्या महीनों तक बनी रहती है। बैक्टीरियल इंफेक्शन इसकी प्रमुख वजह है। यह संक्रमण लोगों की सांस की नली के ऊपरी हिस्से में होता है, इसे दूर करने के लिए एंटीबायोटिक्स, पेन किलर और नेजल ड्रॉप लेने की जरूरत पड़ती है। अधिक मात्रा में पानी पीना और स्टीम लेना भी इस समस्या से बचाव में मददगार होता है।

**सब एक्यूट साइनस :** इसके लक्षण भी एक्यूट जैसे ही होते हैं, लेकिन महीने भर में यह समस्या आसानी से दूर हो जाती है।

**रीक्यूरेंट :** जिन्हें पहले से अस्थमा या एलर्जी की समस्या हो, उसके साथ ही अगर उनमें बंद नाक जैसे लक्षण नजर आएं तो इसे रीक्यूरेंट साइनस कहा जाता है।

**क्रॉनिक :** जब यह समस्या वर्षों तक ठीक नहीं होती और इसकी वजह से अगर किसी को नाक में जलन, दर्द और सूजन जैसी परेशानियां होती हैं तो ऐसी दशा को क्रॉनिक साइनोसाइटिस कहा जाता है। इसकी वजह से सिर में दर्द और व्यवहार में चिड़चिड़ापन जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**प्रमुख लक्षण :** सिर और आंखों में तेज दर्द, आवाज में भारीपन, हल्का बुखार और बेचैनी, जबड़े, गालों और दांतों में दर्द, सूंघने की क्षमता प्रभावित होना, भोजन में अरुचि और कभी-कभी नाक से पानी गिरना और छींकें आना।

**क्या है वजह :** कुछ लोगों की नाक की हड्डी का आकार अपने आप बढ़ जाता है, जिससे यह समस्या हो सकती है। चेहरे या नाक पर गंभीर चोट लगने से ऐसा हो सकता है। जो लोग किसी खास तरह की एलर्जी के प्रति संवेदनशील होते हैं, उन्हें भी यह बीमारी हो सकती है। प्रदूषण भरे वातावरण में रहने या अधिक मात्रा में सिगरेट पीने वाले लोगों को भी ऐसी समस्या हो सकती है।

**रखें ध्यान :** अपने कमरों के कार्पेट, गद्दों, तकिए आदि की सफाई का विशेष ध्यान रखें, उनमें जमा होने वाले धूलकणों से एलर्जी हो सकती है, अगरबत्ती, परफ्यूम जैसी तेज गंध वाली चीजों से दूर रहें, घर में क्रॉस वेंटिलेशन की व्यवस्था होनी चाहिए। जिन्हें वायरल इंफेक्शन हो, उनसे दूर रहने की कोशिश करें, स्टीम लेना भी फायदेमंद साबित होता है। अगर आप इन बातों का ध्यान रखेंगे तो आपके लिए साइनस से अपना बचाव आसान हो जाएगा। *

प्रस्तुतिःविनीता

---

घरेलू औषधि

# गर्मियों में लाभकारी सत्तू का सेवन



गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ ही लोग इससे बचाव के सभी संभव उपाय करने लगते हैं। अन्य उपायों के साथ स्वास्थ्य के लिए अत्यंत फायदेमंद खाद्य पदार्थ सत्तू भी है। इसे भुने हुए जौ और चने को पीसकर बनाया जाता है। इसे खाया भी जा सकता है या शीतल पेय के रूप में पिया भी जा सकता है। सत्तू में बहुत सारे खनिज मौजूद होते हैं। इनमें कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन और पोटैशियम प्रमुख हैं।

**कई तरह से फायदेमंदः** इस मौसम में तेज गर्म हवाएं, झुलसाने वाली धूप शरीर को हानि पहुंचाती है। इसके फलस्वरूप त्वचा झुलस जाती है। बाल एकदम रूखे और बेजान हो जाते हैं। साथ ही पाचन भी गड़बड़ हो जाता है। चक्कर आने लगते हैं, दस्त, उल्टी के साथ बुखार, सिर दर्द भी होने लगता है। ऐसी दशा में सत्तू संजीवनी का काम करता है। धूप में घर से बाहर निकलने से पहले सत्तू का सेवन अनेक परेशानियों से बचाता है। यह लू से तो बचाता ही है, साथ ही (डायबिटीज) मधुमेह और (ब्लडप्रेशर) बीपी को भी नियंत्रित करता है। गर्भावस्था और मासिक धर्म के समय महिलाओं में पोषक तत्वों की पूर्ति करने में भी सत्तू का सेवन सक्षम है। यह वजन भी घटाता है। लू लगने पर ऊर्जा प्रदान कर शरीर को हाइड्रेट करता है। *

-वैद्य हरि कृष्ण पांडे 'हरीश'

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित



## टेबल बढ़ाईं, अब उत्तर और दक्षिण पश्चिम के जल्द आएंगे नतीजे

# पांच सौ कर्मचारी कराएंगे ईवीएम के वोटों की गिनती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सात मई को हुए मतदान के बाद उम्मीदवार अब चार जून का इंतजार कर रहे हैं। ईवीएम और पोस्टल बैलेट की गिनती के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय ने पांच सौ अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है, जो 2097 ईवीएम सहित करीब चार हजार पोस्टल बैलेट की गिनती करेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय ने विधानसभावार होने वाली मतगणना को लेकर टेबिलों की संख्या में बदलाव किया है। जिसके तहत उत्तर और दक्षिण पश्चिम विधानसभा के मतदान केंद्रों में 16 राउंड में गिनती की जाएगी। जिससे इन विधानसभा क्षेत्र का रिजल्ट सबसे पहले आ जाएगा। इसके बाद नरेला और मध्य में 17-17 राउंड रहेंगे। सीहोर विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम की गिनती वहीं होगी।

### पहले पोस्ट बैलेट और ईडीसी की गिनती

*चार जून मंगलवार को सुबह आठ बजे से वोटों की गिनती शुरू हो जाएगी। इसके लिए जिला निर्वाचन कार्यालय ने पूरी तैयारी कर ली है। अरेरा हिल्स स्थित पुरानी जेल में बनाए गए स्ट्रांग रूम से ईवीएम मशीनों को निकालकर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के सामने गिनती शुरू की जाएगी। सबसे पहले पोस्ट बैलेट और ईडीसी वोटों की गिनती होगी। इसके बाद ईवीएम मशीनों को निकाला जाएगा। इस बार भी जिले की सात विधानसभाओं के हिसाब से अलग-अलग टेबल लगाई गई हैं। जिस पर राउंडवार गिनती शुरु की जाएगी। जिले की सातों विधानसभाओं के पूरे वोटों की गिनती होने के बाद रिजल्ट की घोषणा की जाएगी। जबकि सीहोर विधानसभा क्षेत्र के वोटों की गिनती सीहोर में ही होगी। इसके वोटों को जोड़कर पूरी लोकसभा सीट के रिजल्ट की घोषणा की जाएगी।*



### सुबह 5 बजे पता चलेगा किसे कौन सी टेबल मिली

मतगणना के लिए कर्मचारियों की तैनाती का रेंडमाइजेशन किया जाएगा। जिसके तहत विस के वोटों की गिनती के लिए अलग-अलग टेबिलों पर मतगणना दल और दो-दो दल एआरओ और तीन रिजर्व दल इस प्रकार 19-19 दल, पोस्टल बैलेट गणना और टेबूलेशन के लिए दल इस तरह लगभग 475 शासकीय सेवकों का रेंडमाइजेशन किया जाएगा। इन्हें किस नंबर की टेबल पर गणना के लिए बैठना है इसके निर्धारण के लिए मतगणना दिवस पर सुबह 5 बजे प्रेक्षकों की उपस्थिति में रेंडमाइजेशन किया जाएगा।

### 14 टेबल पर होगी राउंडवार मतगणना

| विधानसभा | बूथ | राउंड |
|---|---|---|
| बैरसिया | 275 | 18 |
| भोपाल उत्तर | 246 | 16 |
| नरेला | 338 | 17 |
| दक्षिण पश्चिम | 236 | 16 |
| मध्य | 247 | 17 |
| गोविंदपुरा | 383 | 19 |
| हुजूर | 372 | 18 |

## चुनाव आयोग में कांग्रेस ने सबसे ज्यादा तो आप ने कीं 3 शिकायतें

# अब तक कुल 1567 शिकायतों में 1304 का निराकरण, 263 में नहीं हुई कोई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में लोकसभा चुनाव चार चरणों में मतदान संपन्न हो चुका है। इस दौरान भाजपा व कांग्रेस से लेकर तकरीबन राजनैतिक पार्टियों ने एक दूसरे के खिलाफ चुनाव आयोग में जमकर शिकायतें की। सबसे अधिक शिकायतें कांग्रेस पार्टी ने की हैं। सबसे कम आम आदमी पार्टी ने महज तीन शिकायतें की है। आचार संहिता शुरू होने के बाद से लेकर मतदान समाप्ति होने तक में कुल 1567 शिकायतें हुई, इसमें से 1304 का निराकरण कर दिया गया। 263 शिकायतों में अभी जांच चल रही है। आयोग परीक्षण के बाद कार्रवाई करेगा। चुनाव आयोग से मिली जानकारी के अनुसार मप्र में राजनैतिक पार्टियों ने कुल 206 शिकायतें की। जबकि भारत निर्वाचन आयोग से 284 शिकायतें प्राप्त हुई। यह ऐसी शिकायतें हैं, जिसमें शिकायतकर्ताओं ने ऑन लाइन शिकायतें की। इसे मप्र चुनाव कार्यालय में भेजकर निराकरण कराया गया। इसमें से हालांकि कई शिकायतें ऐसी हैं, जिन पर अभी कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है।

### कई शिकायतें ऐसी भी, जिनमें किसी का नाम और पता नहीं

मप्र निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय इन शिकायतों का परीक्षण करा रही है, इसके बाद इस पर ठोस कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह चुनाव आयोग को 1077 शिकायतें विभिन्न माध्यमों से मिली। इसे डाक, कुरियर के साथ ही आयोग के कार्यालय में किसी ने किसी माध्यम मसलन ऑनलाइन व अन्य तरीके से प्रेषित किया गया। इसमें कई शिकायतें ऐसी हैं, जिसमें शिकायतकर्ताओं का पूरा नाम व पता नहीं है।

### राजनीतिक दलों में सबसे अधिक 108 शिकायतें कांग्रेस ने की

राजनैतिक पार्टियों में सबसे अधिक शिकायतें कांग्रेस पार्टी ने की है। कांग्रेस ने भाजपा व अन्यों के खिलाफ कुल 108 शिकायतें की। इनमें से कुछ को छोड़कर बाकी सभी शिकायतों का निराकरण कर दिया गया है, जबकि भाजपा ने कुल 81 शिकायतें की। यह शिकायतें प्रतिद्वंदी कांग्रेस व अन्य पार्टियों के खिलाफ थी। तीसरे नंबर पर बसपा ने कुल 11 शिकायतें की है। बसपा की शिकायत पर क्या कार्रवाई हुई। इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। चौथे व पांचवें नंबर पर आम आदमी पार्टी व कम्यूनिस्ट पार्टी है। इन दोनों ने तीन-तीन शिकायतें चुनाव आयोग में की है। इनमें से ज्यादातर औपचारिक शिकायतें ही है। कोई ठोस शिकायतें नहीं है। इस तरह से कुल 206 शिकायतें राजनीतिक पार्टियों ने किया है। इनमें से कुछ को छोड़कर बाकी सभी शिकायतों का निराकरण कर दिया गया है।

### राजनीतिक पार्टियों ने की शिकायतें

| | |
|---|---|
| भाजपा | 108 |
| कांग्रेस | 81 |
| आम आदमी पार्टी | 03 |
| बसपा | 11 |
| कम्यूनिस्ट पार्टी | 03 |

मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि शिकायतों के निराकरण को लेकर आयोग काफी गंभीर रहता है। 1567 में से 1304 का निराकरण किया जा चुका है। बाकी 267 लंबित शिकायतों का जल्दी ही निराकरण कर दिया जाएगा। इसके जिला कलेक्टरों के पास भेजकर रिपोर्ट तलब की गई है।

### शिकायतों की सूची

राजनीतिक दलों से प्राप्त-206, आयोग से प्राप्त-284, अन्य माध्यमों से प्राप्त-1077, कुल शिकायतें-1567, निराकृत-1304, लंबित-263

## चुनाव आयोग ने चतुर्थ चरण के 8 लोकसभा क्षेत्रों में हुए मतदान के अंतिम आंकड़े किए जारी

# चतुर्थ चरण में 71.72 फीसदी नहीं 72.05 फीसदी मतदान हुआ था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) कार्यालय ने मंगलवार को चतुर्थ चरण के 8 लोकसभा क्षेत्रों में हुए मतदान के अंतिम आंकड़ें जारी किए हैं। इस अनुसार चतुर्थ चरण में 71.72 फीसदी के बजाय 72.05 फीसदी मतदान हुआ है।

इसमें भी सबसे अधिक मतदान खरगोन लोकसभा क्षेत्र में 76.03 फीसदी हुआ है, जबकि सबसे कम मतदान इंदौर लोकसभा क्षेत्र में 61.67 फीसदी हुआ है। यह 2019 के मतदान से 3.60 फीसदी कम है। सीईओ कार्यालय ने 13 मई को देर शाम 8 लोकसभा क्षेत्रों का अनंतिम मतदान प्रतिशत जारी किया था। किंतु मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार चौथे चरण में कुल 72.05 फीसदी मतदान हुआ है। इसमें देवास में 75.48 फीसदी, उज्जैन में 73.82, मंदसौर में 75.27, रतलाम में 72.94, धार में 72.76, इंदौर में 61.67 फीसदी, खरगोन में 76.03 और खंडवा में 71.52 फीसदी मतदान हुआ है।

### पुरुषों के मुकाबले महिलाओं ने करीब 6 फीसदी कम मतदान किया

पुरुषों के मुकाबले महिलाओं ने करीब 6% कम मतदान किया है। इसमें देवास में 79.79 पुरुष व महिलाओं ने 70.95, उज्जैन में 77.91 पुरुष व 69.64% महिला, मंदसौर में 78.25 पुरुष व 72.24 महिला, रतलाम में 74.99 पुरुष व 70.92 महिला, धार में 75.63 पुरुष व 69.87 महिला, इंदौर में 65.44 पुरुष व 57.83 महिला, खरगोन में 78.09 पुरुष व 73.96 महिला व खंडवा में 73.76 पुरुष व 69.21 फीसदी महिलाओं ने मतदान किया है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने हमीरपुर लोस के चरखारी के पनवारी में ली जनसभा

# पीएम ने भारत को विश्व भर में मान सम्मान दिलाने का कार्य किया: शर्मा



### कांग्रेसी नेता ये कहते हैं

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के नेता कहते हैं कि पाकिस्तान से बात करनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 56 इंच का सीना है, वो किसी से नहीं डरते। कांग्रेस के शासनकाल में आतंकवादी भारत में घुसकर वारदात करते हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचार, आतंकवाद मुक्त भारत बना रहे हैं। वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से आतंकी घटनाएं बंद हो गई हैं। यह बात बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने यूपी के हमीरपुर लोकसभा के चरखारी के पनवारी में जनसभा में कही। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि पीएम मोदी ने भारत को वैश्विक स्तर पर मान-सम्मान दिलाने का कार्य किया है।




*भोपाल। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को खजुराहो में भगवान मतंगेश्वर महादेव मंदिर में पूजन अर्चन कर प्रदेशवासियों की खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की।*

## न्यूनतम चक निर्धारण के लिए अंतर्विभागीय समिति का पुनर्गठन

**भोपाल।** नर्मदा घाटी विकास विभाग ने प्रदेश में एक हेक्टेयर से 2.5 हेक्टेयर तथा जल संसाधन विभाग की ओर से 5 हेक्टेयर चक तक कमाण्ड एरिया में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जल संसाधन विभाग की साधिकार समिति की 75 वीं बैठक में अंतर्विभागीय समिति गठित करने के निर्देश दिए गए थे। इसके पालन के लिए साधिकार समिति की बैठक में अंतर्विभागीय समिति गठित की गई है। वित्त विभाग को शामिल करते हुए कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समिति का पुनर्गठन किया गया है। अन्य सदस्यों में प्रमुख सचिव किसान कल्याण तथा कृषि विभाग, प्रमुख सचिव वित्त, सचिव नर्मदा घाटी विकास विभाग, सचिव जल संसाधन विभाग, आयुक्त किसान कल्याण-कृषि विकास, सदस्य अभियांत्रिकी नर्मदा घाटी विकास को शामिल किया गया है।

## संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने की शिकायत

# विधायक मसूद पर बच्चे से फर्जी वोटिंग कराने का लगा आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नाबालिग बच्चे से वोट डलवाने के मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद मध्य विधायक आरिफ मसूद पर फर्जी वोटिंग कराने का आरोप लगाया है। आरोप है कि जब नाबालिग बच्चे का वोटर लिस्ट में नाम नहीं था, तो उसने किसका वोट डाला है। इसके साथ बच्चे को फर्स्ट मतदाता का बैज भी लगाया गया था। मंगलवार को संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शमसुल हसन बल्ली ने कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से की है।



### मोर्चा ने की दोबारा मतदान की मांग

शिकायत में कहा गया है कि उत्तर विधानसभा क्षेत्र के केंद्र क्रमांक-72 पर विधायक ने अपने बेटे से वोट डलवाया था। जिसके फोटो उसने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए थे। इसमें बच्चे के मतदान केंद्र के फर्स्ट वोटर का बैज भी लगा है। ऐसे में विधायक ने यहां फर्जी मतदान कराया है। मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष ने इस केंद्र पर दोबारा से मतदान कराने की मांग रखी है।

## नगर निगम इंदौर के 4 अधिकारी अनियमितता के कारण निलंबित

**भोपाल।** नगर निगम इंदौर में पदस्थ वित्त विभाग के 4 अधिकारी अनियमितता के कारण निलंबित किए गए हैं। इस संबंध में वित्त विभाग ने बुधवार को आदेश जारी कर दिए हैं। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय क्षेत्रीय कार्यालय स्थानीय निधि संपरीक्षा सागर निर्धारित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इन अधिकारियों ने नगर निगम इंदौर के फर्जी देयक भुगतान के मामले में अपने कर्तव्यों का सजगतापूर्वक निर्वहन नहीं किया गया।

- फर्जी देयक भुगतान का मामला

जिसके कारण नगर निगम इंदौर को आर्थिक क्षति हुई। जिन अधिकारियों पर निलंबन की कार्यवाही की गई है, उनमें संयुक्त संचालक अनिल कुमार गर्ग, ज्येष्ठ संपरीक्षक जे.एस. ओहरिया, सहायक संपरीक्षक रामेश्वर परमार और उप संचालक समर सिंह परमार शामिल हैं।

# नक्सलियों ने किया टीआई के वाहन पर आईईडी ब्लास्ट, बाल-बाल बचे

## सरकारी काम से फरसेगढ़ से बीजापुर जा रहे थे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नक्सलियों ने बुधवार की सुबह फरसेगढ़ टीआई के वाहन में आईईडी ब्लास्ट कर दिया। इस घटना में जहां टीआई सुरक्षित है। वहीं वाहन को क्षति पहुंची हैं। फरसेगढ़ से बीजापुर आने के दौरान सोमनपल्ली के पास घटना हुई है।

पुलिस मिली जानकारी के मुताबिक, फरसेगढ़ थाना प्रभारी आकाश मसीह प्रधान आरक्षक संजय के साथ बुधवार सुबह चारपहिया वाहन से सरकारी काम से फरसेगढ़ से बीजापुर जा रहे थे। इसी दौरान नक्सलियों ने कुटरू और फरसेगढ़ मार्ग पर सोमनपल्ली के पास टीआई की वाहन पर आईईडी ब्लास्ट कर दिया। इस घटना में जहां टीआई आकाश मसीह व प्रधान आरक्षक संजय सुरक्षित है, तो वहीं विस्फोट से वाहन को क्षति पहुंची हैं।

## मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम, मामले की कर रही जांच

# तेंदुपत्ता तोड़ने जंगल गई महिला पर भालू का हमला, हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में तेंदुपत्ता तोड़ने जंगल गई महिला पर भालू ने अचानक हमला करते हुए उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले छाल रेंज के बोजिया 505 पीएफ जंगल में तेंदुपत्ता तोड़ रही महिला इंदरमति पति होरीलाल अगरिया पर एक भालू ने अचानक हमला कर दिया। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि महिला बुधवार की सुबह अपने साथियों के साथ जंगल गई थी इस बीच जंगल में भालू से सामना हो जाने के बाद यह घटना घटित हो गई। भालू के हमले से महिला की मौत की जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर वन विभाग की टीम के अलावा पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।



### बोजिया के जंगल में तेंदुपत्ता तोड़ने गई थी

गांव के ग्रामीणों के अनुसार बताया जा रहा है कि मृतक महिला इंदरमति अगरिया सामहरसिंघा बीट में पदस्थ श्याम अगरिया फारेस्ट गार्ड की मां है, जो कि छाल में रहती थी। वह बुधवार सुबह बोजिया के जंगल में तेंदुपत्ता तोड़ने गई थी, तभी हादसा हुआ है।

# महिला एएसआई और कॉन्स्टेबल प्यार में पड़े और गई नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

यहां आईजी दफ्तर में तैनात एक महिला एएसआई और कॉन्स्टेबल पिछले 7 दिन से लापता हैं। दोनों ने ही 7 मई को चुनाव ड्यूटी पूरी की। इसके बाद वे न दफ्तर लौटे, न ही अपने घर। जिसके बाद दोनों को सस्पेंड कर दिया गया।

बताया जा रहा है कि दोनों ने दिल्ली जाकर आर्य समाज मंदिर में शादी रचा ली है। महिला एएसआई का नाम निशा जैन हैं। वह आईजी ऑफिस में बतौर कार्यपालक लिपिक तैनात है। वहीं कॉन्स्टेबल का नाम अखंड प्रताप सिंह है। वह भी यही कार्यरत है। फिलहाल दोनों के लौटने का इंतजार किया जा रहा है। दोनों के मोबाइल भी उसी दिन से स्विच ऑफ हैं।

आईजी ग्वालियर रेंज अरविंद सक्सेना ने बताया कि महिला एएसआई और आरक्षक चुनाव ड्यूटी के बाद घर और फिर काम पर वापस नहीं लौटे हैं।

## आग से महिला जिंदा जली, युवक भी बुरी तरह झुलस गया

# मोमबत्ती जलाकर ग्राहक को पेट्रोल देते समय लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

सरगुजा जिले के अंबिकापुर शहर से लगे ग्राम कंचनपुर में मोमबत्ती जलाकर ग्राहक को पेट्रोल देते समय मोमबत्ती की आग और पेट्रोल का संपर्क हो गया जिससे महिला के घर में भीषण आग लग गई। इस आगजनी में महिला और ग्राहक जल गए। दोनों को गंभीर अवस्था में अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन उपचार के कुछ देर बाद ही महिला की मौत हो गई। वहीं इस घटना में महिला का कच्चा मकान भी पूरी तरह से जलकर राख हो गया।



ग्राम कंचनपुर निवासी 34 वर्षीय महिला दरीना सिंह जो कि किराना दुकान का संचालन करती थी, दैनिक उपयोग की वस्तुओं के साथ पेट्रोल भी बिक्री करती थी। बताया जा रहा है कि गत मंगलवार की रात एक युवक दुकान में पेट्रोल खरीदने आया हुआ था। उस दौरान लाइट नहीं थी महिला मोमबत्ती जलाकर रखी हुई थी। युवक को पेट्रोल देते समय भीषण आग लग गई।

इस दौरान महिला और युवक दोनों आग की चपेट में आ गए और बुरी तरह झुलस गए। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया दुकान में रखे फ्रीज का कंप्रेशर भी फट गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग काबू पाया और महिला को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं पेट्रोल खरीदने आये युवक अजय का उपचार जारी है।

### दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की हुई मौत

**मनेंद्रगढ़।** मनेंद्रगढ़ में बुधवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 में दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत होने से दो युवकों की मौत हो गई और एक युवक गंभीर रूप से घायल है। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी। इस घटना की जानकारी मिलते ही मनेन्द्रगढ़ कोतवाली पुलिस की मौके पर पहुंच गई है।

उत्तर रेलवे
शुद्धिपत्र
संदर्भः (i) निविदा सूचना संख्या 81 / 2023–24 दिनांक 05.01.2024 (क्र. सं. 11)
(ii) निविदा संख्या 08235705 नियत तिथि 15.05.2024
उपर्युक्त निविदा के संदर्भ में, टेंडर खुलने की नियत तिथि 15.05.2024 से बदल कर 14.06.2024 कर दी गई है। शेष सभी नियम और शर्ते अपरिवर्तित हैं। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।
1474/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
इ–निविदा (इ–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण
सं. 128-W/280/ई-निविदा सूचना/एनआईटी-23-2024-25/डब्ल्यू-2 दिनांक: 14.05.2024
निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | वरिष्ठ मंडल अभियंता–II के अधिकार क्षेत्र में सहायक मंडल अभियंता/गाजियाबाद के अतंर्गत एसएसई/पी.वे/जीजेडबी–I के अनुभाग में वर्ष 2024–25 में अवधि समाप्ति 30.06.2025 तक के लिए ट्रैक के रखरखाव हेतु वार्षिक पी.वे जोन। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | आईआरईपीएस पर एनआईटी के अनुसार |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | आईआरईपीएस पर एनआईटी के अनुसार |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 07.06.2024 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। |

• ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। 1457/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# भीषण गर्मी व प्रचंड लू से बढ़ रही मौतें चिंताजनक

चुनावी गर्मी के साथ मौसम की गर्मी भी बढ़ती जा रही है। मौसम विभाग की भविष्यवाणी इस बार प्रचंड गर्मी पड़ने की है। अप्रैल में ही इसकी वानगी हम देख चुके हैं, बीते कुछेक वर्षों की तुलना में इस बार अप्रैल माह अधिक गर्म बीता है। वर्ष दर वर्ष दुनिया भर में तापमान में वृद्धि हो रही है। अत्यधिक गर्मी से भारत बुरी तरह प्रभावित हो रहा है, गर्मी जनित रोग बढ़ रहे हैं, लोगों की मौतें गर्मी से हो रही हैं। भीषण गर्मी व प्रचंड लू से दिन ब दिन बढ़ रही मौतें चिंताजनक हैं। ताजा अध्ययन के मुताबिक, दुनिया भर में प्रति वर्ष 1.53 लाख से अधिक मौतें भीषण गर्मी या लू के कारण होती हैं। इनमें से सबसे ज्यादा 20 फीसदी मौतें भारत में होती हैं। पिछले 30 वर्षों से अधिक के आंकड़ों के आधार पर यह अध्ययन किया गया है। भारत के बाद चीन और रूस का स्थान है, जिनमें से प्रत्येक में क्रमशः लगभग 14 फीसदी और 8 फीसदी मौतें भीषण गर्मी से जुड़ी होती हैं। मोनाश विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में पाया गया कि लू से जुड़ी मौतें गर्मी से संबंधित सभी मौतों का लगभग एक तिहाई और वैश्विक स्तर पर कुल मौतों का एक प्रतिशत है। हर वर्ष गर्मियों में होने वाली कुल डेढ़ लाख से अधिक अतिरिक्त मौतों में से लगभग आधी एशिया में और 30 प्रतिशत से अधिक यूरोप में होती हैं। सबसे बड़ी अनुमानित मृत्यु दर (जनसंख्या के अनुपात में मृत्यु) शुष्क जलवायु और निम्न-मध्यम आय वाले क्षेत्रों में देखी गई। यह अध्ययन 'पीएलओएस मेडिसिन' में प्रकाशित हुआ है। अध्ययन में 2019 तक के दशक की तुलना 1999 तक के दशक से करने पर, दुनिया भर में हर साल भीषण गर्मी की अवधि औसतन 13.4 से 13.7 दिनों तक बढ़ी हुई पाई गई, जिसमें हर दशक में वातावरण का औसत तापमान 0.35 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया। जीवाश्म ईंधन आधारित उद्योग, चिमनियां, वाहनों से निकलने वाले धुएं, अत्यधिक आबादी के चलते कार्बन डायऑक्साइड उत्सर्जन, जंगलों में आग, ज्वालामुखी विस्फोट आदि अनेक कारण हैं, जिनसे धरती का तापमान बढ़ता जा रहा है। सूर्य से निकलने वाली पराबैगनी किरणों के चलते बने ब्लैक होल से भी धरती पर उत्यधिक उष्मा पहुंच रही है। गर्मी के मौसम में तापमान इतना अधिक बढ़ जा रहा है कि वह लोगों के लिए असह्य हो रहा है। निश्चित रूप से पर्यावरण संरक्षण चुनाव का प्रमुख मुद्दा नहीं बन पाता है, शायद इसलिए सरकार इस दिशा में प्राथमिकता के आधार पर एजेंडा तैयार नहीं करती है। 'वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन' (डब्ल्यूडब्ल्यूए) समूह नामक वैज्ञानिकों की टीम ने इस बार अप्रैल में लगातार 17 दिनों तक अत्यधिक गर्मी को खतरे के संकेत के तौर पर लिया है। इस टीम के मुताबिक, इसी तरह की भीषण गर्मी का सामना प्रत्येक 30 साल में एक बार करना पड़ सकता है और जलवायु परिवर्तन के कारण पहले से ही इसकी संभावना लगभग 45 गुना अधिक हो गई है। जलवायु परिवर्तन के कारण प्रचंड लू पूरे एशिया में गरीबी में रहने वाले लोगों के जीवन को और अधिक मुश्किल बना रही है। भीषण गर्मी व प्रचंड लू के चलते स्वास्थ्य जोखिम बढ़ जाता है। आज जरूरत जलवायु परिर्तन के असर को कमतर करने के लिए हरित पर्यावरण, प्राकृतिक रहन-सहन व खान-पान, भीषण गर्मी की चेतावनी प्रणाली, हरित विकास व स्वास्थ्य सेवाओं की व्यापक पहुंच आदि के क्षेत्र में समग्रता से काम करने की जरूरत है।

# पाक के खिलाफ खौल रहा पीओके



विश्लेषण
प्रमोद भार्गव

पीओके में लगातार विद्रोह की आग सुलग रही है, यहां तक कि हालात बेकाबू हो गए हैं और पाकिस्तानी सेना ने हस्तक्षेप से इन्कार कर दिया है। समूचे पाक अधिकृत कश्मीर में धारा-144 लागू होने के साथ मोबाइल-इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। महंगाई, बिजली और आटे पर सब्सिडी की छूट के चलते यह आंदोलन इतना आगे बढ़ गया है कि एक पुलिस अधिकारी की गुस्साए लोगों ने हत्या कर दी। पीओके में कुल 10 जिले हैं। यह आंदोलन भींबर से शुरू हुआ और सभी जिलों में फैल गया। आंदोलन का संचालन करने के लिए एक नया संगठन 'ज्वांइट अवामी एक्शन कमेठी' बनाया है, जिसमें सभी जिलों के लोग भागीदार है। अब पीओके के लोग पाकिस्तान के साथ नहीं रहना चाहते हैं।

पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में लगातार विद्रोह की आग सुलग रही है, यहां तक कि हालात बेकाबू हो गए हैं और पाकिस्तानी सेना ने हस्तक्षेप से इन्कार कर दिया है। समूचे पाक अधिकृत कश्मीर में धारा-144 लागू होने के साथ मोबाइल-इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। महंगाई, बिजली और आटे पर सब्सिडी की छूट के चलते यह आंदोलन इतना आगे बढ़ गया है कि एक पुलिस अधिकारी की गुस्साए लोगों ने हत्या कर दी। पीओके में कुल 10 जिले हैं। यह आंदोलन भींबर से शुरू हुआ और सभी जिलों में फैल गया। आंदोलन का संचालन करने के लिए एक नया संगठन 'ज्वांइट अवामी एक्शन कमेठी' बनाया है, जिसमें सभी जिलों के लोग भागीदार है। शांतिपूर्ण चल रहे आंदोलनकारियों की मांग है कि पाकिस्तान सरकार की भ्रष्ट शासन-प्रणाली से वे तंग आ चुके हैं, अतएव पाक के साथ रहना नहीं चाहते हैं। हमें इससे आजादी चाहिए। घबराई शहबाज शरीफ सरकार ने हुए नुकसान को नियंत्रित करने की दृष्टि से 23 अरब का बजट प्रावधान पीओके के लिए किया है, लेकिन प्रदर्शनकारियों की मांग है कि जो मांगें उन्होंने रखी हैं, वे सभी मान्य की जाएं। अन्यथा वे प्रदर्शन करते रहेंगे। इसी समय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि एक दिन हम पीओके पर अवैध कब्जे को समाप्त करेंगे और पीओके वापस भारत के साथ जुड़ जाएगा।

पीओके के लोगों के साथ वाकई अन्याय हो रहा है। यहां के लोगों को उत्पादन लागत पर बिजली नहीं मिल रही है। जो बिजली पीओके में बनाई जाती है, उसे सरकार पीओके से दो रुपये प्रति यूनिट लेती है और फिर यहीं के लोगों को महंगी दरों पर बेचती है। पीओके में रहने वाले लोगों को सब्सिडी पर आटा देना रोक दिया है, जबकि आटा पेट की भूख मिटाने की बुनियादी जरूरत है। आटा समेत अन्य 30 वस्तुओं पर सब्सिडी मिलनी चाहिए। लोगों ने यह भी मांग की है कि पीओके की अफसरशाही और 53 मंत्रियों को मिलने वाली विलासी सुविधाएं बंद की जाएं। इन्हें सरकार की ओर से महंगी व लग्जरी गााड़ियां और घर के साथ टीए-डीए मिल रहे हैं। इन्हें बंद किया जाए। यही नहीं इनके जो सहायक है, उन्हें भी ऐसे ही सुविधाएं दी जा रही हैं, जो कतई उचित नहीं है। इन्हें बंद किया जाए। हालांकि पीओके में पाक से अलगाव का संकट इतना बढ़ गया है कि अब समझौते कि दूर-दूर तक कोई उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है।

शायद इस स्थिति का पूर्वाभास करने के बाद ही जयशंकर ने जल्द पीओके का भारत में विलय होने का दावा किया है। यही नहीं उन्होंने कहा है कि निश्चित तौर पर इसका विलय होगा। क्योंकि वहां के लोग रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी तरसने को मजबूर हो रहे हैं। तिस पर भी राहत देने की बजाय पाकिस्तानी सेना अत्याचार पर आमादा है। लोग पाक सेना से आजादी और भारत में शामिल होने के लिए नारे लगा रहे हैं। गुलाम जम्मू-कश्मीर में चल रहे विरोध प्रदर्शनों पर यह पहली उच्च स्तरीय प्रतिक्रिया हैं। इस परिप्रेक्ष्य में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी कह चुके हैं कि सब्र का फल मीठा होता है। अतएव अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत सरकार



की पीओके के संदर्भ में कोई न कोई ऐसी रणनीति अवश्य चल रही है, जो विलय की दिशा में बढ़ रही है।

दूसरी तरफ जिस आतंकवाद का जनक पाकिस्तान रहा है, वही आतंकवाद अब उसके लिए पीओके में चुनौती बनकर सामने आ रहा है। पाक में आतंकी हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। कुछ माह पहले ही बलूचिस्तान प्रांत के तुरबाद नगर में नौसैनिक अड्डे पर आतंकवादियों ने गोली बरसाते हुए हमला किया था। इसके बाद खैबर पख्तूनख्वा इलाके में चीनी नागरिकों के एक काफिले पर हमला बोल दिया था। इसमें पांच चीनी इंजीनियरों की मौत हो गई थी। ये इंजीनियर दासू हाइड्रोप्रोजेक्ट के निर्माण में लगे थे। इन हमलों की जुम्मे वाली बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) की मजीद ब्रिगेड ने ली हुई है। इस्लामाबाद से 200 किमी दूर स्थित दासू हाइड्रो प्रोजेक्ट का निर्माण चीनी कंपनी कर रही है। 2021 में भी इस परियोजना पर काम कर रहे नौ चीनी इंजीनियरों सहित 13 लोगों को बलूच हमलावरों ने मार गिराया था। पाकिस्तान में अकेले फरवरी माह में हुए 97 हमलों में 118 लोग मारे जा चुके हैं। 20 मार्च को ग्वादर बंदरगाह पर भी आतंकी हमला हो चुका है। इस हमले की जिम्मेदारी भी बलूचों ने ली है। इन हमलों के चलते पाक में नई बनी शाहबाज सरकार मुसीबतों से घिर गई है। दरअसल बलूचिस्तान प्रांत के नागरिक मानते हैं कि पाक सरकार उनके प्रांत के हितों की लंबे समय से अनदेखी कर रही है। यहां के लोग इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते हस्तक्षेप का भी विरोध कर रहे हैं। दासू हाइड्रोप्रेजेक्ट और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के निर्माण के अंतर्गत कई परियोजनाएं पीओके में निर्माणाधीन हैं। इन परियोजनाओं का विरोध लगातार हो रहा है, लेकिन पाक सरकार धन के लालच में चीन के सुरसा मुख में फंस चुकी है। देश में चल रही आर्थिक बदहाली के कारण भी सरकार चीन का दामन नहीं छोड़ पा रही है। चीन से उसकी मित्रता का कारण धन का लालच तो है ही, भारत के साथ तनावपूर्ण रिश्ते भी हैं। पाक की तरह चीन से भी भारत का सीमा पर निरंतर तनाव बना हुआ है। अब पीओके में आतंकी शक्तियां इतनी मजबूत हो गई हैं कि पाक का अफगानिस्तान व ईरान से भी मधुर संबंध बनाए रखना मुश्किल हो रहा है।

पीओके की परिधि में आने वाले गिलगिट-बाल्टिस्तान वास्तव में भारत के जम्मू-कश्मीर राज्य के हिस्सा हैं। बावजूद 4 नबंवर 1947 से पाकिस्तान के नाजायज कब्जे में हैं, लेकिन यहां के नागरिकों ने इस बलात कब्जे को कभी नहीं स्वीकारा। यहां तभी से राजनीतिक अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक आवाजें उठ रही हैं और पाक सरकार इन लोगों पर दमन और अत्याचार का सिलसिला जारी रखे हुए है। साफ है, पाक की आजादी के साथ गिलगिट-बाल्टिस्तान का मुद्दा जुड़ा हुआ है। पाक की कुल भूमि का 40 फीसदी हिस्सा यहीं है, लेकिन इसका विकास नहीं हुआ है। करीब 1 करोड़ 30 लाख की आबादी वाले इस हिस्से में सर्वाधिक बलूच हैं, इसलिए इसे गिलगिट-बलूचिस्ताल भी कहा जाता है। पाक और बलूचिस्तान के बीच संघर्ष 1945, 1958, 1962-63, 1973-77 में होता रहा है। 77 में पाक द्वारा दमन के बाद करीब 2 दशक तक यहां शांति रही, लेकिन 1999 में परवेज मुशर्रफ सत्ता में आए तो उन्होंने बलूच भूमि पर सैनिक अड्डे खोल दिए। इसे बलूचों ने अपने क्षेत्र पर कब्जे की कोशिश माना और फिर से संघर्ष तेज हो गया। इसके बाद यहां कई अलगाववादी आंदोलन वजूद में आए, इनमें प्रमुख बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी है। निर्वाचन की प्रक्रिया से गुजरने के बावजूद भी यहां की विधानसभा को अपने बूते कोई कानून बनाने का अधिकार नहीं है। सारे फैसले एक परिषद लेती है, जिसके अध्यक्ष पाकिस्तान के पदेन प्रधानमंत्री होते हैं। लिहाजा चुनाव के बावजूद भी यहां विद्रोह की आग सुलगी रहती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस

योगेश कुमार गोयल



# वर्ष दर वर्ष जानलेवा होता डेंगू

अन्य घातक बीमारियों के साथ-साथ डेंगू भी अब ऐसी गंभीर बीमारी बन चुका है, जिसके जोखिम को नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है। प्रतिवर्ष डेंगू के कारण बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो जाती है। डेंगू उन घातक बीमारियों में से एक है, जिसका यदि समय से इलाज नहीं मिले तो यह जानलेवा हो सकता है। भारत में प्रायः जून से अक्तूबर के दौरान डेंगू के सर्वाधिक मामले सामने आते हैं। अब तो स्थिति यह है कि देशभर में डेंगू की भयावहता को लेकर हर साल हाहाकार सा मचा नजर आता है। डेंगू से बचाव को लेकर लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए ही प्रतिवर्ष स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा एक विशेष थीम के साथ 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष राष्ट्रीय डेंगू दिवस 'डेंगू रोकथामः सुरक्षित कल के लिए हमारी जिम्मेदारी' विषय के साथ मनाया जा रहा है। मानसून के साथ डेंगू और चिकनगुनिया फैलाने वाले मच्छरों के पनपने का मौसम शुरू होता है, इसीलिए इस बीमारी को लेकर लोगों में व्यापक जागरूकता फैलाने के लिए सरकार द्वारा इसके लिए 16 मई का दिन निर्धारित किया गया।

डेंगू के लगातार सामने आते मामलों को देखते हुए डेंगू से बचाव को लेकर अत्यधिक सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि अभी तक इसकी कोई वेक्सीन नहीं बनी है, इसलिए डेंगू से बचाव के उपाय ही सबसे अहम हैं। वर्ष 2018 में भारत में एक लाख से भी ज्यादा डेंगू के मामले सामने आए थे और एम्स द्वारा डेंगू के दस वर्षों के आंकड़ों का अध्ययन करने पर यह तथ्य भी सामने आया था कि केवल एम्स में ही डेंगू से मृत्युदर 7-10 फीसदी थी। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक 2023 में देश में डेंगू के मामलों की संख्या करीब ढ़ाई लाख थी। माना जाता रहा है कि अक्तूबर माह के बाद रात के तापमान में गिरावट आने पर डेंगू के मच्छर स्वतः ही खत्म हो जाते हैं लेकिन समय के साथ-साथ स्थिति खतरनाक होती जा रही है और डेंगू फैलाने वाले मच्छरों का प्रकोप अब सर्दी के मौसम में भी शांत नहीं होता। डेंगू अब साल-दर-साल इतना जानलेवा होता जा रहा है कि मौसम में बदलाव के बावजूद सर्द मौसम में डेंगू के सैंकड़ों मरीज सामने आने लगे हैं।

डेंगू से पीड़ित व्यक्ति को प्रायः तेज सिरदर्द होता है और लगातार बुखार आता है, जो 100 डिग्री के आसपास बना रहता है लेकिन डेंगू के मरीजों के मामलों में कुछ समय से यह चिंताजनक स्थिति भी देखी जाने लगी है कि बहुत से मरीज अब ऐसे भी सामने आते हैं, जिनमें बुखार तथा सिरदर्द जैसे लक्षण नदारद होते हैं और केवल शारीरिक कमजोरी तथा प्लेटलेट्स कम होने जैसे लक्षण ही देखने को मिलते हैं। सिर्फ थकान और कमजोरी की शिकायत करने वाले ऐसे मरीजों में डेंगू की पहचान करना बड़ा मुश्किल होता है। रक्त जांच के बाद रिपोर्ट के आधार पर ही उनमें डेंगू की पुष्टि की जा सकती है। डेंगू के लक्षणों में आए इस बड़े बदलाव को लेकर किए गए अध्ययनों से यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि एडीस मच्छर के वायरस और स्ट्रेन में बदलाव के कारण ही ऐसा हो रहा है। हालांकि चिकित्सक इस बदलाव को जानलेवा तो नहीं किन्तु चिंताजनक अवश्य मानते हैं।

वायरस संक्रमण के कारण डेंगू होता है, जो मादा एडीस मच्छर के काटने से होता है। केवल मादा मच्छर में ही डेंगू का वायरस होता है और यह मच्छर दिन में ही काटता है। एडीस मच्छर के काटने के करीब 3-5 दिनों बाद डेंगू के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। वायरस संक्रमण श्वेत रक्त कोशिकाओं पर धावा बोलता है, जिससे डेंगू पीड़ित व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहद कमजोर हो जाती है। प्लेटलेट्स कम होने पर शरीर के अंदरूनी हिस्सों में ब्लीडिंग का खतरा बढ़ जाता है। इलाज सही मिले तो स्थिति जल्द नियंत्रित हो सकती है अन्यथा डेंगू जानलेवा साबित हो सकता है। जब डेंगू अपनी खतरनाक अवस्था में पहुंचता है तो जानलेवा हो जाता है क्योंकि ऐसी स्थिति में रोगी की प्लेटलेट्स बेहद कम हो जाती है, उसका रक्तचाप तेजी से नीचे गिरता है और शरीर के अंदरूनी अंग कार्य करना बंद कर देते हैं, जिससे रोगी की मृत्यु हो सकती है। डेंगू के प्रमुख लक्षणों में लगातार बुखार रहने के साथ-साथ सिरदर्द, मांसपेशियों व जोड़ों में दर्द जैसे लक्षण देखे जाते हैं। इसके अलावा बुखार के साथ नाक बहना, खांसी, आखों के पीछे दर्द, त्वचा पर हल्के रैशेज, भूख कम होना, कमजोरी जैसे लक्षण भी देखे जाते हैं और कुछ लोगों में लाल व सफेद निशानों के साथ पेट खराब होने, जी मिचलाने, उल्टी लगने जैसे लक्षण भी सामने आते हैं। व्यापक प्रचार-प्रसार के बावजूद आज भी बहुत से लोग यही मानते हैं कि डेंगू का मच्छर गंदी नालियों या दूषित जल में ही पनपता है जबकि वास्तव में वायरस जनित यह खतरनाक बीमारी साफ-सुथरे पानी में पनपने वाले एडीज मच्छरों के काटने से फैलती है। डेंगू के मच्छर प्रायः मानसून के बाद ठहरे हुए साफ पानी में पैदा होते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## शिव के अंश से जन्म पर मनुष्य ज्ञानी होता है



संकलित
दर्शन

साधक दो प्रकार के होते हैं। एक प्रकार के साधक का स्वभाव बंदर के बच्चे की तरह होता है, दूसरे प्रकार के साधक का स्वभाव बिल्ली के बच्चे की तरह। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े हुए उससे लिपटा रहता है, पर बिल्ली का बच्चा स्वयं मां को नहीं पकड़ता, मां उसे जहां छोड़ दे, वहीं पड़ा रहता है। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े रहता है, इसलिए अगर कभी उसका हाथ छूट जाए तो वह गिर पड़ता है और उसे चोट पहुंचती है। पर बिल्ली के बच्चे को यह भय नहीं है, क्योंकि उसे उसकी मां स्वयं पकड़कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाती है। इसी प्रकार, ज्ञानयोगी या कर्मयोगी साधक बंदर के बच्चे की तरह स्वयं के प्रयत्न से मुक्तिलाभ करने का प्रयास करता है, परंतु भक्त साधक ईश्वर को ही एकमात्र कर्ता जानकर बिल्ली के बच्चे की तरह उन्हीं के चरणों में निर्भय होकर निश्चित पड़ा रहता है। ज्ञानी कहता है सोहम। मैं ही वह शुद्ध आत्मा हूं। परंतु भक्त कहता है, अहा, यह सब उनकी ही महिमा है। यह सब कुछ मैं हूं, यह सब कुछ तुम हो, तुम स्वामी हो, मैं सेवक-इन तीन भावों में से किसी भी एक में दृढ़ रूप से प्रतिष्ठित होने पर ही भगवत्प्राप्ति होती है। शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है। विष्णु के अंश से जन्म हो तो प्रेम-भक्ति होती है। उसके मन से प्रेम-भक्ति कभी नहीं जाती। बहुत ज्ञान विचार करने के बाद यदि किसी समय यह प्रेम-भक्ति कुछ कम भी हो जाए तो फिर और एक समय यह यदुवंश का ध्वंस करने वाले मूसल की तरह देखते-देखते बढ़ भी जाती है।

## राजा हैं, फिर भी घमंडी ना बनें



संकलित
प्रेरणा

एक राज्य में एक राजा रहता था जो बहुत घमंडी था। उसके घमंड के चलते आस पास के राज्य के राजाओं से भी उसके संबंध अच्छे नहीं थे। उसके घमंड की वजह से सारे राज्य के लोग उसकी बुराई करते थे। एक बार उस गाँव से एक साधु महात्मा गुजर रहे थे उन्होंने भी राजा के बारे में सुना और राजा को सबक सिखाने की सोची।साधु तेजी से राजमहल की ओर गए और बिना प्रहरियों से पूछे सीधे अंदर चले गए। राजा ने देखा तो वो गुस्से में भर गया। राजा बोलाः ये क्या उदण्डता है महात्मा जी, आप बिना किसी की आज्ञा के अंदर कैसे आ गए? साधु ने विनम्रता से उत्तर दियाः मैं आज रात इस सराय में रुकना चाहता हूँ। राजा को ये बात बहुत बुरी लगी वो बोलाः महात्मा जी ये मेरा राज महल है कोई सराय नहीं, कहीं और जाइये। साधु ने कहाः हे राजा, तुमसे पहले ये राजमहल किसका था? राजाः मेरे पिताजी का, साधुः तुम्हारे पिताजी से पहले ये किसका था? राजाः मेरे दादाजी का। साधु ने मुस्करा कर कहाः हे राजा, जिस तरह लोग सराय में कुछ देर रहने के लिए आते है वैसे ही ये तुम्हारा राज महल भी है जो कुछ समय के लिए तुम्हारे दादाजी का था, फिर कुछ समय के लिए तुम्हारे पिताजी का था, अब कुछ समय के लिए तुम्हारा है, कल किसी और का होगा। ये राजमहल जिस पर तुम्हें इतना घमंड है ये एक सराय ही है जहाँ एक व्यक्ति कुछ समय के लिए आता है और फिर चला जाता है। साधु की बातों से राजा इतना प्रभावित हुआ कि सारा राजपाट, मान सम्मान छोड़कर साधु के चरणों में गिर पड़ा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बढ़ती जनसंख्या कई समस्याओं की जड़

हमारा देश विकास और अन्य बहुत से अच्छे कामों में दुनिया भर में नंबर वन पर है और आगे भी बढ़ रहा है, लेकिन जनसंख्या के मामले में भी हमारा देश दुनिया भर में एक नंबर पर पहुंच चुका है। इस मामले में हमने चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। अभी हाल ही में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट में बताया गया है कि हमारे देश की जनसंख्या लगभग 144 करोड़ के आंकड़े तक पहुंच गई है और भारत की जनसंख्या 77 वर्षों में दोगुनी हो सकती है। अगर भारत सरकार और देश का आमजन बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए गंभीरता दिखाए तो भारत जनसंख्या वृद्धि के मामले में आगे नहीं बढ़ेगा। जनसंख्या वृद्धि को रोकना नितांत आवश्यक है क्योंकि इससे कई समस्याएं पैदा होती हैं।

*-मनीष पांडे, जगदलपुर*

## ट्रेंड

### जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करेंगे



ओड़िशा में भाजपा सरकार बनने पर 6 दिन के अंदर श्री जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार की चाबी से संबंधित जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक करेंगे। हम श्री जगन्नाथ भक्तों के लिए मंदिर के सभी चारों द्वारों को खोलकर मंदिर की व्यवस्था को सुदृढ़ करेंगे।

-अमित शाह, केंद्रीय मंत्री

### सच्चाई नहीं दिखती



प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र में बोला कि मैं यहां का प्याज खाकर और यहां के कपास से बने हुए कपड़े पहनकर बड़ा हुआ हूं। वो ये भी कहते हैं मैंने भिक्षा मांगकर अपना जीवन गुजारा। उनकी एक भी बात में सच्चाई नहीं दिखती।

-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

### जनता का पैसा



भाजपा ने गूगल पर 100 करोड़ का प्रचार करने का रिकॉर्ड बनाया है। ये जनता का पैसा है, जो चुनावी चंदे के रूप में कंपनियों से बटोरा है और जनता से वसूला है और दूसरी तरफ़ कोरोना के दौरान घपले वाला केयर फंड बनाकर भाजपा ने जनता से सीधे भी वसूला है।

-अखिलेश यादव, सपा नेता

### एआई सीखेंगे




अगली पीढ़ी के फिल्म निर्माता फिल्म स्कूलों में नहीं जाएंगे। वे सीखेंगे कि एआई सॉफ़्टवेयर का उपयोग करके किसी फिल्म को कैसे 'प्रॉम्प्ट' किया जाए। क्या मैंने अगली पीढ़ी कहा? हम अगले साल इस बार एआई जेनरेट फिल्में बनाएंगे।

-शेखर कपूर, फिल्म निर्माता

## करंट अफेयर

### तीसरी बार फिर भारत के प्रधानमंत्री बनेंगे मोदी



पाकिस्तान मूल के एक प्रसिद्ध अमेरिकी उद्योगपति ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक मजबूत नेता हैं जिन्होंने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है और वह तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। बाल्टीमोर निवासी पाकिस्तानी अमेरिकी कारोबारी साजिद तरार ने कहा कि मोदी न केवल भारत के लिए अच्छे हैं बल्कि क्षेत्र और दुनिया के लिए भी अच्छे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि पाकिस्तान को भी उनके जैसा कोई नेता मिलेगा। तरार ने कहा, 'मोदी एक शानदार नेता हैं। वह ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में पाकिस्तान का दौरा किया। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि मोदी जी पाकिस्तान के साथ संवाद और व्यापार शुरू करेंगे।' एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, 'भारत के लिए भी शांतिपूर्ण पाकिस्तान अच्छा होगा।' उन्होंने कहा कि हर जगह यही कहा जा रहा है कि 'मोदी जी भारत के अगले प्रधानमंत्री बनेंगे'। तरार 1990 के दशक में अमेरिका आकर बस गए थे और पाकिस्तान की सत्ता में बैठे लोगों से उनके अच्छे संपर्क हैं। उन्होंने कहा, 'यह चमत्कार से कम नहीं है कि भारत में 97 करोड़ लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र है। मैं वहां मोदी जी की लोकप्रियता देख रहा हूं और 2024 में भारत का शानदार उदय होते देख रहा हूं।

## ऑफ बीट

### धार्मिक अनुभव बदल सकता है मेटावर्स



नई तकनीकें हमेशा हमारे धार्मिक अनुभवों में नयापन और बदलाव लेकर आई हैं। 1880 के दशक में रेडियो सुनना कई लोगों की नजर में धार्मिक महत्व रखता था क्योंकि उन्हें ऐसा लगता था कि रेडियो में सुनाई दे रही आवाज किसी और लोक से आ रही है। उस दौरान प्रेतात्माओं से संवाद करने के लिए होने वाली सभाएं काफी लोकप्रिय हो गई थीं क्योंकि कुछ लोगों को लगता था कि रेडियो ने आध्यात्मिक दुनिया के लिए एक द्वार खोल दिया है। भले ही दुनिया के कुछ हिस्सों में औपचारिक धार्मिक गतिविधियों में भागीदारी में कमी देखी जा रही है, लेकिन नयी तकनीकें हमारे आध्यात्मिक जीवन में नयापन लाती रहेंगी। हमारे समय का सबसे नया माध्यम मेटावर्स एक सूचनात्मक और अनुभवात्मक तकनीक है, जहां उपयोगकर्ता आभासी वास्तविकता (वीआर) में बनाए गए सामाजिक वातावरण में बातचीत कर सकते हैं। मेटावर्स को पहले से मौजूद तकनीकों का उपयोग करके व्यवस्थित और निर्मित किया जा रहा है। इसके पूर्ण रूप और विकास के लिए उन तकनीकों के उपयोग की आवश्यकता होगी जो अभी तक मौजूद नहीं हैं। उदाहरण के लिए, मौजूदा तकनीक का उपयोग करके 3डी ऑनलाइन स्पेस में तेजी से प्रतिपादन या कंप्यूटिंग संभव नहीं है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।






## डिंडोरी में बाल ठाकरे का नाम लेकर भावुक हुए पीएम मोदी

# नकली शिवसेना का कांग्रेस में विलय होना पक्का, मोदी ने सरकारी योजनाओं में सभी लोगों को दिया लाभ, किसी का धर्म नहीं 'देखा'

एजेंसी ⏭ डिंडोरी (महाराष्ट्र)

पीएम नरेंद्र ने महाराष्ट्र के डिंडोरी में विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मोदी वंचितों के अधिकारों का चौकीदार है, वह उन्हें छिनने नहीं देगा। भारत ने जिस तरह कोरोना के खिलाफ लड़ाई लड़ी, पूरी दुनिया प्रशंसा कर रही है। मोदी गरीब को पक्के घर दे रहा है, बिजली कनेक्शन, हर घर जल, उज्ज्वला का गैस कनेक्शन दे रहा है। उन्होंने कल्याण और मुंबई नॉर्थ-ईस्ट में रोड शो भी किया।

पीएम नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के डिंडोरी में विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मोदी वंचितों के अधिकारों का चौकीदार है, वह उन्हें छिनने नहीं देगा। भारत ने जिस तरह से कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई लड़ी, उसकी पूरी दुनिया प्रशंसा कर रही है। आज मोदी गरीब को पक्के घर दे रहा है, बिजली कनेक्शन, हर घर जल, उज्ज्वला का गैस कनेक्शन दे रहा है। हमने कभी किसी का धर्म नहीं देखा। सबके लिए योजनाएं बनाईं, सबको योजनाओं का लाभ दिया। कांग्रेस की सोच है कि देश की सरकारें जितना बजट बनाती हैं, उसका 15 प्रतिशत सिर्फ अल्पसंख्यक पर खर्च हो। धर्म के आधार पर इन्होंने देश को बांटा और आज भी लगे हुए हैं। यह नकली शिवसेना (उद्धव ठाकरे), नकली राष्ट्रवादी पार्टी (शरद पवार) का कांग्रेस में विलय होना पक्का है। बाला साहेब का मानना था कि जिस दिन शिवसेना कांग्रेस की राह पर चलने लगेगी, उस दिन उनकी शिवसेना का अंत हो जाएगा। आज यह जो विनाश हो रहा है।

**धर्म के आधार पर बजट का बंटवारा चाह रही कांग्रेस**

### नकली शिवसेना ने कांग्रेस का रास्ता चुना

मोदी ने कहा कि बालासाहेब ठाकरे का सपना था कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो। यह सपना पूरा हुआ, लेकिन इससे सबसे ज्यादा चिढ़ नकली शिवसेना को हो रही है। कांग्रेस ने प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया। नकली शिवसेना ने भी वही रास्ता चुना।कांग्रेस के लोग मंदिर को लेकर बकवास कर रहे हैं। नकली शिवसेना पूरी तरह से चुप है। उनकी साझेदारी पाप की साझेदारी है और उनका पाप पूरी दुनिया के सामने उजागर हो गया है।

### मैं मुसलमानों के प्रति प्रेम की मार्केटिंग नहीं करता



मैं बचपन में मुस्लिम परिवारों के बीच रहा हूं, मेरे कई मुस्लिम दोस्त हैं। मोदी ने लोगों की भी गलतफहमी दूर की जो उन्हें मुसलमानों का दुश्मन मानते हैं। उन्होंने कहा कि उनका शासन मॉडल धर्म या जाति के आधार पर भेदभाव नहीं करता है, जबकि 2002 के बाद उनकी छवि को खराब करने के प्रयास किए गए थे। पीएम ने बताया कि उन्होंने बचपन में अपने पड़ोसियों के साथ ईद मनाई थी। उन्होंने कहा कि मैं मुसलमानों के प्रति प्रेम की मार्केटिंग नहीं करता।

**कांग्रेस अध्यक्ष खरगे बोले**



## चार चरणों के बाद इंडिया गठबंधन मजबूत, मोदी की विदाई तय

**लखनऊ।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लखनऊ में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 4 चरणों में इंडिया गठबंधन काफी आगे है। जनता ने नरेंद्र मोदी की विदाई तय कर दी है। ये चुनाव विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ वो लोग हैं जो कुछ अमीरों के लिए धर्म का इस्तेमाल करके लड़ रहे हैं और दूसरी तरफ वो लोग हैं जो कि देश के गरीबों के लिए और युवाओं के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये लड़ाई आरक्षण और संविधान बचाने की लड़ाई है। ये चुनाव को देश के भविष्य और संविधान को बचाने के लिए है। उन्होंने कहा कि तानाशाही में लोगों के वोट देने का अधिकार भी सुरक्षित नहीं रहेगा। भाजपा के लोग प्रत्याशियों को डराकर नामांकन दाखिल नहीं करने दे रहे हैं।

**राहुल का बड़ा ऐलान**

### 4 जून के बाद गरीबों मजदूरों की बनेगी सूची



ओडिशा के बालनगीर में जनसभा में राहुल गांधी ने फिर संविधान और लोकतंत्र बचाने का नारा दिया है। राहुल ने कहा कि हम एक क्रांतिकारी काम करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने 22 लोगों को अरबपति बनाया है लेकिन हम करोड़ों को लाखपति बनाएंगे। उन्होंने कहा कि 4 जून के बाद इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, हमारी सरकार गरीबों, मजदूरों और जररूतमंद महिलाओं की लिस्ट बनाएगी।

**ममता का भाजपा पर पलटवार**

### जैसे भी हो आपको हराना है



**हुगली।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने हुगली में कहा कि भाजपा को हराना है। ममता ने कहा कि भाजपा सिर्फ पश्चिम बंगाल ही नहीं, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल में भी हार रही है। ममता ने दावा किया कि नॉर्थ ईस्ट में भाजपा उम्मीदवारों को जनता ने घुसने ही नहीं दिया। हरियाणा में भाजपा को अपने इलाको में प्रवेश नहीं करने दिया।

**केजरीवाल को अंतरिम जमानत पर बोले शाह**

## यह कोई रुटीन जजमेंट नहीं, विपक्ष को घेरा



**श्रीरामपुर।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद अपनी पार्टी के लिए प्रचार कर रहे हैं। अब गृहमंत्री शाह ने उन्हें मिली जमानत पर प्रतिक्रिया दी है। शाह ने कहा कि वो नहीं मानते कि ये एक रुटीन जजमेंट है। उन्होंने कहा कि देश में बड़ी संख्या में लोगों का मानना है कि स्पेशल ट्रीटमेंट दिया गया। पश्चिम बंगाल के श्रीरामपुर में शाह ने एक रैली को संबोधित करते हुए पीओके का मुद्दा उठाया। शाह ने कहा कि 2019 में कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद वहां शांति आ गई। लेकिन अब हम पीओके में प्रदर्शन देख रहे हैं।

**यहां घुसपैठिए चाहिए या विकास**

उन्होंने कहा कि मणि शंकर अय्यर जैसे कांग्रेसी नेताओं का कहना है कि ऐसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि उनके पास परमाणु बम है। लेकिन मैं यह कहना चाहूंगा कि पीओके भारत का हिस्सा है और हम इसे ले लेंगे। यह लोकसभा चुनाव इंडी गठबंधन के भ्रष्ट नेताओं और ईमारदार नेता नरेंद्र मोदी के बीच चयन करने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि बंगाल को यह निर्णय लेना होगा कि उन्हें घुसपैठिए चाहिए या शरणार्थियों के लिए सीएए। बंगाल को तय करना है कि वह जिहाद को वोट देना चाहते हैं या विकास को।

**रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा**

### तमिलनाडु और केरल में भी भाजपा फहराएगी अपना झंडा



भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के वरिष्ठ नेता व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि दक्षिण भारत में पहले भाजपा को न के बराबर सीट मिलती थी। इस बार तमिलनाडु और केरल में भी भाजपा झंडा फहराने जा रही है। नार्थ ईस्ट में भी भाजपा मजबूत स्थिति में है। सिंह लखनऊ के बैडमिंटन एकेडमी में बीबीडी ग्रुप के बुद्धिजीवी समागम को संबोधित कर रहे थे। सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। पहले भारत कोई बात कहता था तो उसे तवज्जो नहीं मिलती थी, आज आज भारत कुछ बोलता है तो दुनिया सुनती है।

**आरजेडी और कांग्रेस पर बरसे नड्डा**

### बताया मतलब...आर से रिश्वतखोरी जे से जंगलराज और डी से दलदल



**शिवहर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बिहार के शिवहर लोकसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा में आरजेडी और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। नड्डा ने आरजेडी का फुल फार्म भी बतलाया। उन्होंने कहा कि आर से रिश्वतखोरी, जे से जंगलराज और डी से दलदल। नड्डा ने जदयू प्रत्याशी लवली आनंद के लिए वोट भी मांगा। शिवहर से पूर्व सांसद आनंद मोहन की पत्नी लवली आनंद हैं, जो एनडीए से समर्थित जेडीयू के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। नड्डा ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि चाहे पाताल हो या समुद्र, अंतरिक्ष और जमीन में कांग्रेस ने केवल घोटाले किए।

**खबर संक्षेप**

### पलनाडु में बड़ा सड़क हादसा, 6 की मौत

**पलनाडु।** आंध्र प्रदेश में बड़ा हादसा सामने आया है। यहां बस और लॉरी की टक्कर में 6 लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा आंध्र प्रदेश के पलनाड़ जिले में हुआ है। हादसे में घायलों को चिलकलुरीपेट अस्पताल में भर्ती किया गया। जिन लोगों की इस हादसे में मौत हुई है उनके नाम अंजी, उपगुंडूर काशी,उपगुंडूर लक्ष्मी, मुप्पाराजू ख्याति सैश्री हैं। ये सभी लोग बापतला जिले के निवासी थे।

### झारखंड के मंत्री आलमगीर अरेस्ट

**रांची।** ईडी ने झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री और सीनियर कांग्रेस नेता आलमगीर को गिरफ्तार कर लिया है। मंत्री से रांची स्थिति ईडी कार्यालय में पूछताछ चल रही थी। मंत्री के जवाब से संतुष्ट नहीं होने पर ईडी ने उन्हें 10 घंटे से ज्यादा चली पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मंत्री के निजी सचिव संजीव लाल और नौकर जहांगीर को ईडी पहले ही गिरफ्तारी कर चुकी है। ये संतोष जनक जवाब नहीं दे पाए फिर गिरफ्तारी हुई।

**राज्यसभा सांसद के साथ केजरीवाल के आवास पर पिटाई का मामला**

# स्वाति मामले में दिल्ली पुलिस कन्फ्यूज 'गंभीर' मामले में शिकायत का इंतजार


### नॉर्थ दिल्ली के डीसीपी ने कहा-हम लोग संपर्क करने की कोशिश कर रहे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट मामले में सभी दिल्ली पुलिस के अगले कदम का इंतजार कर रहे हैं। लोग बड़ी बेसब्री से इस घटना का पटाक्षेप होते देखना चाहते हैं। कैसे मारपीट हुई? किसके कहने पर मारपीट हुई? मारपीट की नौबत क्यों आई? इन सारे सवालों से पर्दा नहीं उठ रहा है।

सीएम अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव विभव कुमार के द्वारा स्वाति के साथ मारपीट होने की बात सामने आने के बाद से ही दिल्ली की राजनीतिक तापमान में अचानक गर्माहट महसूस होने लगी थी, लेकिन स्वाति के पीछे हटने के कारण अब यह मामला ठंडा पड़ता दिख रहा है। क्या इस मामले को खत्म कर दिया जाएगा या फिर पुलिस किसी दूसरे विकल्पों पर विचार करेगी?

**कई सवाल अब भी पर्दे के पीछे**





### अब तक मामला दर्ज नहीं

नॉर्थ दिल्ली के डीसीपी मनोज मीणा ने कहा कि मालीवाल ने अभी तक शिकायत दर्ज नहीं कराई है। हम लोग लगातार संपर्क करने की कोशिश में लगे हुए हैं। जब तक मामले की शिकायत हमारे एसएचओ को नहीं मिलती है, तब तक हम लोग आगे नहीं बढ़ेंगे। दिल्ली की सिविल लाइंस थाना पुलिस ने कॉल को दूसरे दिन भी फाइल नहीं किया है।

### मालीवाल का मामला दब जाएगा?

दिल्ली पुलिस के पूर्व ज्वाइंट सीपी एसबीएस त्यागी ने कहा कि पीसीआर कॉल ही नहीं मौखिक, लिखित,टेलिफोनिक कॉल के जरिए भी कोई भी पीड़िता शिकायत दर्ज करा सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ललिता कुमारी वर्सेज यूपी स्टेट मामले में जजमेंट दिया था कि किसी भी गंभीरअपराध की शिकायत के बाद बिना देरी एफआईआर दर्ज करनी होगी।

**मेडिकल जांच जरूरी**

त्यागी ने कहा कि मारपीट का आरोप लगाने पर पीड़िता का मेडिकल जांच जरूरी है। सीसीटीवी फुटेज भी जरूरी है। कहासुनी हुई और किसी ने कुछ कहा और धक्का दे दिया।

### चुप्पी तोड़ें केजरीवालः भाजपा

भाजपा नेता शाइना एनसी.ने कहा कि स्वाति मालीवाल दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हैं, राज्यसभा सांसद हैं और उनके खिलाफ जब कोई अत्याचार होता है तो स्वाभाविक रूप से हम चाहेंगे कि एफआईआर दर्ज हो। कहीं न कहीं दाल में कुछ काला है। आम आदमी पार्टी जो महिला सशक्तिकरण और महिला सुरक्षा पर बड़ी-बड़ी बातें करती है उनके खुद के दल में उनकी राज्यसभा सांसद सुरक्षित नहीं है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास में यह घटना घटी है, मुख्यमंत्री वहां मौजूद थे तो वे सामने आकर अपनी चुप्पी तोड़े, उन्होंने चूड़ियां क्यों पहन रखी है? वे जवाब दें कि उनके घर में जो घटना घटी उसके लिए जिम्मेदार कौन है और वे क्या कार्रवाई कर रहे हैं। इस घटना को 50 घंटे हो गए संज्ञान लेने में कितना समय लगता है? अरविंद केजरीवाल के सामने यह घटना घटी है और वे खुद संदेह के घेरे में हैं इसलिए वे अपनी चुप्पी नहीं तोड़ रहे।

**भाजपा प्रवक्ता इल्मी ने केजरीवाल को घेरा**

## 'सुल्तान' के 'शीश महल' के आखिर क्या हैं राज?

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता शाजिया इल्मी ने बुधवार को केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास पर राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हुए हाथापाई की घटना को अत्यंत निंदनीय करार देते हुए इस घटना पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की।

इल्मी ने कहा कि पिछले 48 घंटे से ये प्रश्न सबको विचलित कर रहा है कि सुल्तान यानि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के शीशमहल में आखिर क्या हो रहा है? स्वाति ने सीएम आवास से दो फोन किए और उसके थोड़ी देर बाद उन्होंने स्वयं पुलिस थाने पहुंचकर मौखिक उपस्थिति दर्ज कराई, लेकिन लिखित में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई। लगभग 32 घंटे बाद संजय सिंह ने ये स्पष्ट किया कि स्वाति के साथ सीएम आवास के अंदर बदसुलूकी हुई है। इसके बाद से स्वाति से किसी का कोई संपर्क नहीं हुआ है और ये जानना अत्यंत आवश्यक है कि वे सुरक्षित हैं भी या नहीं? सिंह कहते हैं इस शिकायत का संज्ञान लिया गया है, लेकिन इस पर अब तक न तो कोई शिकायत दर्ज की गई है और न ही कोई कार्रवाई शुरू की गई है। इल्मी ने कहा कि एक राज्यसभा सदस्य का इतने समय तक गायब रहना अनेक शंकाओं को जन्म देता है। जब सीएम आवास में महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुरक्षित नहीं है और उनके साथ हाथापाई हो रही है, तो दिल्ली की आम महिलाएं इस निकम्मी सरकार से क्या अपेक्षाएं रख सकती है? इल्मी ने कहा कि वे आम आदमी पार्टी के इन नेताओं के करतूत बहुत अच्छे से जानती हैं और आज आम आदमी पार्टी की जो गंदगी जनता देख रही है, ये गंदगी देखकर ही उन्होंने आम आदमी पार्टी छोड़ने का निर्णय लिया था। दिल्ली की जनता आज स्वयं आम आदमी पार्टी और उनके सुल्तान साहब यानि अरविंद केजरीवाल के असली चरित्र से परिचित हो रही है।

**कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी की परिवार की सियासी विरासत बचाने की होगी अग्नि परीक्षा**

# हॉट सीट राय बरेली: कांग्रेस के सियासी गढ़ को ढहाने की तैयारी में भाजपा

ओपी पाल ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की हाई प्रोफाइल रायबरेली लोकसभा सीट पर 20 मई को होने चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच दिलचस्प मुकाबला होने के आसार हैं। गांधी परिवार के परंपरागत गढ़ की विरासत संजोए रखने के इरादे से इस बार यहां से नेहरु-गांधी पांचवीं पीढ़ी के राहुल गांधी कांग्रेस ने प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं।

वहीं रायबरेली सीट पर कांग्रेस के सियासी किले में सेंध लगाने के लिए एक ठोस रणनीति के साथ भाजपा ने योगी सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह पर एक बार फिर भरोसा जताया है, जिन्होंने पिछले चुनाव में कांग्रेस की सोनिया गांधी को कड़ी टक्कर दी थी और भाजपा के वोट बैंक में इजाफा किया था। पिछले तीन चुनाव से इस सीट पर लगातार बढ़ते वोट बैंक की वजह से भाजपा को इस बार यहां जीत की उम्मीद है, लेकिन कांग्रेस भी रायबरेली से पांच पीढ़ियों के रिश्तों की दुहाई देकर गांधी परिवार की सियासी विरासत को कायम रखने की दिशा में ठोस रणनीति के साथ चुनावी जंग में कदम रखा है। फिरोज गांधी, इंदिरा गांधी, अरुण नेहरू के बाद पिछले पांच चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंची सोनिया इस बार चुनाव नहीं लड़ रही हैं। इसे बरकरार रखने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी इस सीट से लोकसभा चुनाव की जंग में ताल ठोंक रहे हैं। योगी सरकार में मंत्री रहते दिनेश प्रताप रायबरेली में लगातार मतदाताओं के बीच में हैं, जिन्हें इस बार इस सीट पर जीत का पूरा भरोसा है। बसपा के ठाकुर प्रसाद यादव समेत 8 प्रत्याशी मैदान में हैं।

### ये रायबरेली सीट का चुनावी इतिहास

रायबरेली सीट पर अब तक हुए 20 चुनावों में 17 चुनाव कांग्रेस प्रत्याशियों ने जीते हैं, जबकि भाजपा को दो तथा जनता दल को एक जीत नसीब हो चुकी है। आजदी के बाद पहले दो चुनाव में कांग्रेस के फिरोज गांधी ने जीते, जिनके निधन के बाद 1960 का उपचुनाव कांग्रेस प्रत्याशी आरपी सिंह के पक्ष में गया। इसके बाद 1962 का चुनाव कांग्रेस के बैजनाथ कुरील ने जीता। तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने 1967 व 1971 के दो चुनावों में लगातार जीत हासिल की, लेकिन आपातकाल में चली कांग्रेस विरोधी लहर में यहां से जनता पार्टी के राजनारायण के सामने इंदिरा गांधी को हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद 1980 के चुनाव में इंदिरा गांधी ने फिर वापसी की, लेकिन उन्होंने दूसरी सीट से जीत की वजह से इस सीट को छोड़ दिया, जिसके उपचुनाव और फिर 1984 के चुनाव में कांग्रेस के अरुण नेहरु यहां से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए। इसके बाद अगले दो चुनाव में कांग्रेस की शीला कौल यहां से जीतकर लोकसभा पहुंची। 1996 और 1998 के चुनाव में यहां से भाजपा के अशोक सिंह ने चुनाव जीता। इसके बाद 1999 में कांग्रेस ने फिर वापसी करते सतीश शर्मा को सांसद बनवाया। 2004 से यहां सोनिया ने इस विरासत को आगे बढ़ाया।



राहुल गांधी



दिनेश प्रताप



ठाकुर प्रसाद

### लगातार बढ़ा भाजपा का वोट बैंक

भाजपा को इस बार रायबरेली सीट से जीत का पूरा भरोसा है। इसकी वजह ये है कि इस सीट पर 2009 में सोनियाको 72.23 प्रतिशत मिले थे, तो भाजपा को 3.82 प्रतशत वोट मिला और यह अंतर 68.41 प्रतिशत का था। जबकि 2014 के चुनाव में सोनिया को घटकर 63.80 प्रतिशत वोट और भाजपा को 21.05 प्रतिशत वोट मिले यानी पांच साल में भाजपा का 17.23 प्रतिशत वोट बढ़ा। जबकि साल 2019 में निर्वाचित होने के बावजूद सोनिया गांधी को वोट प्रतिशत और घटकर 55.78 प्रतिशत रह गया और भाजपा का बढ़कर 38.35 प्रतिशत हो गया। यहां भी भाजपा के वोट शेयर में 17.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई ।

### सांसद चुनेंगे 17,84,314 मतदाता

यहां पर 17,84,314 करोड़ मतदाताओं का जंजाल है, जिसमें 9,31,427 पुरुष, 8,52,851 महिला और 36 थर्डजेंडर मतदाता शामिल हैं। इसके दायरे में पांच विधानसभा क्षेत्र शामिल है, जिनमें बछरावां(सु) सीट पर 3,46,856, हरचंदपुर में 3,28,019, रायबरेली में 3,81,521, सरेनी में 378,547 और ऊंचाहार सीट पर 3,49,371 मतदाता हैं। 18-19 साल आयु के 28,197 युवा मतदाता पहली बार वोटिंग करेंगे, जिनमें 13,253 महिला वोटर शामिल हैं।




# पुलिस ने शुरू किया ऑपरेशन 'मर्यादा': केदारनाथ धाम की यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों के आचरण पर पुलिस रखेगी नजर, हुड़दंग और नशा करने वालों पर होगी सख्ती

- मादक पदार्थों का सेवन कर अव्यवस्था फैलाने वालों पर कसावट
- यात्रियों की परेशानी बढ़ाने वाले हुड़दंगी पर रखेंगे नजर
- धार्मिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों पर सख्ती
- अमर्यादित व्यवहार करने वालों पर कसेगा शिकंजा

## इन पर होगी सख्त कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में केदारनाथ धाम यात्रा 2024 के सुचारू संचालन के लिए पुलिस ने ऑपरेशन 'मर्यादा' की शुरुआत की। ऑपरेशन मर्यादा के तहत पुलिस द्वारा नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों से इस क्षेत्र की मर्यादा बनाने का अनुरोध किया जाता है। हुड़दंग करने वाले और मादक पदार्थों का सेवन करने वालों के खिलाफ पुलिस चालान के साथ-साथ मुकदमा भी दर्ज कर रही है।

### तीर्थयात्रियों दी जा रही सलाह

गुप्तकाशी की डीएसपी हर्षवर्धिनी सुमन ने बताया कि ऑपरेशन मर्यादा के अंतर्गत हम उन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहे हैं जो किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों का उपयोग कर रहे हैं, यह मंदिर और धाम के लिए अच्छा नहीं है। हम पर्यटकों से अच्छा व्यवहार करने की अपील करते हैं। उन्होंने बताया की हम यात्रा क्षेत्र में और केदारनाथ मंदिर परिसर में चारों ओर रोजाना चालान काट रहे हैं। उन्होंने यहां आने वाले तीर्थयात्रियों से हुड़दंग न मचाने का आग्रह किया तथा तीर्थ की मर्यादा का पालन करते हुए यहां की पवित्रता बनाए रखने की अपील की।



### 2021 में शुरू हुआ था ऑपरेशन मर्यादा

चारधाम यात्रा के मद्देनजर इस बार ऑपरेशन मर्यादा 29 अप्रैल को शुरू किया गया था। दरअसल, उत्तराखंड पुलिस ने वर्ष 2021 में ऑपरेशन मर्यादा शुरू किया था, इसके तहत तीर्थों और इसके आसपास अमर्यादित व्यवहार करने वालों पर कार्रवाई की जाती है। उल्लेखनीय है,गर्मी के प्रकोप से बचने और चारधाम यात्रा और दर्शन के लिए तीर्थयात्री और पर्यटक बड़ी संख्या में उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। देवभूमि उत्तराखंड की मर्यादा और पवित्रता को बनी रहे और लोगों की यात्रा भी सकुशल हो इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। इसके चलते रुद्रप्रयाग में भी केदारनाथ धाम यात्रा 2024 के सुचारू संचालन के लिए पुलिस ने ऑपरेशन 'मर्यादा' की शुरुआत की है।



### हुड़दंगी यात्रियों के वीडियो वायरल

उत्तराखंड में 22 अप्रैल से चारधाम यात्रा शुरू हो गई है और हर दिन हजारों की संख्या में प्रदेश में यात्रियों के आने का सिलसिला जारी है, लेकिन इन्ही यात्रियों में कुछ हुड़दंगी यात्रियों के वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। वे धार्मिक स्थलों में न केवल गंदगी फैला रहे हैं, बल्कि मादक पदार्थों का सेवन भी कर रहे हैं। हुड़दंगियों पर कार्रवाई करने के लिए उत्तराखंड पुलिस ने ऑपरेशन मर्यादा शुरू किया है। इस ऑपरेशन में धार्मिक स्थलों पर गंदगी फैलाने, हुड़दंग करने वाले और मादक पदार्थों का सेवन करने वालों के खिलाफ पुलिस चालान के साथ-साथ मुकदमा भी दर्ज कर रही है।

## खबर संक्षेप

### नेपाल-भारत की सीमा का समाधान संभव



**काठमांडू।** नेपाल के विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने विश्वास व्यक्त किया है कि कूटनीतिक वार्ता के जरिए ही भारत के साथ चली आ रही समस्याओं का समाधान हो सकता है। कूटनीतिक संवाद के जरिए हल होने वाली समस्याओं का दूसरा या तीसरा विकल्प नहीं ढूंढ़ा जाना चाहिए। नेपाल के विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित सेमिनार में विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने कहा कि समस्याओं के लिए दोनों देश जिम्मेदार नहीं है।

### जासूसी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** एनआईए ने एक श्रीलंकाई और एक पाकिस्तानी नागरिक की संलिप्तता वाले जासूसी मामले में फरार एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी जमानत पर बाहर आने के बाद से फरार था। नूरुद्दीन उर्फ रफी को एनआईए की एक टीम ने कर्नाटक के मैसूर के राजीव नगर इलाके से गिरफ्तार किया। आरोपी पर पांच लाख रुपए का नकद इनाम था। गिरफ्तारी के बाद घर की भी तलाशी ली गई और वहां से मोबाइल फोन, लैपटॉप, पेन ड्राइव और एक ड्रोन सहित कई चीजें बरामद की गईं।

### इंडोनेशिया में बाढ़ के मलबों से 52 शव मिले



**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप में बाढ़ की तबाही से मरने वालों की संख्या बढ़कर 52 हो गई है। बचावकर्मियों ने बाढ़ प्रभावित गांवों में मलबे में लोगों की तलाश जारी रखी। मरने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। मानसून की भारी बारिश, भूस्खलन और माउंट मेरापी से निकले लावे ने शनिवार आधी रात से ठीक पहले पश्चिमी सुमात्रा प्रांत के चार जिलों में कहर बरपा दिया था। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने कहा कि बाढ़ में बड़ी संख्या में लोग बह गए और घर व इमारतें जलमग्न हो गईं। 3,300 से अधिक लोगों को अस्थायी सरकारी सहायता केंद्रों में जाना पड़ा है। मुहारी ने कहा कि मंगलवार तक मलबे से 52 शवों को निकाला जा चुका है।

## अमेरिका की टिप्पणी पर भारत का जवाब

# संकीर्ण सोच के साथ बयान दे रहा है अमेरिका : जयशंकर



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने ईरान के साथ चाबहार बंदरगाह के लिए समझौते पर अमेरिका की तरफ से की जाने वाली टिप्पणी पर कहा कि अमेरिका जैसी महाशक्ति की सोच अगर संकीर्ण होती है तो असर व्यापक हो सकता है। अमेरिका कल तक जिस चाबहार बंदरगाह को गेम चेंजर बता रहा था, अफगानिस्तान से निकलने के बाद उसके लिए हुई डील पर भड़क रहा है। यह साफ-साफ छोटी सोच का ही नतीजा है, व्यापक हित की दृष्टि तो बिल्कुल नहीं। दरअसल इस समझौते के तुरंत बाद ही अमेरिका ने चेतावनी दी कि कोई भी तेहरान के साथ व्यापारिक सौदे करने के लिए विचार बना रहा है तो, उसे संभावित प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है।

### 10 साल के समझौते पर हस्ताक्षर किए

भारत ने ईरान के साथ चाबहार बंदरगाह के प्रबंधन के लिए 10 साल के समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह कॉन्ट्रैक्ट इंडिया पोर्ट ग्लोबल लिमिटेड (आईपीजीएल) और ईरान के बंदरगाह और समुद्री संगठन (पीएमओ) के बीच किया गया है। इस महत्वपूर्ण समझौते के बाद अब ईरान का चाबहार बंदरगाह अगले दस सालों तक भारत का हो गया है। भारत के इस कदम से देश को मध्य एशिया के साथ कारोबार बढ़ाने में मदद मिलेगी। गौरतलब हो, चाबहार बंदरगाह परियोजना का विकास भारत-ईरान की एक प्रमुख परियोजना है। ईरान स्थित चाबहार बंदरगाह क्षेत्र और विशेष रूप से मध्य एशिया के लिए वाणिज्यिक पारगमन केन्द्र है।

### अमेरिका की तरफ से प्रतिबंध की धमकी

विदेश मंत्री एस जयशंकर अपनी पुस्तक 'व्हाई भारत मैटर्स' के बांग्ला संस्करण के विमोचन समारोह में बोल रहे थे। कोलकाता में आयोजित पुस्तक विमोचन समारोह में जयशंकर से ईरान के साथ चाबहार पोर्ट के लिए हुई डील पर अमेरिका की तरफ से प्रतिबंध की धमकी दिए जाने पर सवाल पूछा गया। इस पर विदेश मंत्री ने सीधा और साफ जवाब दिया। चाबहार बंदरगाह पर अमेरिका की टिप्पणी पर जयशंकर ने कहा कि मैंने कुछ टिप्पणियां देखीं जो की गई थीं, यह संवाद करने, समझाने और लोगों को यह समझाने का सवाल है कि यह वास्तव में सभी के लाभ के लिए है।

## केंद्रीय मंत्री शाह ने पीओके और कश्मीर में बताया अंतर

# कश्मीर में 2.11 करोड़ टूरिस्टों ने रिकॉर्ड बनाया उधर पीओके में आटे का भाव छू रहा है रिकॉर्ड



**शाह ने ये भी कहा**

पीओके भारत का है और हम उसे लेकर ही

पहले कश्मीर में आजादी के नारे लगते थे, अब पीओके

घुसपैठ और सीएए के तहत नागरिकता की गारंटी के

*अमित शाह ने कहा कि ममता बेनर्जी और कांग्रेस-सिंडिकेट कहती है कि धारा 370 को मत हटाओ। मैंने संसद में पूछा कि क्यों न हटाएं तो उन्होंने कहा कि खून की नदियां बह जाएंगी। 5 साल हो गए खून कि नदियां छोड़ो किसी की कंकड़ चलाने की भी हिम्मत नहीं है।*

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के हुगली में श्रीरामपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेता, प्रमुख स्टार प्रचारक और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 2 करोड़ 11 लाख टूरिस्टों ने कश्मीर में जाकर रिकॉर्ड बनाया हैं जबकि पाक अधिकृत कश्मीर में आटे के भाव ने रिकॉर्ड बनाया है।

शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी और कांग्रेस-सिंडिकेट कहती है कि धारा 370 को मत हटाओ।

### परिवारवाद पर बोला हमला

अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के लोगों से कहा इस चुनाव में एक ओर परिवारवादी पार्टियां हैं। जिसमें ममता बेनर्जी अपने भतीजे को, शरद पवार अपनी बेटी को, उद्धव ठाकरे अपने बेटे को, स्टालिन अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं और सोनिया गांधी, राहुल बाबा को पीएम बनाना चाहती हैं। वहीं दूसरी ओर गरीब चाय वाले के घर में जन्में इस देश के महान नेता नरेंद्र मोदी जी हैं। एक ओर थोड़ी गर्मी बढ़ते ही थाईलैंड छुट्टी मनाने जाने वाले राहुल बाबा हैं। दूसरी ओर 23 साल से दीपावली के दिन भी सेना के जवानों के साथ मिठाई खाने वाले नरेंद्र मोदी जी हैं।

### कश्मीर में कंकर तक फेंकने की हिम्मत नहीं

मैंने संसद में पूछा कि क्यों न हटाएं तो उन्होंने कहा कि खून की नदियां बह जाएंगी। 5 साल हो गए खून कि नदियां छोड़ो किसी की कंकड़ चलाने की हिम्मत नहीं है। उन्होंने कहा कि जब इंडी गठबंधन का शासन था तो हमारे कश्मीर में हड़तालें होती थीं। आज पीओके में हड़ताल होती है। पहले कश्मीर में आजादी के नारे लगते थे, अब पीओके में नारेबाजी होती है। जनसभा में अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी, आपको डरना है तो डरते रहिए, ममता बेनर्जी आपको डरना है तो डरते रहिए लेकिन मैं आज श्रीरामपुर की धरती से कहता हूं कि ये पीओके भारत का है और हम उसे लेकर रहेंगे।

### गारंटी की है लड़ाई

बंगाल को 9 लाख, 25 हजार करोड़ रुपए दिए लोगों को सम्बोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि यह इंडी गठबंधन की 'चाईनीज गारंटी' और मोदी जी के ठोस वादों के बीच की लड़ाई है। यह घुसपैठ और सीएए के तहत नागरिकता की गारंटी के बीच की लड़ाई है। यह 'वोट फॉर विकास' और 'वोट फॉर जिहाद' के बीच लड़ाई है, चुनाव तुम्हारा है। शाह ने आगे कहा कि नरेंद्र मोदी जी ने बंगाल के विकास के लिए ढेर सारे कार्य किए हैं। मैं ममता दीदी से पूछना चाहता हूं कि 10 साल तक आपके लोग सोनिया-मनमोहन सिंह की सरकार में मंत्री रहे। लेकिन सोनिया-मनमोहन सिंह की सरकार ने बंगाल के विकास के लिए क्या किया।

### पाक ने दी गीदड़भभकी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक रैली में विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए पाकिस्तान को 'चूड़ियां पहनाने' वाला बयान दिया था, जिस पर पाकिस्तान बौखला गया। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी और अन्य मंत्री पाकिस्तान पर टिप्पणी न करें। प्रवक्ता ने कहा कि ये बयान पाकिस्तान के प्रति नफरत को दिखाते हैं। इनसे स्पष्ट होता है कि जानबूझकर बयानों से नेता चुनावी लाभ लेना चाहते हैं। पाकिस्तान अपनी संप्रभुता और अपनी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करना जानता है। पाकिस्तान ने पहले भी अपनी रक्षा करने के संकल्प को दिखाया है।

### सटीक अदालती खबरों को लाने में भारत के पत्रकार अग्रणी: सीजेआई

**रियो-डि जेनेरो।** देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ जी-20 देशों के सुप्रीम कोर्ट के प्रमुखों के जे20 सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील के शहर रियो-डि जेनेरो गए हुए हैं। शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीजेआई ने भारतीय पत्रकारों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि गलत सूचनाओं के रोकने और कानूनी कार्यवाही की गलतफहमी को दूर कर सटीक अदालती समाचारों को सबके सामने लाने में भारत के कानूनी पत्रकार बखूबी भूमिका निभा रहे हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि भारतीय अदालतें लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना के लिए संकट के समय में भी न केवल अहम भूमिका निभाई हैं बल्कि तकनीक का इस्तेमाल कर अदालतों को सर्वसुलभ बनाया है।

### भारत-यूएई के बीच प्रवासी भारतीयों के लिए श्रम, वीजा, नागरिकता मुद्दों पर की संयुक्त समिति ने की चर्चा, समझौतों को देंगे अंतिम रूप

**नई दिल्ली।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने दोनों देशों के बीच लोगों के आपसी संपर्क को बढ़ावा देने के तरीकों के अलावा प्रवासन और आवागमन से संबंधित समझौतों को शीघ्र अंतिम रूप देने पर चर्चा की है। मंगलवार को राजनयिक मामलों की संयुक्त समिति (जेसीसीए) की पांचवीं बैठक आयोजित की गई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने इस बैठक में श्रम, वीजा, प्रवासन, नागरिकता और प्रत्यर्पण सहित अन्य मुद्दों पर समन्वय और सहयोग को मजबूत करने के तंत्र पर व्यापक चर्चा की। मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने पारस्परिक हित के अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की, जिसमें लोगों के बीच बेहतर संपर्क को बढ़ावा देने के लिए वीजा सुविधा और प्रवासन तथा आवागमन से संबंधित समझौतों को जल्द पूरा करना शामिल है।

## तंगहाल पाक के नागरिक 91 हजार करोड़ की संपत्ति के मालिक

# भारत के 30 हजार लोगों के पास दुबई में 1.42 लाख करोड़ की प्रॉपर्टीज

एजेंसी ▶▶ दुबई

दुनियाभर के अमीरों में दुबई में प्रॉपर्टी खरीदने का क्रेज लगातार बढ़ रहा है। भारत के 29 हजार 700 लोगों के पास दुबई में 35 हजार प्रॉपर्टीज हैं। इनकी कीमत 1.42 लाख करोड़ रुपए है। सेंटर फॉर एडवांस डिफेंस स्टडीज को मिले डेटा के आधार पर 58 देशों के 74 मीडिया हाउस ने यह रिपोर्ट तैयार की है।

रिपोर्ट को 'दुबई अनलॉक्ड' नाम दिया गया है। इसमें 2020-22 तक दुबई में विदेशियों की संपत्ति की डीटेल साझा की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस लिस्ट सबसे ऊपर भारतीयों का नाम है। संपत्ति के मामले में दूसरे नंबर पर पाकिस्तान है। यहां के 17 हजार लोग करीब 23 हजार प्रॉपर्टीज के मालिक हैं। इनकी कुल कीमत 91.8 हजार करोड़ है। सूची में तीसरे नंबर पर ब्रिटेन और चौथे पर सऊदी अरब के नागरिक हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी



के पास दुबई में 2 हजार करोड़ की संपत्ति है। वहीं लुलु ग्रुप के चेयमैन एमए यूसुफ अली और उनके परिवार के पास 585 करोड़ की प्रॉपर्टी है। इस लिस्ट में अरबपति गौतम अडाणी के भाई का भी नाम है। इसके अलावा बॉलीवुड स्टार्स जैसे शाहरुख खान, अनिल कपूर और शिल्पा शेट्टी भी दुबई में करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं।

### जरदारी को मिला था 2.74 हजार करोड़ का पेंटहाउस

इनमें दुनियाभर में भ्रष्टाचार के आरोपी राजनेता, सेलेब्रिटीज, बिजनेसमैन के अलावा ऐसे लोग भी शामिल हैं, जिन पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। आर्थिक तंगहाली से जूझ रहे पाकिस्तान में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से लेकर पूर्व सेना प्रमुख जनरल परवेज मुशर्रफ तक का नाम इस लिस्ट में शामिल है। मार्च 2014 में अब्दुल गनी माजिद नाम के व्यक्ति ने दुबई का एक पेंटहाउस जरदारी को तोहफे में दिया था। इसकी कीमत तब 2.74 हजार करोड़ रुपए थी। बाद में राष्ट्रपति ने यह संपत्ति अपनी बेटी को तोहफे में दे दी।जरदारी के बेटे और पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के पास भी दुबई में प्रॉपर्टी है।

## बायोमास का उपयोग हरित बायोहाइड्रोजन का उत्पादन करने के लिए किया जाएगा



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरित बायोहाइड्रोजन उत्पादन और बायोएनर्जी उत्पादन के लिए बंजर भूमि पर बायोमास खेती पर चर्चा करने के लिए बुधवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बायोमास खेती के लिए निम्नीकृत और बंजर भूमि के उपयोग का पता लगाने के लिए प्रमुख हितधारक सरकारी मंत्रालयों, ज्ञान भागीदारों और अनुसंधान संस्थानों को एक साथ लाया गया। इस बायोमास का उपयोग हरित बायोहाइड्रोजन का उत्पादन करने के लिए किया जाएगा, जिससे बायोमास से हरित हाइड्रोजन उत्पादन को बढ़ाने के लिए एक कार्य योजना तैयार करने पर विचार-विमर्श किया गया।

### रोडमैप की रणनीति जरूरी

*भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) प्रोफेसर अजय कुमार सूद ने कहा कि राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन का एक उद्देश्य बायोमास-आधारित हरित बायोहाइड्रोजन उत्पादन के लिए केंद्रित पायलट योजना शुरू करना है। इसलिए देश के बायोमास खेती से संबंधित इकोसिस्टम को समझना महत्वपूर्ण है। प्रो. सूद ने इस बात पर प्रकाश डाला कि बैठक का उद्देश्य बायोमास और बंजर भूमि की उपलब्धता पर इनपुट इकट्ठा करना, बायोमास खेती में अंतराल और चुनौतियों की पहचान करना और हरित हाइड्रोजन उत्पादन के लिए निम्नीकृत भूमि का उपयोग करने के लिए एक रोडमैप की रणनीति बनाना है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109